CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

मुरादाबाद, बुधवार 21 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 158 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 2 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मनरेगा गरीब-मजदूर के स्वाभिमान से जुड़ा कार्यक्रम: राहुल गांधी पेज 2





ओलंपिक मेडलिस्ट सायना नेहवाल ने संन्यास लिया खेल टाइम्स



ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान सम्पादकीय



यूएस में ट्रम्प के खिलाफ बगावत के सुर हुए तेज पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी को दादा फिरोज गांधी का खोया लाइसेंस मिला

**रायबरेली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली दौरे पर थे। राहुल को उनके दादा और पूर्व सांसद फिरोज गांधी का दशकों पहले खोया हुआ ड्राइविंग लाइसेंस सौंपा गया। जिसे देखकर राहुल भावुक हो उठे। राहुल ने लाइसेंस को बड़े गौर से देखा और तुरंत उसकी तस्वीर अपने मोबाइल से अपनी मां सोनिया गांधी को व्हाट्सएप के जरिये भेजी। लाइसेंस को रायबरेली में एक परिवार ने सहेज कर रखा था। राहुल ने मंगलवार को रायबरेली प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। आयोजन समिति के सदस्य विकास सिंह ने राहुल गांधी को मंच पर फिरोज गांधी का लाइसेंस सौंपा। विकास सिंह ने बताया कि कई साल पहले रायबरेली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उनके ससुर को यह ड्राइविंग लाइसेंस मिला था।

### यूपी के 10 शहरों में घना कोहरा छाया, उत्तराखंड के औली में पारा माइनस 8 डिग्री

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी इलाकों में मंगलवार को भी मौसम में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। उत्तर प्रदेश के 10 शहरों में मंगलवार को भी कोहरा छाया रहा। आगरा में ताजमहल धुंध में छिप गया है। अगले 5 दिन तक यहां भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। लखनऊ, बाराबंकी, हाथरस समेत 5 शहरों में बारिश हुई, जबकि अलीगढ़ और लखीमपुर खीरी में एक दिन पहले ओले भी गिरे। उत्तराखंड के पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में नदी-नाले और झरने जम चुके हैं। औली में पारा माइनस 8 डिग्री तक पहुंच गया है, जिसके कारण पानी जमने लगा है।

### अनाधिकृत रूप से किया उच्च न्यायालय परिसर में प्रवेश, उपनिरीक्षक निलंबित

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के परिसर में मंगलवार को अनाधिकृत रूप से प्रवेश करने और एक मामले की विवेचना के दौरान अधिवक्ताओं से विवाद बढ़ाने के आरोप में थाना काकोरी में तैनात उपनिरीक्षक ताराचंद सिंह को निलंबित कर दिया गया है। मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस विभाग ने उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी प्रस्तावित की है। निलंबन की अवधि में उपनिरीक्षक को रिजर्व पुलिस लाइन कमिश्नरेट लखनऊ से संबद्ध किया गया है।

### ईडी ने सबरीमाला मंदिर सोने के घोटाले में छापेमारी की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोच्चि क्षेत्रीय कार्यालय ने मंगलवार को केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में 21 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। ये छापेमारी सबरीमाला मंदिर से जुड़े सोने और अन्य संपत्तियों की कथित गबन से संबंधित हैं। ईडी की इस छापेमारी का उद्देश्य अपराध से अर्जित धन का पता लगाना, लाभार्थियों की पहचान करना, आपत्तिजनक दस्तावेज़ों और डिजिटल साक्ष्यों को जब्त करना तथा धन शोधन के पूरे पैमाने का आकलन करना था।

# सहारनपुर में अमीन ने परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर जान गंवाई

**सहारनपुर-एजेंसी/ब्यूरो।** सहारनपुर जिले के सरसावा थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक अमीन ने कथित रूप से परिवार के चार सदस्यों की हत्या कर खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सभी के शव एक कमरे में पड़े मिले हैं।

पुलिस का अनुमान है कि अवसाद और घरेलू क्लेश के चलते घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस वारदात के कारणों की जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार तड़के तीन और चार बजे के बीच अमीन अशोक राठी (40) ने अपनी मां विद्यावती (70), पत्नी अंजलि (37), दो बेटों कार्तिक (16) और देव (13) की देशी तमंचों से नजदीक से गोली मारकर हत्या कर दी और खुद भी कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर डीआईजी अभिषेक सिंह, डीएम मनीष बंसल, एसएसपी आशीष तिवारी, एसपी देहात सागर जैन, सीओ नकुड़ रूचि गुप्ता मौके पर पहुंचे। एसएसपी आशीष तिवारी ने मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों को घटना के बारे में शुरुआती जानकारी देते हुए बताया कि अशोक राठी ने गांव सडौली नकुड़ निवासी अपनी बहन मोहिनी को तड़के 3.12 मिनट पर वॉइस मैसेज भेजकर बताया कि वह इस घटना को अंजाम देने जा रहा है। पुलिस ने मोहिनी का मोबाइल कब्जे में ले लिया है, जिसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। मौके पर इन पांचों जनों के शव घर के एक ही कमरे में पड़े मिले और अशोक राठी के दाएं हाथ की ओर गोलियों से भरे तीन देशी तमंचे पड़े मिले। पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने बताया कि इस मामले की जानकारी सबसे पहले सरसावा में ही रहने वाली अशोक राठी की बहन को मिली, जिनके पति अन्य लोगों को लेकर अशोक राठी के मकान पर पहुंचे। दरवाजा भीतर से बंद था। सीढ़ी की मदद से वे लोग मकान की पहली मंजिल पर किचन के रोशनदान की जाली तोड़कर किसी तरह अंदर घुसे तो उन्होंने मकान के एक कमरे में इन पांचों लोगों के शव रक्तरंजित पड़े देखे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि पुलिस ने पांचों शवों का पंचनामा कराकर -शेष पृष्ठ दो पर



अशोक राठी (फाइल फोटो)



विद्यावती (फाइल फोटो)



अंजलि (फाइल फोटो)



कार्तिक (फाइल फोटो)



देव (फाइल फोटो)

- सभी के शव एक कमरे में पड़े मिले
- अवसाद और घरेलू क्लेश के चलते घटना को दिया गया अंजाम

# हमारी टिप्पणियां मजाक नहीं, मौत मामले में डॉग फीडर्स भी जिम्मेदार

## आवारा कुत्तों के हमलों पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के हमलों पर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है।

कोर्ट ने कहा कि पिछली सुनवाई की हमारी टिप्पणियों को मजाक समझना गलत होगा। हम गंभीर हैं। कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा, क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता सामने आई है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि कोर्ट निजी पक्षों की दलीलें पूरी करके आज ही सुनवाई खत्म करना चाहती है। इसके बाद राज्यों को एक दिन का मौका दिया जाएगा। मामले में अगली सुनवाई 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे होगी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी के वकील राजू रामचंद्रन से सवाल किया कि आप कोर्ट को संयम बरतने को कह रहे हैं, लेकिन क्या आपने देखा है कि आपकी मुवक्किल (मेनका गांधी) किस तरह के बयान दे रही हैं? उनके पाडकास्ट और बॉडी लैंग्वेज तक पर सवाल उठते हैं। कोर्ट ने कहा कि मेनका गांधी ने अदालत के आदेशों को लेकर बिना सोचे-समझे टिप्पणियां की हैं, जो अवमानना के दायरे में आती हैं। हालांकि बेंच अपनी उदारता के चलते कोई कार्यवाही शुरू नहीं कर रही है। जस्टिस संदीप मेहता ने सवाल किया कि जब मेनका गांधी केंद्रीय मंत्री थीं, तब उन्होंने आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का बजटीय प्रावधान तय किया। इस पर रामचंद्रन ने कहा कि बजट नीति का विषय है। उन्होंने अजमल कसाब जैसे मामलों में भी पैरवी की है। रामचंद्रन की टिप्पणी पर जस्टिस विक्रम नाथ ने सख्त लहजे में कहा कि अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की थी, लेकिन आपकी मुवक्किल ने की है। मंगलवार की सुनवाई में पीड़ितों की ओर से एडवोकेट हर्ष जैदका, डॉग लवर्स/एनजीओ की ओर से एडवोकेट प्रशांत भूषण, मेनका गांधी की ओर से सीनियर एडवोकेट राजू रामचंद्रन दलीलें दे रहे थे। बेंच ने आदेश दिया कि व्यक्तियों और एनजीओ की ओर से दलीलें पूरी हो चुकी हैं। मामला 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे लिस्ट किया जाए।

- शीर्ष अदालत ने कहा: हर जगह स्थानीय प्रशासन फेल, मेनका गांधी पर नाराजगी जताई

### ईडी की याचिका दायर करने के अधिकार पर विचार करेगा कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालयों में रिट याचिकाएं दायर करने के लिए एक न्यायिक व्यक्ति की हैसियत से ईडी के अधिकारों पर विचार करने के लिए मंगलवार को सहमति जताई। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने केरल और तमिलनाडु सरकारों की ओर से दायर अपीलों पर ईडी को नोटिस जारी किया। इन अपीलों में केरल उच्च न्यायालय के 26 सितम्बर 2025 के आदेश को चुनौती दी गई है थी।



### पंजाब केसरी समूह को पंजाब सरकार की दंडात्मक कार्रवाई से दी अंतरिम राहत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 'पंजाब केसरी' अखबार के प्रकाशन में बाधा डालने वाली पंजाब सरकार की किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मीडिया समूह ने आरोप लगाया था कि प्रतिकूल रिपोर्टिंग के कारण 'आप' के नेतृत्व वाली राज्य सरकार उसे चुनिंदा रूप से निशाना बना रही है। पीठ ने मंगलवार को पंजाब केसरी समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी की दलीलों को सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश पारित किया।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की मौत मामले में बिल्डर गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 150 में पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबकर 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एमजेड विशटाउन प्रोजेक्ट के बिल्डर अभय कुमार को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई, जिसके कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ।

पुलिस ने बताया कि घटना के समय इलाके में घना कोहरा था और दृश्यता बेहद कम थी। इसी दौरान युवराज की कार निर्माणाधीन साइट के पास बने पानी से भरे गहरे गड्ढे में जा गिरी। मौके पर न तो बैरिकेडिंग थी, न रिफ्लेक्टर और न ही कोई चेतावनी संकेत, जिससे चालक को खतरे का अंदाजा हो सके। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जांच में सामने आया है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के बुनियादी इंतजाम नहीं किए गए थे। पुलिस ने इस आधार पर एमजे विशटाउन के बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार किया है। साथ ही निर्माण कंपनियों एम. जेड विशटाउन प्लानर्स लिमिटेड और लोटस ग्रेंस कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या सदोष मानव हत्या के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत हादसे के बाद नोएडा प्राधिकरण ने भी सख्त कदम उठाए हैं। एक जूनियर इंजीनियर को बर्खास्त कर दिया गया है, जबकि कई अन्य अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। प्राधिकरण की ओर से कहा गया है कि जिम्मेदारी तय कर आगे और कार्रवाई की जाएगी। मेरठ अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) भानु भास्कर और लोक निर्माण विभाग चीफ इंजीनियर तथा अन्य पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम साइट पर सुरक्षा उपायों की कमी, मानकों के उल्लंघन और जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका की गहन जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जांच उपरांत समस्त रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी जाएगी। इस हादसे ने एक बार फिर निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी और प्रशासनिक निगरानी की कमी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



- प्राधिकरण पर भी गिरी गाज, पुलिस बोली: निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी की गई

# तमिलनाडु के राज्यपाल ने फिर किया सदन से बहिर्गमन

**चेन्नई।** सत्ताधारी द्रमुक के साथ चल रही तकरार के बीच तमिलनाडु विधानसभा के नए साल का सत्र मंगलवार को हंगामेदार तरीके से शुरू हुआ। राष्ट्रगान न गाए जाने पर राज्यपाल आरएन रवि ने एक बार फिर अपना पारंपरिक संबोधन छोड़ दिया और बहिर्गमन कर गए।

राज भवन से बाद में जारी स्पष्टीकरण में कहा गया कि राज्यपाल ने अपना संबोधन इसलिए छोड़ दिया, क्योंकि इसमें कई अप्रमाणित और भ्रामक दावे थे और कई गंभीर सार्वजनिक मुद्दों की उपेक्षा की गई थी। जब वह सत्रा के लिए राज्य सचिवालय पहुंचे तो राज्यपाल का गर्मजोशी से स्वागत हुआ और अध्यक्ष एम. अप्पावु और विधानसभा सचिव एम. श्रीनिवासन ने शॉल और गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष के आसन संभालने के बाद मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, मंत्रियों, विपक्ष के नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी और दूसरे सदस्यों से 'तमिल थाई वाज्थु' (मां तमिल की स्तुति) के बाद, राज्यपाल अपना भाषण देने के लिए खड़े हुए। तैयार अभिभाषण पढ़ने के बजाय उन्होंने इस बात की ओर इशारा किया कि सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान नहीं गाया गया और 'गुस्से' में वह सदन से बाहर चले गए। यह लगातार चौथा वर्ष था, जब राज्यपाल ने ऐसा कदम उठाया है। वर्ष 2023 में अपने अभिभाषण में 'द्रविड़म' शब्द और अन्य नेताओं के संदर्भों को छोड़ने के बाद उन्होंने 2024 और 2025 में भी अपने अभिभाषण की शुरुआत से पहले राष्ट्रगान न गाए जाने का हवाला देते हुए सदन से वॉक आउट किया था। इसके बाद से सरकार और राज भवन के बीच 'शीतयुद्ध' की स्थिति बनी हुई है। श्री स्टालिन ने बाद में एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें कहा गया कि सरकार की ओर से तैयार अभिभाषण ही विधानसभा के रिकॉर्ड में दर्ज होना चाहिए और इसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद अध्यक्ष ने अभिभाषण का तमिल संस्करण पढ़कर सुनाया और सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

- सत्र की शुरुआत में राष्ट्रगान न गाए जाने पर गुस्साए रवि

### चौंका रही चांदी की चाल, एक दिन में 10 हजार बढ़े दाम

**नई दिल्ली।** वैश्विक भू- राजनीतिक तनाव और सुरक्षित निवेश की मांग के बीच भारतीय सर्राफा बाजार में ऐतिहासिक तेजी का दौर जारी है। मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने और चांदी ने नए रिकॉर्ड स्तरों को छू लिया। बाजार के लिए सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा चांदी की चाल रही है। जिस चांदी को एक लाख रुपये प्रति किग्रा से दो लाख रुपये तक पहुंचने में 14 महीने का वक्त लगा था, उसने दो लाख से तीन लाख रुपये का सफर महज एक महीने में ही तय कर लिया। सोमवार को तीन लाख प्रति किग्रा का स्तर पार करने के बाद मंगलवार को चांदी 3.20 लाख प्रति किलोग्राम के भाव के करीब पहुंच गई। वहीं, सोना 1.48 लाख के पार चला गया है।

# दिल्ली-एनसीआर से ग्रैप-4 हटा

**नई दिल्ली।** दिल्ली और आसपास के एनसीआर इलाकों में वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की सब-कमेटी ने ग्रैप के चरण चार को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है।

सीएक्यूएम की ओर से आधिकारिक जानकारी के अनुसार, 18 जनवरी को दिल्ली का औसत एक्यूआई 440 था, जो 19 जनवरी को घटकर 410 और 20 जनवरी को 378 दर्ज किया गया। मौसम में सुधार और हवा की रफ्तार बढ़ने से प्रदूषण के स्तर में कमी आई है। मौसम विभाग और आईआईटीएम के पूर्वानुमान के मुताबिक आने वाले दिनों में एक्यूआई इसी स्थिति में ही रहने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए, सब-कमेटी ने ग्रैप के चरण चार तहत लगाए गए सख्त प्रतिबंधों को हटाने का निर्णय लिया। हालांकि, ग्रैप एक, दो और तीन के तहत सभी उपाय पहले की तरह लागू रहेंगे।

- अब ग्रैप-3 लागू हुआ, लोगों को मिली बड़ी राहत
- पर जारी रहेंगी पाबंदियां

### शेयर बाजारों में निवेशकों के डूबे 9,43,793 करोड़

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को हुई भारी बिकवाली के कारण निवेशकों को 9,43,793 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। कारोबार की समाप्ति पर घरेलू कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण घटकर 4,55,76,004 करोड़ रुपये रह गया जो 30 सितम्बर 2025 के बाद का निचला स्तर है। यह सोमवार को 4,65,19,797 करोड़ रुपये था। इस प्रकार बाजार पूंजीकरण में 9,43,793 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स मंगलवार को 1065.71 अंक गिरकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ।

# मोदी ने नितिन नबीन की पीठ थपथपाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नितिन नबीन भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में मंगलवार को इसका आधिकारिक ऐलान हुआ। इसके बाद पीएम मोदी उन्हें पार्टी अध्यक्ष के दफ्तर लेकर गए।

हाथ पकड़कर पार्टी अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया। मिठाई खिलाई और उनके परिवार से भी मिले। भाजपा मुख्यालय में नितिन नबीन ने पीएम मोदी का स्वागत किया। उनके साथ पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। इस दौरान भाजपा-एनडीए राज्यों के मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद थे। चुनाव प्रभारी द्वारा निर्वाचन पत्र सौंपे जाने के बाद पीएम मोदी ने नितिन नबीन को माला पहनाकर बधाई दी। पीएम मोदी नितिन को अध्यक्ष के ऑफिस लेकर पहुंचे। उनका हाथ पकड़कर कुर्सी पर बिठाया। 45 साल के नबीन सबसे कम उम्र के भाजपा अध्यक्ष चुने गए हैं। चुनाव प्रक्रिया 19 जनवरी को दिल्ली भाजपा मुख्यालय में हुई थी। नबीन ने नियुक्ति पत्र पर दस्तखत किए। पीएम मोदी ने उनकी पीठ थपथपाई। पीएम ने स्पीच में भी कहा था कि नितिन ऐसे दौर के हैं, जिसने बचपन में रेडियो पर खबरें सुनीं और आज एआई का इस्तेमाल करना जानते हैं। उनमें युवा जोश और बहुत सारा अनुभव दोनों हैं। नितिन को नई जिम्मेदारी देते हुए पीएम ने उन्हें मिठाई खिलाई। उनके साथ राजनाथ सिंह, अमित शाह, जेपी नड्डा भी मौजूद थे। पदभार ग्रहण करने के दौरान नितिन की पत्नी दीपमाला और उनके बेटे नैतिक और बेटी नित्या भी मौजूद थे। पीएम मोदी उनसे मिले। पीएम ने नितिन की ढाई साल की बेटी नित्या को गोद में उठाकर दुलार किया। नितिन नबीन, मजिंदर सिंह सिरसा और बाकी नेताओं के साथ गुरुद्वारा बंगला साहिब गए।



- भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी पर बिठाया, मिठाई खिलाई और उनके परिवार से भी मिले

## एक नजर

### हल्दौर थाने में वाहनों की नीलामी



**हल्दौर।** थाना परिसर में लंबे समय से खड़े जब्त एवं निरुपयोगी वाहनों की विधिवत नीलामी कराई गई। नीलामी प्रक्रिया में करीब पांच लाख रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई। नीलामी पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया के तहत कराई गई, जिसमें विभिन्न बोलीदाताओं ने भाग लिया। नीलामी के दौरान उपजिलाधिकारी रितु, क्षेत्राधिकारी सिटी संग्राम सिंह तथा थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों की निगरानी में नीलामी संपन्न कराई गई, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना नहीं रही। उपजिलाधिकारी रितु ने बताया कि न्यायालय एवं प्रशासनिक निर्देशों के अनुपालन में थाना परिसर में खड़े जब्त वाहनों की नीलामी कराई गई है। इससे जहां एक ओर थाना परिसर में अनावश्यक रूप से घिरे स्थान को खाली कराया जा सका है, वहीं दूसरी ओर सरकारी राजस्व में भी वृद्धि हुई है। क्षेत्राधिकारी सिटी संग्राम सिंह ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रखी जाएगी, ताकि थानों में वर्षों से खड़े वाहनों का विधिक निस्तारण किया जा सके। थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने नीलामी में सहयोग करने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### संविदा कर्मियों का कार्य बहिष्कार जारी



**धामपुर।** उत्तर प्रदेश विद्युत संविदा कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर शुरू किया गया कार्य बहिष्कार तीसरे दिन भी जारी रहा। संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने बताया कि निगम द्वारा संविदा कर्मचारियों को समय पर मानदेय न मिलने की स्थिति में संबंधित कंपनी पर प्रति कर्मचारी 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया जाता है। आरोप है कि यह राशि कंपनी से तो काट ली जाती है, लेकिन अब तक वह कटी हुई रकम संविदा कर्मचारियों को नहीं दी गई है। इससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी व्याप्त है। कार्य बहिष्कार के दौरान बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी मौजूद रहे, जिससे विद्युत कार्यों पर भी असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन



**स्योहारा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में विकासखंड सभागार स्योहारा के ग्राम प्रधान, वार्ड मेंबर एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों का डिजिटल एवं फाइनेंशियल लिटरेसी विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियो से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म क्या है? उसका उपयोग कैसे करना है पंचायती राज विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल विषय पर चर्चा की। प्रशिक्षक अंजार द्वारा ऑनलाइन सुरक्षा उसका महत्व,ऑनलाइन होने वाली धोखाधड़ी एवं उनसे बचने की रणनीतियां तथा जीपीडीपी और बजट योजनाओं की जानकारी दी गई।

### कपिल सर्राफ का जन्मदिन मनाया

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के नवाब नजीबुदौला मार्केट शाखा के सभी पदाधिकारियों द्वारा संगठन के जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ का जन्मदिन केक काटकर मनाया। सभी व्यापारियों ने कपिल सर्राफ को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनकी लम्बी आयु की कामना की। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, उपाध्यक्ष फरहत खान, उपाध्यक्ष सिताब खान, युवा नगर अध्यक्ष शेख अली, मीडिया प्रभारी दीपान्शु वर्मा, शाखा मंत्री साहिल सैफी, मोनू राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे गुलदार दिखने से दहशत

## खेतों पर जाने से डर रहे किसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** सड़क के किनारे गुलदार की लगातार मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बीती शाम गुलदार दिखाई देने की ताजा घटना के बाद लोगों का डर और बढ़ गया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम कंधला शाहकोट निवासी संजय सैनी पुत्र जबर सिंह ने बताया कि बीती शाम वह ग्राम भिक्कावाला से अपनी ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह रामसाहयवाला की पुलिया के पास पहुंचा, तभी सड़क के किनारे अचानक गुलदार दिखाई दिया। गुलदार को सामने देखकर वह घबरा गया और जान बचाने के लिए तुरंत वापस भिक्कावाला लौट आया। उसने वहां मौजूद लोगों को पूरी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर गांव के कुछ स्थानीय लोग संजय सैनी के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास तलाश की, लेकिन तब तक गुलदार वहां से जा चुका था। इस घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी कई बार क्षेत्र में गुलदार देखे जाने की सूचना मिल चुकी है। गांव के नवनीत राजपूत, नरदेव, महेंद्र सिंह, हरपाल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पिछले काफी समय से गुलदार की गतिविधियां बढ़ी हैं। रात के समय लोग घरों से निकलने में डर रहे हैं और दिन में भी खेतों पर अकेले जाना मुश्किल हो गया है। किसान अपने पशुओं को बाहर चराने से कतरा रहे हैं, वहीं मजदूरों में भी काम पर जाने को लेकर भय बना हुआ है। बच्चों और महिलाओं को लेकर परिजन विशेष रूप से चिंतित हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि गुलदार को जल्द से जल्द पकड़ा जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

इस संबंध में वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि क्षेत्र के आसपास गुलदार होने की लगातार सूचनाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा वन विभाग की प्राथमिकता है। ग्राम प्रधान के आग्रह पर गुलदार को पकड़ने के लिए जल्द ही पिंजरे की व्यवस्था कर दी जाएगी। साथ ही विभाग की टीम क्षेत्र में निगरानी बढ़ाएगी और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

फिलहाल गुलदार की दहशत के बीच ग्रामीण भय के साये में जीने को मजबूर हैं और सभी की नजरें वन विभाग की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## सहकारी भूमि विकास बैंक चुनाव में भाजपा प्रत्याशी राम सिंह राणा निर्विरोध निर्वाचन तय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सहकारी भूमि विकास बैंक शाखा प्रतिनिधि (डेलीगेट) चुनाव को लेकर धामपुर ब्लॉक में राजनीतिक हलचल के बीच चुनावी प्रक्रिया लगभग एकतरफा रही। भाजपा समर्थित प्रत्याशी द्वारा केवल एकल नामांकन पत्र दाखिल किए जाने से उनका निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है।



क्षेत्र के गांव सरकड़ा चकराजमल निवासी राम सिंह राणा के निर्विरोध निर्वाचित होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर भाजपाइयों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और इसे संगठन की एकजुटता और मजबूत पकड़ का परिणाम बताया।

जानकारी के अनुसार सहकारी भूमि विकास बैंक के डेलीगेट पद के लिए धामपुर एवं आकू ब्लॉक से नामांकन प्रक्रिया धामपुर ब्लॉक परिसर में संपन्न कराई गई। निर्धारित समय सीमा तक केवल राम सिंह राणा का ही नामांकन पत्र दाखिल होने के कारण उनका निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह ने बताया कि राम सिंह राणा की निर्विरोध जीत में क्षेत्रीय विधायक अशोक राणा सहित भाजपा पदाधिकारियों की मेहनत और संगठनात्मक मजबूती का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि उनके विरोध में कोई भी प्रत्याशी नामांकन दाखिल नहीं कर सका। वहीं निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधिवत प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत 27 जनवरी को राम सिंह राणा के निर्विरोध निर्वाचन की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुभाष चौहान, दिनेश सैनी, दयाशंकर राणा, संजीव सीटू, मयंक कुमार, नवीन कुमार, विकास सहित अनेक भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### घर से गायब युवती थाने पहुंची

**नहटौर।** घर से गायब हुई एक युवती अचानक थाने पहुंच गई। उसने अपने को बालिग बताते हुए दूसरे सम्प्रदाय के प्रेमी के साथ रहने की बात कही। परिवार के लोग भी थाने पहुंच गए। उन्होंने युवती को समझाने का प्रयास किया।

नहटौर क्षेत्र की एक युवती का गांव के ही दूसरे सम्प्रदाय के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जाता है कि दो दिन पूर्व युवती रात के समय अचानक गायब हो गई थी। युवती के गायब होने पर परिवार के लोग उसे तलाश रहे थे। सोमवार को अचानक युवती थाने पहुंच गई, उसने आप को बालिग बताते हुए दूसरे सम्प्रदाय के अपने प्रेमी के साथ रहने की बात कही। सूचना पर उसके परिवार के लोग भी पहुंच गए। उसे समझाने का प्रयास किया लेकिन युवती अपने प्रेमी के साथ रहने की जिद पर ही अड़ी रही। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि युवती का मेडिकल कराने के बाद ब्यान के लिए कोर्ट में पेश किया गया है।

### कृष्ण-सुदामा मिलन का प्रसंग सुनाया

**धामपुर।** मौहल्ला साहूवान स्थित गोयल भवन पर चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के सातवें दिन की कथा में कृष्ण सुदामा मिलन का प्रसंग सुनाया गया। इस अवसर पर पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि दो मित्रों के बीच मित्रता स्वार्थ रहित होनी चाहिए, जिसका प्रत्यक्ष एवं ज्वलंत उदाहरण हमें भगवान कृष्ण और उनके बाल सखा सुदामा के जीवन से मिलता है। जिसके अंतर्गत अपने बचपन के सखा द्वारिकाधीश भगवान कृष्ण के अलौकिक एवं राजसी ठाठ देखकर भी सुदामा ने मित्रता को प्रभावित न होने देने के लिए उनसे कुछ भी नहीं मांगा। यह अलग बात है कि कृष्ण ने अपने बचपन के सखा की स्थिति और परिस्थिति का हर आंकलन एवं मूल्यांकन करते हुए उन्हें संसार के सुखों से परिपूर्ण कर दिया।कार्यक्रम में नहटौर से पहुंचे भगवान कृष्ण एवं राधा रानी के दरबार के समर्पित एवं निष्ठावान सेवक अनुज कुमार गोयल एवं शिल्पी गोयल ने महाराज श्री को विशेष रूप से तैयार कराई गई माला पहनाकर विशेष सम्मान प्रदान किया।

## पत्नी की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्र में तीन साल पहले पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निजेन्द्र कुमार ने पति जॉनी को दोषी करार दिया है। अदालत ने जॉनी को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई और उस पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत पंवार ने बताया कि ग्राम सदाफल निवासी सोमपाल पुत्र झुंडु सिंह ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 8 जनवरी 2023 की रात को उनका बेटा जॉनी और पुत्रवधू प्रियंका ऊपर के कमरे में सोए हुए थे। सोमपाल नीचे के कमरे में लेटे थे। तभी जॉनी ऊपर से नीचे आया और अपने पिता को बताया कि पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी, जिसमें उसने अपनी पत्नी प्रियंका का गला दबाकर हत्या कर दी। वादी सोमपाल ने जब ऊपर के कमरे में जाकर देखा तो प्रियंका का शव चारपाई पर पड़ा था। मृतका के मुंह के आसपास डंडे और चाकू के निशान भी मौजूद थे। आरोपी ने कबूल किया कि उसने घरेलू सब्जी काटने वाले चाकू से प्रियंका के मुंह पर वार किया था। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा और चाकू पशु बांधने वाली जगह से बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था और उसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। जॉनी तभी से जिला कारागार में बंद है। मामले की छानबीन में खुलासा हुआ कि मृतका प्रियंका की शादी आरोपी जॉनी के भाई दीपक से घटना से नौ साल पहले हुई थी। शादी के चार साल बाद ही दीपक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। रिश्तेदारों के कहने पर प्रियंका की शादी जॉनी से कर दी गई थी। बताया गया कि मृतका के गुस्सैल स्वभाव के कारण पति-पत्नी में अक्सर अनबन रहती थी। लोक अभियोजक ने मामले से जुड़े दस गवाहों को अदालत में पेश किया। अदालत ने सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए अपना फैसला सुनाया और जॉनी को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

### सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य का आकस्मिक निधन

**नजीबाबाद।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के कोषाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा (75 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। जयप्रकाश शर्मा जूनियर हाईस्कूल वंश गोपालपुर से प्रधानाचार्य पद से रिटायर्ड हुए थे। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कक्कड़ तथा कार्यकारिणी सदस्यों व पदाधिकारियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी का सत्संग कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** अंबेडकर धर्मशाला में महिलाओं के मंडल द्वारा संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी का सत्संग श्रद्धा,भक्ति और सामाजिक समरसता के भाव के साथ भव्य रूप से आयोजित किया गया।

मौहल्ला समना सराय में सत्संग कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व अंबेडकर धर्मशाला परिसर को सजाया गया तथा वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ शेरकोट भाजपा मंडल महामंत्री शिवकुमार एवं महामंत्री शुभम बिड़ला, चंद्रप्रकाश चौहान उर्फ बिट्टू, अमिष रस्तोगी उर्फ बोनी तथा योगेंद्र कुमार रस्तोगी द्वारा फीता काटकर किया गया। फीता काटने के पश्चात दीप प्रज्वलन किया गया और गुरु रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी के सत्संग का संचालन सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड, धामपुर सर्किल शेरकोट के डायरेक्टर रणजीत सिंह दारा द्वारा किया गया। सत्संग के दौरान गुरु रविदास जी के जीवन, उनके संघर्ष, भक्ति आंदोलन में योगदान और समाज सुधार के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

### प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सहारनपुर में...** पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और धीरे-धीरे अशोक राठी के सभी सगे संबंधी उनके मकान पर पहुंच गए। एसएसपी तिवारी ने कहा कि पुलिस हर बिंदु की बारीकी से जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस मृतक अशोक राठी के स्वास्थ्य संबंधी मामलों की जानकारी लेने का काम कर रही है। उनका कहना था कि शुरुआती जांच और प्राप्त तथ्यों के आधार पर यह सामूहिक आत्महत्या की घटना है। पुलिस ने मौके से लोडिड तीनों देशी तमंचों को भी कब्जे में लेकर फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर रही है। इस लोमहर्षक घटना से पूरा जनपद ही नहीं, बल्कि प्रदेश सिहर गया। जनपद के आला अफसरों ने घटना की सूचना मुख्यमंत्री समेत गृह सचिव, डीजीपी और संबंधित अफसरों को भेज दी है। पुलिस इस घटना के पीछे कारणों की तलाश में हर एंगल से जुटी है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर (बिजनौर)**

पत्रांक: 939/(1)/न.पा.परि. चांदपुर (2025-26) दिनांक:- 20.01.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत स्थानीय निकायों के निजी आय के स्त्रोतों में वृद्धि हेतु निर्देश प्राप्त होते रहे है। जिसके क्रम में नगर पालिका परिषद चांदपुर बिजनौर की सीमान्तर्गत नेहरू चौक के निकट मौ. मण्डी कोटला वार्ड 12 में निकायों की भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा सब्जी, फल के फड़ लगाकर विक्रय किया जाता है। बोर्ड बैठक दिनांक 06.12.2025 के प्रस्ताव संख्या 68 (6) में प्रति फड़ दरों निर्धारित की गयी है जो निम्नवृत है।

| क्र.सं. | फड़ का क्षेत्रफल फिट में | प्रस्तावित वसूल की जाने वाली धनराशि (प्रतिदिन प्रतिफड़) |
|---|---|---|
| 01 | पचास वर्ग फिट से अधिक वाले फड़ | 300/- |
| 02 | पचास वर्ग फिट से कम वाले फड़ | 200/- |

उपरोक्त निर्धारित दैनिक मुआवजा वसूली हेतु किसी भी विक्रेताओं को कोई आपत्ति है, तो तीन दिवस के भीतर लिखित रूप में नगर पालिका परिषद, चांदपुर में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**कार्यालय अधीक्षक, नगर पालिका परिषद, चान्दपुर (बिजनौर)**

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, चान्दपुर (बिजनौर)**

**अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, चान्दपुर (बिजनौर)**

**प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बिजनौर**

वैवाहिक वाद सं. 735/2025

**शरद कुमार बनाम रूबी रानी**

धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम

शरद कुमार आयु 40 वर्ष पुत्र श्री चन्द्र किरण सिंह निवासी मौ. रईसान, कस्बा हल्दौर, परगना दारानगर, तहसील व जिला बिजनौर, पिन कोड 246726 मो.नं. 9520645343 आधार कार्ड सं. 439315918740

**-पेटिशनर**

**बनाम**

श्रीमती रूबी रानी आयु लगभग 38 वर्ष पत्नी शरद कुमार पुत्री स्व. जय सिंह निवासी ग्राम तेलीपुरा, परगना बूढ़पुर, पोस्ट रवाना, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर, पिन कोड 246735

**-रेस्पोडेन्ट**

**तलाक पेटिशन अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम**

हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 04.02.2026 ई. बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो जो कि जवाब में ऐसे सवालात को दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा को करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेह के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंग, तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक 04.02.2026

**प्रबंधक**

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर**

**न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) बिजनौर**

प्रकीर्ण वाद संख्या 13/2026

1-नईम उम्र करीब 56 वर्ष पुत्र छिद्दू, 2- मौ. अय्यूब पुत्र कमरूद्दीन निवासीगण मौहल्ला मंगू चर्खी, कस्बा व परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जनपद-बिजनौर। 3- फरमान अहमद उम्र करीब 39 वर्ष पुत्र अबरार अहमद निवासी मौहल्ला शेखान शुमाली, कस्बा व परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर। 4- मौ. दाऊद उम्र करीब 38 वर्ष पुत्र बाबू खां, 5- मौ. राशिद उम्र करीब 26 वर्ष पुत्र अब्दुल हकीम निवासीगण मौहल्ला मंगू चर्खी, कस्बा व परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर।

**-वादीगण**

**बनाम**

1- नसीम अहमद उम्र करीब 55 वर्ष पुत्र अब्दुल अजीज निवासी मौहल्ला मिर्दगान, कस्बा व परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर, 2- जावेद हुसैन उम्र करीब 40 वर्ष पुत्र मजाहिर हुसैन निवासी मौहल्ला मंगू चर्खी, कस्बा व परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर। 3-श्रीमती परवीन उम्र करीब 60 वर्ष पत्नी फरीद अहमद निवासी मौहल्ला शेखान दक्षिणी, कस्बा व परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर

**-प्रतिवादीगण**

नोटिस अन्तर्गत धारा आदेश-1 नियम-8 सी.पी.सी.

वादीगण ने उक्त वाद प्रतिवादीगण के विरूद्ध सार्वजनिक सम्पत्ति करीब 67 वर्गगज में खड़ा एक पिलखन का पेड़ स्थित मौहल्ला मंगू चर्खी, कस्बा व परगना नहटौर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर की बाबत हुक्म इम्तनाई (स्टे) दायर किया है। क्योंकि विवादित सम्पत्ति सार्वजनिक सम्पत्ति है। इस कारण ग्रामवासियों की संख्या बहुत अधिक है। सभी को पक्षकार मुकदमा बनाया जाना असंभव है। इस कारण उक्त वाद आदेश-1 नियम-8 सी.पी.सी. के अन्तर्गत दायर किया गया है। यदि कोई ग्रामवासी या अन्य कोई पक्ष वादी एवं प्रतिवादी बन कर अपना पक्ष उक्त वाद में रखना चाहे, तो रख सकता है।

उक्त वाद में दिनांक 06.02. 2026 ई. नियत है। यदि किसी पक्ष को कोई आपत्ति करनी है या पक्षकार मुकदमा बनना है, तो नियत तिथि पर आकर माननीय न्यायालय में अपना पक्ष प्रस्तुत करें।

नियत दिनांक:- 06.02.2026

**प्रबंधक**

**सिविल जज (सी.डि.)**

**बिजनौर (उ.प्र.)**

## एक नजर

### जानवरों ने गन्ने की फसल रौंदी

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र में आमजन को गुलदार व हाथी का खतरा बना हुआ है। क्षेत्र में गुलदार कई बार जंगलों में देखा जा चुका है। वहीं दूसरी ओर हाथी भी किसानों की फसलों को उजाड़ रहे है, अपने पैरों तले फसलों को रौंद रहे है। क्षेत्र के नियामतपुर निवासी ओमपाल सिंह पुत्र तेजपाल सिंह के खेतों में गेहूं व गन्ने की फसल खड़ी हैं। दो दिन पूर्व रात में हाथियों के झुंड ने गेहूं व गन्ने की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया। राजगढ़ रेंजर देव ऋषि सक्सेना का कहना है कि वन विभाग की टीम रात में गश्त कर रही है, जंगली जानवरों को वन क्षेत्र की तरफ भगाया जाएगा। गुलदार से बचाव के लिए भी ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

### चौ. वीर सिंह ने घायल का इलाज कराया



**चांदपुर।** देर रात धनोरा रोड पर स्थित ग्राम बागड़पुर के पास बाइक व ट्रैक्टर की टक्कर हो गई। हादसे में रवि कुमार पुत्र राकेश कुमार मंडी धनौरा जेपीनगर गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मौके पर विवेक व बबलू आदि की मदद से समाजसेवी शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह अपनी टीम के साथ तुरन्त घटनास्थल पहुंचे ओर घायल को डॉ. पुलकित के यहां पहुंचाया और इलाज कराया गया। घायल के परिजन उसे अपने साथ हायर सेंटर ले गये हैं, जहां उसको भर्ती कराया गया हे।

### ऑलम्पियाड परीक्षा शान्तिपूर्वक सम्पन्न



**बुढ़नपुर।** एन.एस. इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सदाफल में प्रधानाचार्या रूचि सिंह के निर्देशानुसार हिन्दुस्तान ऑलम्पियाड-2025 की परीक्षा शान्तिपूर्वक सम्पन्न हुई। इस क्षेत्र में एन.एस. एकमात्र परीक्षा केन्द्र बनाया गया, जिस पर 84 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा इंचार्ज बबीता एवं अतिरिक्त परीक्षा इंचार्ज मिस नीरा शर्मा, अरीबा अली, डिम्पल चौधरी नेध परीक्षा-कार्य पूर्ण जिम्मेदारी से किया। व्यवस्था कोर्डिनेटर अंकुर कुमार ने परीक्षा पूर्ण रूप से करवाई। प्रधानाचार्या रुचि सिंह एवं मैनेजर निखिल कुमार ने परीक्षा का निरीक्षण किया।

### ईओ ने ठिठुरते व्यक्ति को कंबल ओढ़ाया



**नहटौर।** नगर पालिका में जनसुनवाई के दौरान ईओ लोगों की समस्याओ को सुन रहे थे। इसी बीच नगर पालिका से मानवता को प्रेरित करने वाली एक सुखद तस्वीर सामने आई है। यहाँ ठिठुरते हुए नगर पालिका कार्यालय पहुंचे एक मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति की हालत देख अधिशासी अधिकारी का दिल पसीज गया और उन्होंने तत्काल अपनी कुर्सी से उठकर उसे कंबल ओढ़ाकर राहत पहुंचाई। उन्होंने कार्यालय के अन्य अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि वे रैन बसेरों और सार्वजनिक स्थानों पर निराश्रित लोगों की मदद सुनिश्चित करें।

### एक घर में दूसरी बार चोरी



**नहटौर।** मौहल्ला जिगर कॉलोनी निवासी मुन्नू के घर में मौहल्ला मिर्दगान निवासी भूरे की पत्नी शहनाज किराए पर रहती है। भूरे काम के सिलसिले में बेंगलुरु गया हुआ था। शहनाज मकान का ताला लगाकर अपनी ससुराल चली गई। इसी का फायदा उठाते हुए बीती रात चोरों ने छत के रास्ते से घुसकर कमरे के ताले तोड़ते हुए 5000 रुपए की नगदी, कपड़े आदि कीमती सामान चोरी कर लिया। घर पर जाने के बाद कमरों में भी बिखरा पड़ा सामान देखकर चोरी होने का पता चला, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। बताया जाता है कुछ समय पहले भी चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। उस समय सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए गए थे।

**REQUIREMENT**

**St. Mary's School**

**Bhikkawala P.O, Afzalgarh, (Bijnor)**

Email- stmarybhikkawala@gmail.com

Interview for Teaching Staff on 31/01/2026 at 10 am.

All Subjects

CTET/TET is Compulsory.



# अधिवक्ताओं की पुरानी मांगों का कराऊंगा निस्तारण: शाहनवाज़ राना

## प्रैक्टिस के दौरान युवा अधिवक्ताओं को पेंशन दिलाने, दुर्घटना बीमा कराने और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बैंच की स्थापना के लिए लड़ूंगा लड़ाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मेरा मकसद वकीलों की खिदमत करना हैं जिस तरह से मैं पहले से खिदमत करता चला आ रहा हूं इसी तरह आगे भी आपकी खिदमत करता रहूंगा। मुझे आप लोगों ने एक बार मौका दिया मैंने आपकी खिदमत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पहले अधिवक्ताओं को आर्थिक सहायता के रूप में 50 हजार रूपये मिलते थे उसे बढ़ाकर पांच लाख रूपये करायें। लेकिन आज वह वहीं है। मेरी कामयाबी आप सबकी कामयाबी होगी। युवा अधिवक्ताओं को पेंशन दिलाने के साथ-साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं की बहुत पुरानी मांग जिसमें हाईकोर्ट की बैंच शामिल है। उस लड़ाई को मैं आगे बढ़ाऊगा।

उक्त विचार उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के चुनाव में अपने प्रचार अभियान को बढ़ाते हुए पूर्व विधायक, पूर्व उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश बार काउंसिल एडवोकेट शाहनवाज राना स्थानीय न्यू केशल होटल में वरिष्ठ अधिवक्तागणों के साथ एक बैठक में व्यक्त किए।

बार काउंसिल के युवा प्रत्याशी शाहनवाज राना के समर्थन में आयोजित अधिवक्ताओं की मीटिंग में सैकड़ों की संख्या में सभी वर्ग के अधिवक्ताओं ने भाग लिया। अधिवक्ताओं की भीड़ को देखकर शाहनवाज राना गद-गद नजर आ रहे थे।

मीटिंग में मौजूद युवा, वरिष्ठ वकीलों का हुजूम उमड़ा और सभी ने एक स्वर में एडवोकेट शाहनवाज राना को प्रथम वरीयता मत देकर जिताने का प्रण लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में शाहनवाज राना ने कहा कि वह अधिवक्ताओं की लड़ाई पिछले काफी समय से लड़ रहे हैं। पूर्व में जब उन्हें उपाध्यक्ष बनने का मौका मिला था तब भी उन्होंने अधिवक्ताओं के लिए दी जाने वाली राशि 50000 से बड़वाकर 5 लाख कराई थी जो आज भी उतनी ही है।


उसको आगे नहीं बढ़ाया गया अगर मुझे पुन: मौका मिला तो वह इस राशि को को बढ़वाने का काम करेंगे। साथ ही युवा वकीलों के लिये उन्होंने प्रेक्टिस के प्रथम पांच वर्षों के लिये मानदेय निर्धारित कराने का भी वायदा किया। वकीलों के हित में पिछले कार्यकाल में उन्होंने जो वादे किये थे उनके बारे में भी चर्चा की। उन्होंने आगे कहा कि हमारी कोई जाति नहीं होगी। हमें एक जुट होकर आगे बढ़ना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से बहुत कम संख्या में हम जीत पाते है। पूर्व के सदस्य हमसे ज्यादा संख्या में जीतकर जाते है उसका वह फायदा उठा लेते है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि मेरा प्रत्याशी के रूप में क्रमांक संख्या 266 है, मुझे प्रथम वरीयता का वोट दें और सभी अधिवक्ता अन्य क्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश से लड़ रहे अन्य प्रत्याशियों को वोट दे। इस मौके पर मौजूद अधिवक्ताओं ने गर्मजोशी के साथ युवा प्रत्याशी शाहनवाज राना का जोरदार स्वागत किया और हाथ उठाकर प्रथम वरीयता क्रम में वोट देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्य रूप से ए0के0 रस्तौगी एडवोकेट, अमीर हुसैन एडवोकेट, वचन सिंह एडवोकेट, पूर्व विधायक सौलत अली एडवोकेट, अब्दुल रहमान एडवोकेट, कांठ बार के महासचिव दीपक विश्नोई एडवोकेट, मौहम्मद मोबीन एडवोकेट, मौहम्मद नासिर पाशा एडवोकेट, जाबिर पाशा एडवोकेट, हयात एडवोकेट, आसिफ अतीक एडवोकेट, अतीक अहमद एडवोकेट, इमरान अहमद एडवोकेट, आफताब एडवोकेट, इकबाल अहमद एडवोकेट (कांठ), चौधरी अजहरूद्दी एडवोकेट, वीरेन्द्र चौहान एडवोकेट, रेशमा एडवोकेट, विकल एडवोकेट, कृष्ण पाल यादव एडवोकेट, सोनू श्रीवास्तव एडवोकेट, फिदा हुसैन एडवोकेट, जाकिर हुसैन एडवोकेट, रौनक एडवोकेट, शीशपाल एडवोकेट, जसवंत सिंह एडवोकेट, अफरोज अहमद एडवोकेट, महफूज अहमद एडवोकेट, चौधरी मुनव्वर एडवोकेट, फिरोज आलम एडवोकेट, शाकिर अली एडवोकेट, नाजिर पाशा एडवोकेट, मौहम्मद सालिम एडवोकेट, अनुज कुमार शर्मा एडवोकेट, मौहम्मद लईक एडवोकेट, नासिर अली एडवोकेट, मौहम्मद यासीन एडवोकेट, वाजिद अहमद एडवोकेट, फरीद एडवोकेट, नासिर एडवोकेट, इंतेजार नवाज एडवोकेट, मौहम्मद यासीन मलिक एडवोकेट, अंजार हुसैन एडवोकेट, मौहम्मद यामीन एडवोकेट, शशिकांत उर्फ बंटी एडवोकेट, विपिन कुमार प्रजापति एडवोकेट, आदीश कुमार जैन एडवोकेट, पारूल जैन (अग्रवाल) एडवोकेट, फारूख एडवोकेट, एहसान अली एडवोकेट आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एजाज अहमद एडवोकेट, आभार अभिव्यक्ति मौहम्मद जान तुर्की, जितेन्द्र जैन, नफीस अहमद, प्रशांत शर्मा, अमित कुमार सैनी, मोहित राघव आदि मौजूद रहे।











# एसपी देहात और सीओ ने कराया सलेमपुर पुलिस चौकी का शिलान्यास

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** एसपी ग्रामीण कुबर आकाश और सीओ अभिनव द्विवेदी द्वारा आज सलेमपुर स्थित पुलिस चौकी का शिलान्यास किया गया दोपहर बाद निर्धारित स्थल पर पहुंचे कुबर आकाश ने फीता काटकर शिलान्यास कराया।

उसके बाद सीओ अभिनव द्विवेदी ने पूजा कराकर बुनियाद रखी। कार्यक्रम में पहुंचे मास्टर जावेद उजम्मा आरिफ मलिक जुल्फिकार ठेकेदार सुनील चौहान अनुज बिश्नोई प्रधान सचिन कुमार और अन्य लोगों ने इस जगह पर पुलिस चौकी स्थापित कराए जाने की जरूरत बताते हुए विभाग का शुक्रिया अदा किया।

लोगों का कहना था की एक तो यह पुलिस चौकी निकटतम जनपद बिजनौर के बॉर्डर पर स्थापित हो रही है दूसरी ओर खादर क्षेत्र के लोगों को अपनी किसी भी परेशानी में यहां तक आने के लिए किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। लोगों ने अन्य भी कई कारण बताते हुए पुलिस चौकी स्थापित किए जाने की जरूरत बताई। बतादे की पुलिस चौकी तो काफी साल पहले स्थापित हो चुकी थी लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर उसमें काम चल रहा था मगर अब विभागीय स्तर से निर्माण होने के बाद यह पुलिस चौकी लोगों की सुरक्षा के लिए वरदान सिद्ध होने वाली है।

इस मौके पर पुलिस अधिकारी सहित काफी लोग मौजूद रहे।



# बौद्धिक संगोष्ठी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक ने संक्रामक बीमारियों से बताएं बचाव के रास्ते




**कांठ ( शाह टाइम्स )।** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में आज मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजीव सिंह ने छात्र-छात्राओं को संक्रामक बीमारियों के बारे में बताया उन्होंने कहा कि मलेरिया चिकनगुनिया डेंगू वायरल फीवर टीवी ऐसी संक्रामक बीमारियां है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल जाती हैं यदि हम उनके प्रति जागरूक हैं और सावधानी बरत रहे हैं तो इनसे बचा जा सकता है। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने कहा कि घरों के आसपास सफाई करके और बाजार में मिलने वाले खाद्य पदार्थ का सेवन न करने पर भी आदमी इन बीमारियों से बच सकता है। प्रधानाचार्य एवं स्वयंसेवको ने डॉक्टर राजीव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के पदम सिंह उषा सिंह निशिकांत पाठक अतबीर सिंह त्यागी एवं सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। संचालन कक्ष 12 के छात्र प्रिंस बिश्नोई एवं अक्षरा बिश्नोई ने किया।

# फीस जमा न होने पर सेंट मैरी स्कूल में बच्चों को नहीं दिलाई परीक्षा, अभिभावकों ने किया स्कूल में पहुंचकर हंगामा

**कांठ ( शाह टाइम्स )** समय से फीस जमा ना करने पर सेंट मैरी स्कूल के अध्यापकों ने बच्चों को परीक्षा से दूर कर दिया इसकी जानकारी मिली तो दर्जनों से ज्यादा अभिभावक स्कूल पहुंच गए और इस व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की, अभिभावकों ने बताया कि किसी की एक माह किसी की दो माह तो किसी की चार माह की फीस बकाया है जिसे वह जमा करना चाहते हैं लेकिन किसी वजह से देरी होने पर उन्हें अब फीस जमा करनी थी मगर स्कूल वालों ने 2 दिन का समय भी नहीं दिया 17 को स्कूल खुला और उन्हें बिना सूचना दिए आज बच्चों को परीक्षा से बाहर कर दिया गया। उन्होंने इस पर नाराजगी जताई और इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की मांग की, जबकि स्कूल प्रबंधकों का कहना था की बच्चों की फीस का करोड़ों रुपया बकाया चल रहा है जिसकी वजह से कर्मचारियों की सैलरी निकालना भी मुश्किल हो गया है। सभी अभिभावकों को समय से नोटिस दिए गए लेकिन काफी संख्या में ऐसे अभिभावक हैं जो जानबूझकर फीस जमा करने में आनाकानी करते हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य सिस्टर हेलेन सत्या का कहना था कि बच्चों को परीक्षा से दूर करना उनका मकसद नहीं है लेकिन अभिभावकों को भी इस संबंध में जागरूक रहना चाहिए उन्होंने कहा कि सभी बच्चों की परीक्षा कराई जाएगी लेकिन नोटिस के बाद जब अभिभावक नहीं आए तो उन्हें इस तरह का कदम उठाया उठाना पड़ा। हालांकि उन्होंने भविष्य में इस मामले में सॉफ्ट कॉर्नर अपनाए जाने का भरोसा भी दिलाया। उधर अभिभावक भी यही चाहते थे की फीस जमा करने के लिए उन्हें पूरा मौका मिलना चाहिए कुल मिलाकर घंटो चले हंगामें के बाद मामला शांत हो गया।

लेकिन इस घटनाक्रम के बाद स्कूलों में दी जा रही महंगी शिक्षा और अभिभावकों पर पढ़ रहा महंगी शिक्षा के बोझ का असर भी साफ दिखाई दिया है।



# आवारा कुत्तों ने 4 साल की मासूम को नोच-नोच कर मार डाला, ग्रामीणों ने खूखार कुत्तों को पकड़ने के लिए प्रशासन से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** थाना क्षेत्र से एक रूह कंपा देने वाली घटना सामने आई है। काजीपुरा गांव में आवारा कुत्तों के एक झुंड ने 4 साल की मासूम बच्ची को अपना निशाना बनाया और उसे बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में गमी का माहौल है और बच्चों में दहशत का माहौल है प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है,खेलते समय कुत्तों ने किया हमला,प्राप्त जानकारी के अनुसार, काजीपुरा निवासी नौशाद की सबसे छोटी बेटी 'नूरसद' (4 वर्ष) सोमवार देर शाम अपने घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी अचानक 5 से 6 खूंखार आवारा कुत्तों का झुंड वहां पहुंच गया। कुत्तों को अपनी ओर आता देख साथ खेल रहे अन्य बच्चे भागने में सफल रहे, लेकिन नन्ही नूरसद कुत्तों के बीच फंस गई, परिजनों के अनुसार, कुत्तों ने बच्ची को घेर लिया और उसे खींचते हुए गांव के पास स्थित एक तालाब के किनारे ले गए। वहां कुत्तों ने मासूम को बुरी तरह नोंचना शुरू कर दिया। रात करीब 8 बजे तक जब बच्ची घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। पिता नौशाद भी अपनी दुकान बंद कर गांव वालों के साथ खोजबीन में जुट गए,जब लोग ढूंढते हुए तालाब के किनारे पहुंचे, तो वहां का मंजर देखकर उनकी रूह कांप गई। कुत्ते बच्ची के शव को नोंच रहे थे और उसके पैर खा रहे थे। ग्रामीणों ने किसी तरह कुत्तों को वहां से भगाया, लेकिन तब तक मासूम नूरसद की दर्दनाक मौत हो चुकी थी। मौके पर चारों तरफ सिर्फ खून बिखरा हुआ था,गांव में भारी आक्रोश और दहशत,घटना की सूचना मिलते ही डिलारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कोशिश की, लेकिन गमगीन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया। मंगलवार सुबह गमगीन माहौल में मासूम को सुपुर्द-ए-खाक (दफन) कर दिया गया,इस घटना के बाद से काजीपुरा और आसपास के गांवों में जबरदस्त नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा कुत्तों का आतंक लंबे समय से बना हुआ है, लेकिन प्रशासन ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। अब आलम यह है कि लोग अपने बच्चों को घर से बाहर भेजने में भी डर रहे हैं।

प्रशासन की भूमिका पर सवाल, यह घटना स्थानीय नगर निकाय और पशुपालन विभाग की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि आदमखोर हो चुके इन कुत्तों से उन्हें जल्द निजात दिलाई जाए ताकि फिर किसी मासूम की जान न जाए।



# सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 8 फरवरी को होगा दा इंटेलीजेंस चैंपियनशिप आई क्यू टेस्ट का आयोजन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सेण्ट पॉल्स इण्टरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संस्थापक जितेंद्र बिश्नोई ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा ष्द इंटेलिजेंट चौंपियनशिपष आई क्यू टेस्ट का आयोजन किया जाएगा जिसका पाठ्यक्रम एन सी आर टी पर आधारित होगा । इस परीक्षा में एल के जी से 12 वीं तक के किसी भी इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र- छात्राएं भाग ले सकते हैं। इसके नि शुल्क रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो चुके हैं। ये परीक्षा 8 फरवरी 2026 को प्रातः एवं दोपहर दो पालियों में संपन्न होगी। जिसमे मेधावी छात्रों को आकर्षक पुरस्कार दिए जायेंगे। प्रथम पुरस्कार 21 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रूपए, तृतीय पुरस्कार 5 हजार सौ रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 2 हजार सौ रुपए, पंचम पुरस्कार 11 सौ रुपए की धनराशि दी जाएगी। इसके अलावा 50 सांत्वना पुरस्कार और मेडल , ट्रॉफी और प्रमाण पत्र भी दिए जायेंगे। परीक्षा का परिणाम 22 मार्च 2026 रविवार को घोषित किया जाएगा एवं स्कूल का भव्य और विशाल वार्षिक महोत्सव का आयोजन भी होगा।इसमें सभी छात्र - छात्राएं ,अभिभावक मौजूद रहेंगे। स्कूल में आई क्यू टेस्ट कराने का उद्देश्य छात्रों की मानसिक क्षमता, तर्कशक्ति,समस्या-समाधान, कौशल का आकलन करना है। इससे शिक्षकों और अभिभावकों को पता चलता है कि छात्र कितनी जल्दी सोचते हैं और समस्याओं का समाधान कैसे करते हैं।

# अल्मोड़ा में संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवकों की मौत, खड़ी पिकअप में मिले शव







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले से एक हृदयविदारक घटना सामने आई है जहाँ के सुरजन. नगर क्षेत्र के दो युवकों की उनकी अपनी ही पिकअप गाड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतकों की पहचान अलाउद्दीन 40 वर्ष और रवि 25 वर्ष के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरजन नगर चौकी क्षेत्र के ग्राम पिपली अहीर निवासी अलाउद्दीन पुत्र जमालुद्दीन और महमूदपुर केशू निवासी रवि पुत्र गंगाराम रविवार की शाम अपनी पिकअप गाड़ी लेकर काम के सिलसिले में अल्मोड़ा के लिए निकले थे। सोमवार दोपहर करीब दो से तीन बजे के बीच अल्मोड़ा-भिकियासैंण रोड पर एक पेट्रोल पंप के पास संदिग्ध अवस्था में खड़ी पिकअप को देखकर स्थानीय लोगों को संदेह हुआ।

सूचना पर पहुँची पुलिस ने जब गाड़ी का दरवाजा खोला तो दोनों युवक अंदर बेसुध पड़े थे। आनन-फानन में पुलिस ने दोनों को नजदीकी साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। सोमवार रात जब पुलिस ने परिजनों को इस अनहोनी की सूचना दी तो घरों में मातम छा गया। मंगलवार सुबह दोनों युवक के परिजन घटनास्थल पर पहुँचे। मृतक अलाउद्दीन पिकअप चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी मृत्यु से पत्नी शरीना पुत्री इरम और बेटों फैजी व सैफी का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के सामने अब रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। वहीं दूसरा मृतक रवि मजदूरी कर परिवार चलाता था। रवि की मौत की खबर सुनते ही उसकी पत्नी सीमा माँ बन्तो और दादी कृष्णा बेसुध हो गईं। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं सर्द रातों में बंद गाड़ी के भीतर हुई इन मौतों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि मौत के सटीक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा लेकिन प्राथमिक अंदेशा दम घुटने या ठंड से बचाव के लिए अपनाए गए किसी तरीके के दुष्प्रभाव की ओर इशारा कर रहा है। पुलिस मामले की हर पहलू से जाँच कर रही है। इलाके के लोग इस घटना से स्तब्ध हैं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं।

## एक नजर

## स्वागत कार्यक्रम हुआ आयोजित, भारी संख्या में उलेमा हुए शामिल




**कुंदरकी।** जामिया अरबिया दारुल उलूम रजाए मुस्तफा के नाजिमे आला कारी अब्दुल वकील अहमद के पुत्र मुफ्ती मुहम्मद नदीम अजहरी ने दुनिया की मशहूर यूनिवर्सिटी जामिया अल-अजहर, मिस्र से मुफ्ती का कोर्स मुकम्मल करने के बाद जब अपने वतन वापसी की, तो उनके स्वागत में जगह-जगह बड़े ही गर्मजोशी के साथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। हजरत वसीम मियां की सरपरस्ती में नानपुर, कघरी मुनीबुर्रहमान की सरपरस्ती में हुसैनपुर, और कुंदरकी में I.T.M ग्रुप के चेयरमैन आलिजनाब आरिफ पाशा की सरपरस्ती में शानदार इस्तकबाल किया गया। इन कार्यक्रमों में बड़ी तादाद में उलमा-ए-किराम ने शिरकत की, जिनमें प्रमुख नाम हजरत डॉ. सैयद नासिर मियां, हजरत मुफ्ती नईमुद्दीन मंजरी, हजरत मुफ्ती मुजफ्फर हुसैन मिस्बाही, हजरत मुफ्ती मुस्लिम, कघरी इंतजार साहब, कघरी महफूज साहब, मौलाना हसन साहब, शाहरुख फारसी साहब आदि शामिल रहे।

## हार्वर्ड में बच्चों ने ली स्वदेशी भावनाओं को बनाए रखने की शपथ




**कांठ ( शाह टाइम्स )** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में परीक्षा पर चर्चा के अंतर्गत स्वदेशी संकल्प आत्म निर्भरता हेतु शपथ समारोह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक छात्र-छात्राओं ने शपथ ग्रहण की कहा कि मैं अपने प्रिय भारत का एक छात्र स्वदेशी भावनाओं को बनाए रखने की शपथ लेता हूं। साथ ही विद्यालय में छात्रों ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के माध्यम से देश के प्रति कर्तव्य निष्ठ एवं आत्म निर्भर और देश का सच्चा नागरिक बनने की प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई एवं विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि हमें इन गतिविधियों से प्रेरित होकर देश के लिए सच्चा ईमानदार एवं कर्तव्य निष्ठ बनना चाहिए ताकि हम गर्व से कह सकें कि हम सच्चे भारतवासी हैं। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## अलग-अलग घटनाओं में महिलाओं की शिकायत से कई पर एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )** थाना छजलैट में महिलाओं की शिकायत से कई के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है राजबाला पत्नी चरन सिंह निवासी सदुपुरा का आरोप है कि उसके पड़ोसी गांव छज्जा नगला के प्रदीप संदीप आशीष शिवान दबंग प्रवृत्ति के हैं जो आए दिन खेत की मेड को लेकर झगड़ा करते रहते हैं 18 जनवरी के दोपहर को वह अपने पति और पुत्र के साथ खेत पर गन्ना छीलने गए थे वहां खेत की मेंड टूटी हुई थी उनसे इस बारे में पूछ लिया तो चारों लोग गाली-गलौज करने लगे व मारपीट पर उतारू हो गए उनके पास लाठी डंडे दरांत की जैसे हथियार भी थे जिसमें उनको चोटे आई पीड़िता थाने पहुंची और एफआईआर दर्ज करने को तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। दूसरी घटना छजलैट थाने के तेलीपुरा की है वहां की अनुराधा पत्नी सुरेश का कहना है कि वह एक साल से हरियाणा की कंपनी में मजदूरी कर रही है उसका पति सुरेश उसके ऊपर शक करता है 15 जनवरी को दोपहर 3:00 बजे वह अपने पति सुरेश और सास के साथ घर पर बैठी थी तभी सुरेश ने कंपनी में काम करने वाले किसी आदमी से बातचीत करने का आरोप लगा दिया और आंख बंद करके कसम खिलाने लगा उसने पति की बात मांनते हुए आंख बंद करके कसम खाई तभी उसने उसे पर गन्ना काटने की दांती से हमला कर दिया उसकी गर्दन कटने से तो बच गई पर उसके चेहरे पर काफी चोट लग गई कुछ समय बाद वह बेहोश हो गई पति गाली देता हुआ भाग गया पीड़िता थाने पहुंची और पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने यह मामला दर्ज कर जान शुरू की है।

## नितिन नवीन के नए भाजपा अध्यक्ष के बनने से भाजपाइयों में खुशी

**बिलारी।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने पर स्थानीय भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर देखी गई बिलारी नगर के हर्ष नगर मोहल्ला में भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एकत्रित हुए और यहां एक दूसरे को बधाई देते हुए मिष्ठान वितरण किया गया यहां बताया गया कि नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से युवाओं में नया जोश भरा जाएगा और 2029 में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता धर्मेंद्र गांधी मनोज प्रजापति डॉक्टर मेघपाल सिंह गिरीश बाबू चंद्र सभासद राकेश यादव अभिषेक जैन गोपाल सिंह यादव नवनीत यादव वीरपाल कोरी राजीव शर्मा राजेंद्र सिंह राजीव सैनी सौरभ सक्सेना मनोज सक्सेना रविंद्र चौधरी शैंकी ठाकुर देवदत्त दिवाकर आदि सहित भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 21 जनवरी को टाउन-3 पोषक की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**बिलारी।** 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र बिलारी (टाउन) से पोषित टाउन-3 पोषक के अंतर्गत एलटी एबीसी केबल के तार बदलने का कार्य कराए जाने के कारण 21 जनवरी 2026, बुधवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त पोषक से जुड़ी बिजली आपूर्ति प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान साहबाद रोड, सरिया फैक्ट्री, शांतिपुरम, ऋषिपुरम, सरकारी अस्पताल तथा सरकारी अस्पताल बाल्मीकि बस्ती सहित आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि निर्धारित समय से पूर्व बिजली से संबंधित आवश्यक कार्य निपटा लें। विभाग ने असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है। यह जानकारी अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड, मुरादाबाद (ग्रामीण) द्वारा दी गई।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए वीर शिरो मणि महाराणा प्रताप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में देररात्रि महाराणा प्रताप चौक पर भारी संख्या में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ता एकत्रित हुए उनके साथ अन्य समाज के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे मौका था वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि का इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर फूल अर्पित कर दीपक जलाए ब उनको नमन किया साथ ही शपथ ली कि हम समाज में व्याप्त बुराइयों का अंत करके महाराणा प्रताप के बताएं मार्ग पर चलेंगे। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के नगर अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चौहान धर्मेंद्र गांधी संजीव ठाकुर नरेंद्र सिंह संजय राणा राजेंद्र सिंह अचिंत कुमार मुन्ना कुलदीप चौधरी जगपाल सिंह राकेश सिंह दुष्यंत चौहान चंदन सिंह बिष्ट पंकज आदि लोक उपस्थित रहे।

## हिस्सेदारी में लगाए रुपये वापस मांगे तो मिली धमकी, 15 पर एफआईआर

**कांठ( शाह टाइम्स )।** अदालत के आदेश से पुलिस ने अज्ञात सहित 15 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है आशियाना कॉलोनी निवासी राजवीर पुत्र सूरज सिंह का कहना था की राजेंद्र सिंह आदि ने 2018 में जन लाभ निधि लिमिटेड कंपनी जिसे मिनिस्ट्री आफ कंपनी अफेयर्स से राजेंद्र सिंह यादव के निजी निवास आशियाना में रजिस्टर्ड कराया गया था इसमें उन्होंने उसे भी डायरेक्टर का पद दिया और उससे 48 लाख रुपए हिस्से के जमा कराए लेकिन कुछ दिन बाद कुछ लोग उनसे रंजिश रखने लगे तो उसने अपना 2019 में इस्तीफा सौंप दिया और अपने लगाए हुए 48 लाख रुपए वापस कराए जाने की मांग की उक्त लोगों ने 5 वर्ष में एफडीआरडी का टाइम पूरा होने पर 2023 में लाभ सहित रकम वापस करने का भरोसा दिलाया लेकिन समय पूरा होने पर भी उसकी रकम उसे नहीं लौटाई गई और उसे धमकाना शुरू कर दिया। आरोप है कि दिसंबर 2025 को अजब सिंह ने उसे सुबह फोन करके पैसे देने के लिए बुलाया वह उसके हॉस्पिटल संजरपुर पहुंचा उसने उसे कमरे में बैठा दिया और कुछ लोगों को बुला लिया जिन्होंने उसे तमंचे से जान से मारने की धमकी दी और उससे सादे कागज पर हस्ताक्षर करके उसे भगा दिया। पीड़ित का कहना था कि वहां से लगभग आधा किलोमीटर दूर पहुंचा तो राजेंद्र यादव के बेटे ने उसे अपने हथियारबंद लोगों के साथ पीछे से आकर अपनी बाइक उसकी कार के आगे लगा दी वह जैसे तैसे अपनी जान बचाकर वहां से भाग कर पुलिस के पास पहुंचा सुनवाई नहीं हुई बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की आखिर में उसने अदालत की शरण ली। अदालत के आदेश से पुलिस ने राजेंद्र यादव जयकुमार सिंह कृष्णपाल सिंह संजीव कुमार विष्णु कुमार जितेंद्र कुमार अजब सिंह योगेंद्र यादव प्रवीन कुमार धर्मेंद्र मोहन शर्मा और पांच अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

## नोडल अधिकारी को कराया गोशालाओं की समस्याओं से रूबरू

**कांठ ( शाह टाइम्स )** गौशाला में पहुंचे मुरादाबाद जिले के नोडल अधिकारी डॉक्टर राजकुमार सिंह को आज गौ सेवा गतिविधि की टीम ने गौशाला में आ रही समस्याओं से अवगत कराया बताया कि गौशाला में बिजली का कनेक्शन नहीं है इस कारण कोहरे के दिनों में लाइट एवं पानी की समस्या हो जाती है। सरकार द्वारा ग्राम समाज की जमीन को गौशाला के चारे के लिए दिया गया था उस जमीन पर गौशाला का चारा बोया गया है लेकिन कुछ हिस्से पर वन विभाग ने वेरीकेटिंग कर अपने कब्जे में ले ली है जिससे पशुओं के सामने चारे का संकट पैदा हो रहा है। उन्होंने गौशाला पहुंचकर गौ सेवा करते हुए कुछ बीमार पशुओं का इलाज भी कराया और नोडल अधिकारी से व्यवस्थाएं दुरुस्त कराए जाने की मांग उठाई। इस मौके पर विकास शर्मा कृष्ण गोपाल जी राजेंद्र बिश्नोई संजीव चौहान डॉक्टर आदित्य गोयल डॉक्टर कमल आर्य अशोक सैनी आदि मौजूद रहे।



# टीएमयू में स्टुडेंट्स को दिए रोड सेफ्टी के टिप्स



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी-आरटीओ इंफोर्समेंट श्री संदीप कुमार पंकज ने कहा, सीट बेल्ट का प्रयोग वाहन में सुरक्षा व्यवस्था- एयरबैग सिस्टम को प्रभावी बनाता है, जिससे गंभीर दुर्घटनाओं में जान बचाई जा सकती है। उन्होंने गोल्डन ऑवर- दुर्घटना के बाद पहला एक घंटा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया, यदि कोई नागरिक घायल व्यक्ति की सहायता करता है, तो उसे गुड समैरिटन कानून के अंतर्गत पूर्ण कानूनी सुरक्षा प्रदान की जाती है। साथ ही राहवीर योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने पर 25,000 रुपए तक की प्रोत्साहन राशि और विशेष मामलों में 1 लाख रुपए तक के पुरस्कार का प्रावधान है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाना, नशे में ड्राइविंग, स्टंट करना, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग कानूनन अपराध है। श्री संदीप तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व आरटीओ इंफोर्समेंट श्री संदीप कुमार पंकज, डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. प्रदीप तांगड़े, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके वर्कशॉप का शुभारम्भ किया। इस मौके पर सभी अतिथियों को पौधा भेंट करके स्वागत और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आरटीओ इंफोर्समेंट श्री संदीप ने बताया, आरटीओ प्रशासन और आरटीओ प्रवर्तन के जरिए नियमों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। चालान की स्थिति को ऑनलाइन भी जांचा जा सकता है। डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात नियमों का सख्ती से पालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने हाल ही में घटित कुछ दुर्घटनाओं का उदाहरण देते हुए छात्रों से जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। स्टुडेंट्स- दीया जैन एवम् शिवम सहरावत ने सड़क सुरक्षा विषय पर विचार रखते हुए सभी को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। अंत में स्टुडेंट्स को यह संदेश दिया गया, सड़क पर जल्दबाजी नहीं, सुरक्षा जरूरी है। कार्यक्रम में डॉ. उपेंद्र मलिक, डॉ. हरितमा निगम, डॉ. रत्नेश जैन आदि के संग-संग डेंटल कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## भारत इंटरनेशनल किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत ने कम्प्यूटर लैब का किया उद्घाटन

**बिलारी।** भारत इंटरनेशनल स्कूल में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। मंगलवार को राकेश टिकैत ने ग्रामीण अंचल में संचालित विद्यालयों की भूमिका की सराहना की, कहा कि इस क्षेत्र में अधिकतर किसान परिवारों के बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जो भविष्य के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

उन्होंने विद्यार्थियों की शिक्षा व्यवस्था, पठन-पाठन की स्थिति एवं विद्यालय की कार्यप्रणाली के विषय में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विद्यालय में स्थापित कंप्यूटर लैब का विधिवत उद्घाटन किया गयाद्य छात्रों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने पर बल दिया।कार्यक्रम में उनके साथ डॉ. चंद्रपाल जिला अध्यक्ष अमरोहा मनोज चौधरी मंडल अध्यक्ष, अभिराज सिंह चहल युवा नेता, राहुल चौधरी, आशु चौधरी एवं अंकित चौधरी उपस्थित रहे।चेयरमैन कुलवंत चौधरी, मैनेजर शुभम चौधरी ने फूल माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया।

# प्राथमिक विद्यालय सुनारी में हुई बैठक आयोजित

**कुंदरकी।** न्याय पंचायत हुसैनपुर छिरावली के संकुल शिक्षकों द्वारा 'प्राथमिक विद्यालय सुनारी में जनवरी माह की मासिक बैठकका आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ नवनियुक्त ए आर पी भावना सिंह व सभी संकुल शिक्षकों द्वारा माँ शारदे के आगे दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया गया। सभी शिक्षकों के द्वारा मां सरस्वती की वंदना की गयी। प्रतिभा सिंह (वरिष्ठ अध्यापक) को बैठक का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में सभी शिक्षकों द्वारा एक दूसरे को अपना परिचय दिया गया। इसके बाद सभी शिक्षकों द्वारा एजेंडे के अनुसार विभिन्न गतिविधियां यथा, प्रेरक गति. विधिः- अगर किताबें नहीं होती तो, हमारे प्रयास (शेरिंग) निपुण विद्यालय आकलन पर चर्चा, एकेडमिक नियोजन (प्लानिंग), विभागीय प्राथमिकता सत्र ,इको क्लब फोर मिशन लाइफ,श्रेष्ठ टीएम अधिगम सामग्री की पहचान, समेकन एवं धन्यवाद- महत्वपूर्ण बिंदुओं की पुन. रावृत्ति के द्वारा बैठक का सफल संच. ालन किया गया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत काजीपुरा विकासखंड डिलारी मुरादाबाद

पत्रांक-01 / 15वां वित्त / रा0वि0 / के0वि0 / निविदा / विज्ञापन 2025-26 दिनांक 20 / 01 / 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकासखंड डिलारी की ग्राम पंचायत काजीपुरा मे 15वां वित्त / रा0वि0 / के0वि0 योजना के अंतर्गत मिट्टी, नाली, सी0सी0 टाईल्स सड़क का निर्माण कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा 21 / 01 / 2026 से दिनांक 28 / 01 / 2026 की दोपहर 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दिनांक 28 / 01 / 2026 को 4:00 बजे खोली जाएगी। कार्य से सम्बन्धित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जाती है। निविदा की शर्त एवं प्राक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय मे देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एन0एस0सी0 / बैंक ड्राफ्ट / एफ0डी0आर के रूप मे जमा करनी होगी, जो ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र स. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि 2% | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | PWD रोड से राहिल के घर तक मिट्टी+नाली+ सी0सी0 टाईल्स सड़क निर्माण कार्य | बी0ओ0क्यू0 के अनुसार | 156119 | 3123 | 200 | 3 माह |
| (2) | PWD रोड से वीर सिंह के घर तक मिट्टी+नाली+ सी0सी0 टाईल्स सड़क निर्माण कार्य | बी0ओ0क्यू0 के अनुसार | 185462 | 3709 | 200 | 3 माह |
| (3) | PWD रोड से कल्लू के घर तक नाली निर्माण कार्य | बी0ओ0क्यू0 के अनुसार | 371048 | 7421 | 200 | 3 माह |
| (4) | मस्जिद से उस्मान के घर तक मिट्टी+नाली+ सी0सी0 टाईल्स सड़क निर्माण कार्य | बी0ओ0क्यू0 के अनुसार | 144954 | 2899 | 200 | 3 माह |
| (5) | अर्जुन से नूर हसन के घर तक मिट्टी+नाली+ सी0सी0 टाईल्स सड़क निर्माण कार्य | बी0ओ0क्यू0 के अनुसार | 311787 | 6236 | 200 | 3 माह |
| (6) | इल्यास के घर से निसार हाजी जी के घर तक मिट्टी+नाली+ सी0सी0 सड़क मरम्मत कार्य | बी0ओ0क्यू0 के अनुसार | 448033 | 8961 | 200 | 3 माह |
| (7) | कलुआ के घर से बुन्दू के घर तक मिट्टी+नाली+ सी0सी0 टाईल्स सड़क निर्माण कार्य | बी0ओ0क्यू0 के अनुसार | 141789 | 2836 | 200 | 3 माह |

**प्रतिबन्ध / शर्ते**

1- उपरोक्त कार्य के लिये पंजीकृत फर्म जी0एस0टी0 नंबर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा।
2- कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन / स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
3 - इस निविदा को बिना कारण बताए पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा। सशर्त निविदायें किसी दशा में मान्य नहीं होंगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत काजीपुरा**
**ब्लॉक डिलारी जिला मुरादाबाद**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत काजीपुरा**
**ब्लॉक डिलारी जिला मुरादाबाद**

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय श्रीमान अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-14 महोदय, मुरादाबाद।**
सिविल अपील सं: 133 सन 2025
**तारीख पेशी:** 10.2.2026
**सुनील कुमार सेठ बनाम राफिया खान आदि।**
**बनाम**

राफिया खान पत्नी मौअज्जम अली खान व मौअज्जम अली खान पुत्र स्व0 माजिद अली निवासीगण मौहल्ला फैजगंज शहर व जिला मुरादाबाद।

चूँकि उपर्रिनामांकित कि के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये 10.2.2026 के दिवस को 12.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 16.01.2026 को निकाली गई।

**न्यायालय**
**अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नम्बर-14, मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

मुझ शाहाना ने अपने बड़े बेटे शाह आलम व उसकी पत्नी शबाब से सम्बन्ध समाप्त कर लिए है और शाह आलम को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इन दोनों की किसी हरकत की मैं व मेरे दूसरे बच्चे जिम्मेदार नहीं होंगे साथ ही मेरे साथ कोई वारदात होती है तो उसके जिम्मेदार शाह आलम व उसकी पत्नी शबाब होंगे।
श्रीमती शाहाना विधवा रशीद अहमद निवासी मौहल्ला जाहिद नगर टावर के सामने वाली गली करूला थाना कटघर, मुरादाबाद।

## कार्यालय ग्राम पंचायत सिरसवा गौड़
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 20.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सिरसवां गौड़ विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 29.01.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 29.01.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रोड से मौ0 अजीज के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, रोड़ा आदि। | 60 मी0 | 164504 | 500 | 2% | 6 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सिरसवा गौड़**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत चांदपुर
### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 20.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत चांदपुर विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 28.01.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 28.01.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत चांदपुर में खेल के मैदान की बाउंड्रीवाल कार्य | ईंट, सीमेंट, रोड़ा आदि। | 80 मी0 | 160018/- | 500 | 2% | 6 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत चांदपुर**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# दिनदहाड़े चोरों ने घर को बनाया निशाना परचून दुकान स्वामी के घर की चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मुगलपूरा क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई चोरी की एक सनसनीखेज घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अज्ञात चोरों ने परचून दुकान स्वामी के घर को निशाना बनाते हुए घर से कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना के समय पीड़ित परिवार रिश्तेदारी में गया हुआ था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया।जानकारी के अनुसार मुगलपुरा थाना क्षेत्र का रहने वाला पीड़ित परचून दुकानदार सरताज अपने परिवार के साथ किसी रिश्तेदार के यहां गया हुआ था।

इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर अलमारी और अन्य सामान खंगालते हुए नकदी व कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने पूरे इत्मीनान से घर से माल समेटा और मौके से फरार हो गए।जब परिवार वापस घर पहुंचा तो घर का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियों के खुले होने और सामान गायब होने पर परिवार को चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद पीड़ित ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।दिनदहाड़े हुई चोरी की घटना से आसपास के लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय



लोगों का कहना है कि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।सूचना मिलने के बाद मुगलपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और घर का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही अज्ञात चोरों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी हुई है।

# माहे शाबान का चांद नजर आया शबे बरात तीन फरवरी को

## हुजूर ने फरमाया शाबान मेरा महीना है, अब्दुल वकील अत्तारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित दावते इस्लामी इन्डिया के मदरसा फैजाने रजा के प्रिंसीपल कारी अब्दुल वकील अत्तारी ने बताया नबी ए करीम सल्ललाहो अलैही वसल्लम ने जिसे अपना कहा वह महीना माहे शाबान का चांद नजर आ गया है शबे बरात तीन फरवरी को मनाई जाएगी, नबी ए करीम सल्ललाहो अलैही वसल्लम ने इरशाद फरमाया रजब अल्लाह का शाबान मेरा और रमजान मेरी उम्मत का महीना है, इस महीने में हमारे आकघ कसरत से रोजे रखा करते थे इस लियें शाबान के अक्सर रोजे रखना सुन्नत है नबी ए करीम सल्ललाहो अलैही वसल्लम ने इरशाद फरमाया अल्लाह पाक खघसतौर पर इन चार रातों में भलाइयों के दरवाजे खोल देता है, (1) बकरा ईद की रात, (2) ईदुल फितर की चांद रात (3)



शाबान की पन्द्रहवीं रात,(4) अरफे यानी 8 और 9 जिल्हज की रात,'सहाबए किराम का जज्बा' माहे शाबान का चांद नजर आते ही सहाबए किराम कुरआने पाक की तरफ खघूब मुतवज्जो हो जाते अपने माल की जकात निकालते ताकि गरीब मुसलमान माहे रमजान के रोजों की तय्यारी कर सकें यूं माहे रमजान का चांद नजर आते ही अपने आप को फारिग कर लेते और रमजान का चांद नजर आते ही एतिकाफ में बेठ जाते।

## एक नजर

### वकीलों का प्रदर्शन लगातार जारी अनदेखी कर रहे हैं शायद अधिकारी



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** वकीलों का प्रदर्शन लगातार जारी है और अधिकारी भी निरंतर इस मामले की अनदेखी करते जा रहे हैं जिसका सीधा असर न्याय के लिए तहसील आने वाले वादकारियों पर पड रहा है मामूली बात पर हुई कहासुनी अब काफी आगे बढ़ती जा रही है अधिकारियों द्वारा इस और गंभीरता से न सोचना भी इस विवाद को और आगे बढ़ा रहा है प्राइवेट कर्मचारी और अधिवक्ता के बीच हुई मारपीट और कहासुनी के बाद वकीलों द्वारा तहसीलदार कोर्ट का बहिष्कार किया जा रहा है।

रोजाना तहसील में अधिकारियों की हाय हाय के नारे लगते हैं। न्याय कार्य इससे बाधित हो रहा है वादकारियों को न्याय पाने में काफी बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। मगर अधिकारी अभी भी इस मामले में पहल ना करते हुए खामोशी बरत रहे हैं आखिर इस समस्या का समाधान कब होना है और कैसे होना है इसके अभी कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं आज फिर वकीलों ने विरोध प्रदर्शन तहसील परिसर में किए हैं।

### बगिया सागर गांव में संकुल मासिक शिक्षक बैठक का आयोजन

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** महानिदेशक स्कूली शिक्षा उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार फूलपुर मिठनपुर ब्लॉक छजलेट की मासिक बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय बगिया सागर में किया गया ।जिसमें नव नियुक्त शिक्षक संकुल इंद्रजीत सिंह का परिचय कराने के बाद उनका स्वागत किया गया । तत्पश्चात बैठक का संचालन एजेंडा बिंदुओं के अनुसार कार्यक्रम किया गया प्रभारी शिक्षक संकुल घनश्याम सिंह ने



प्रेरक गतिविध "अगर किताबे नहीं होती" विषय पर उपस्थित अध्यापकों से चर्चा कराकर अध्यापको के विचार जानने का प्रयास किया शिक्षकों ने उक्त विषय पर अपने अपने विचार और अनुभव साझा किए । शिक्षक संकुल एव ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी शिक्षक अपनी अकादमिक गतिविधियों और जिम्मेदारियों का पालन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें और बच्चो को अपना शत प्रतिशत ज्ञान देने का प्रयास करें और अपने अपने विद्यालय को निपुण बनाने का प्रयास करें द्यसंकुल शिक्षक शुभम विश्नोई और इंद्रजीत सिंह ने भी अपने विचार किए । बैठक की मुख्य अतिथि श्रीमती डॉ ऋतु त्यागी एसआरजी मुरादाबाद ने माह दिसंबर और जनवरी माह में होने वाले निपुण असेसमेंट टेस्ट को सफल बनाने के लिए उपस्थित अध्यापकों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सहयोग करने का आश्वासन दिया । बैठक की अध्यक्षता श्रीमती डॉ रितु त्यागी एसआरजी ने की और संचालन हर्षा गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सिसुपल सिंह ,अमित सिंह, कुलदीप सिंह ,राजवीर सिंह, सुभाष कुमार, सविता चोहान, बृजेश कुमार, सुजाउल हक ,सीमा चोहान आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने लिया सुरक्षित यातायात का संकल्प

**चन्दौसी।** सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा क्लब एस. एम. कॉलेज चन्दौसी के विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ ग्रहण का कार्यक्रम प्रो. (डॉ) दानवीर सिंह यादव, प्राचार्य एस.एम. कॉलेज चंदौसी के नेतृत्व में आयोजित करते हुए स्वस्थ सड़क संस्कृति को परिपक्व करने की



शपथ ली। विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए प्राचार्य प्रो.(डॉ.) दानवीर सिंह यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को यातायात के नियमों एवं यातायात संबंधी सुरक्षा का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा पर स्वयं सजग होते हुए समाज को जागरूक करना चाहिए। सड़क दुर्घटना में पीडिघ्त व्यक्ति को मदद करते हुए एक स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुरक्षित सड़क संस्कृति विकसित करने का प्रयास करना चाहिए। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के उपरांत डॉ. विशेष कुमार पांडेय और प्रिया श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें अभिषेक अग्रवाल प्रथम, जिज्ञासा द्वितीय तथा धनराज तृतीय स्थान पर रहे। सड़क सुरक्षा संबंधी रील प्रतियोगिता में हरवीर आकाश एवं आवश्यक अग्रवाल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. एन.के. शर्मा, स्कंद एवं सचिन कुमार सिंह, प्रिया श्रीवास्तव सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### भूमि विकास बैंक चुनाव: रामपाल सिंह निर्विरोध निदेशक चुने गए

**चन्दौसी।** भूमि विकास बैंक शाखा चन्दौसी में निदेशक पद के चुनाव के लिए मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। नामांकन प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक चली, जिसमें केवल एक नामांकन प्राप्त हुआ। यह नामांकन रामपाल सिंह निवासी चन्दौसी का रहा। एकमात्र नामांकन होने के कारण रामपाल सिंह को निर्विरोध रुप से निदेशक चुना गया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी भूमि विकास बैंक के निदेशक पद पर रामपाल सिंह ही काबिज रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने रामपाल सिंह को फूल-मालाएं पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गजराज सिंह (पूर्व अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक), मनोज कठेरिया (जिला उपाध्यक्ष), अंकुर अग्रवाल (नगर अध्यक्ष), तरुण नीरज (नगर महामंत्री) सहित राजकुमार यादव, मंतेश वार्ष्णेय, आशीष गुप्ता, शिवेंद्र कुमार व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सोनू कश्यप हत्याकांड के विरोध में निषाद समाज का प्रदर्शन

**चन्दौसी।** महाराजा निषादराज महर्षि कश्यप तुरैहा समाज समिति के तत्वावधान में कैथल गेट पर मेरठ में सोनू कश्यप को जिंदा जलाकर की गई हत्या के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार चन्दौसी को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि इस प्रकार की जघन्य घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। संगठन ने आरोप लगाया कि एक ओर मुख्यमंत्री को बांग्लादेश में पीडिघ्त हिंदू दिखाई देते हैं, जबकि अपने ही राज्य में हिंदू समाज के भीतर हो रही हत्याओं की अनदेखी की जा रही है।

यह दोहरी नीति स्वीकार्य नहीं है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि दलित हिंदुओं को सरकार की दृष्टि में कमजोर समझा जा रहा है। संगठन की ओर से मांग की गई कि सोनू कश्यप के हत्यारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर पीडिघ्त परिवार को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। साथ ही पीडिघ्त परिवार को कम से कम 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, जीवनयापन के लिए तालाब या भूमि का पट्टा अथवा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की गई। समिति ने चेतावनी दी कि जब तक पीडिघ्त परिवार को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर शासन-प्रशासन के खिलाफ भी व्यापक संघर्ष किया जाएगा।

# थाना मैनाठेर पुलिस ने 25 हजार के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** थाना मैनाठेर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25,000 रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।गौरतलब है कि दिनांक 15 जनवरी को थाना मैनाठेर क्षेत्र अंतर्गत एनएच-9 पर एक दुर्घटनाग्रस्त ब्रेजा कार से लगभग 175 किलोग्राम गौवंशीय मांस, सिर व पैर आदि बरामद किए गए थे। इस मामले में थाना मैनाठेर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस जांच में आरोपी जफीर की गिरफ्तारी के बाद अन्य आरो. पियों के नाम प्रकाश में आए, जिनमें आरोपी मुन्ना की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने इनामी आरोपी मुन्ना पुत्र जाबिर निवासी मुडिया




जागीर, थाना देवरनियां, जनपद बरेली हाल पता पीर बहोडा, थाना इज्जतनगर, बरेली तथा उसके साथी वारिश पुत्र शब्बीर कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर संगठित रूप से गौवंशीय पशुओं की गौकशी कर मांस को ब्रेजा वाहन से दिल्ली ले जाता था। दुर्घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने ग्राम बली नगर के जंगल से गौकशी के उपकरण भी बरामद किए हैं। पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# पॉक्सो कोर्ट का कड़ा संदेश: आठ दिन में फैसला

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषियों को 20-20 वर्ष की सजा व 58-58 हजार का जुर्माना

**चन्दौसी।** अब अपराध करके बच पाना आसान नहीं है। न्यायालय सख्त हो चुके हैं और वर्षों से चली आ रही 'तारीख पर तारीख' की परंपरा धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। विशेष रूप से महिला एवं नाबालिगों से जुड़े अपराधों के मामलों में न्यायिक सख्ती साफ नजर आने लगी है। प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप अब ऐसे मामलों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है, जिससे अपराधियों में भय और आमजन में न्याय के प्रति विश्वास बढ़ा है।

विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर जनपद न्यायाधीश संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल में नई पहचान दिलाई है। पहले जहां वादकारी वर्षों तक तारीखें भुगतते रहते थे और मुकदमे लंबित पड़े रहते थे, वहीं अब सीधे साक्ष्य मिलने पर त्वरित सुनवाई कर दोषियों को सजा सुनाई जा रही है। न्यायालय महिला एवं लैंगिक अपराधों के मामलों में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरत रहा है। बताया जा रहा है कि पदभार ग्रहण करने के बाद से अब तक महिला एवं बाल यौन अपराधों के मामलों में विद्वान न्यायाधीश द्वारा 30 से अधिक अपराधियों पर न्याय का शिकंजा कसा चुका है। इसी क्रम में थाना जुनावई क्षेत्र में दर्ज अपराध संख्या 375/2025 का मामला सामने आया। प्रकरण के अनुसार 17 वर्षीय किशोरी खेत में चारा काटने गई थी, तभी आरो. पियों ने उसका अपहरण कर लिया। आरोपियों द्वारा उसे पहले नोएडा और बाद में गुजरात ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया गया। पीडिघ्ता ने साहस का परिचय देते हुए मौका पाकर अपने चाचा को फोन किया और वहां से भाग निकली। इस मामले में गुड्डू पुत्र प्रेम. सिंह एवं संजय पुत्र भूरे, निवासीगण ग्राम बिधौती फाजिलपुर, थाना जुनावई, जिला संभल के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 87, 137(2), 70(2) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5जी/6 के अंतर्गत 15 अक्टूबर 2025 को मुकदमा दर्ज किया गया। 12 जनवरी 2026 को न्यायालय में चार्जशीट दाखिल हुई और मात्र आठ दिनों में गवाहों, साक्ष्यों एवं बहस के उपरांत 19 जनवरी 2026 को दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया गया।

मंगलवार, 20 जनवरी को न्यायालय ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 87 के अंतर्गत दोनों अभियुक्तों गुड्डू एवं संजय को पांच-पांच वर्ष का कारावास एवं 5-5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। इसके साथ ही पॉक्सो एक्ट की धारा-6 के तहत 20-20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

वहीं धारा 137(2) के अंतर्गत तीन-तीन वर्ष का कारावास एवं तीन-तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। यह फैसला स्पष्ट संदेश देता है कि नाबालिगों एवं महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों के लिए अब कानून बेहद सख्त है और अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। सजा कराये जाने में एडीजीसी आदित्य कुमार, कोर्ट मोहर्रिर रामकुमार सिंह, विनोद कुमार राठौर, पैरोकार सिपाही मोनू का सहयोग रहा।

## हबीबी दरगाह पर 36वां सालाना उर्स शुरू अकीदतमंदों की उमड़ी भीड़

**कुंदरकी।** डींगरपुर पाकबड़ा रोड पर स्थित हबीबी दरगाह पर 36वां सालाना उर्स पूरे अकीदत व एहतराम के साथ मंगलवार से शुरू हो गया। दो दिवसीय उर्स के पहले दिन नात शरीफ का शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आसपास के गांवों व कस्बों से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिर. कत कर दरगाह पर हाजिरी दी। साथ ही जायरीन ने चादरपोशी कर अमन, चौन और भाईचारे की दुआएं मांगीं। नातख्वानों ने रसूल-ए-पाक की शान में नात पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया। बताया गया दरगाह कमेटी की ओर से जायरीन की सहूलियत के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। उर्स में बुधवार की रात्रि को कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी जिसमें बड़ी तादाद में अकीद. तमंदों के पहुंचने की उम्मीद है। इस अवसर पर दरगाह कमेटी के सदस्य मोहम्मद जीशान हबीबी, उर्स के दौरान महमूद हुसैन हबीबी, हाजी असलम, मोहम्मद उस्मान, अलाउद्दीन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कुमारतनय वैश्य क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** कुमारतनय वैश्य समाज द्वारा आयोजित कुमारतनय वैश्य क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के जोन-2 मुकाबलों का आयोजन मंगलवार को शहर के सोनकपुर स्टेडियम में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस जोन में मुरादाबाद, रामपुर, संभल और बिलारी की टीमों ने प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के जोश और दर्शकों के उत्साह ने आयोजन को यादगार बना दिया।टूर्नामेंट का पहला मुकाबला संभल और बिलारी की टीम के बीच खेला गया, जिसमें बिलारी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 विकेट से जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला मुरादाबाद और रामपुर की टीमों के बीच हुआ, जिसमें रामपुर की टीम ने भी 9 विकेट से जीत हासिल की। इसके बाद सेमीफाइनल मुकाबला बिलारी और रामपुर के बीच खेला गया, जो बेहद रोमांचक रहा। इस मुकाबले में बिलारी की टीम ने 2 रन से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।टूर्नामेंट के समापन पर सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट संयोजक एडवोकेट अनमोल गुप्ता ने बताया कि यह प्रतियोगिता कुल 8 शहरों की टीमों के बीच आयोजित की गई है, जिसे दो जोन में विभाजित किया गया। जोन-1 में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और बीसलपुर की टीमों ने भाग लिया, जबकि जोन-2 में मुरादाबाद, रामपुर, संभल और बिलारी की टीमें शामिल रहीं।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं | T-11-TRD-MB-25-26-II |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के झुके हुए मास्ट का उत्रयन। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 05.02.2026, 15:00 Hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 1,85,72,082.13/- (Incl. GST @18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | ₹ 2,42,900/- |
| निविदाप्रपत्र मूल्य (₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 09 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. |

निविदा सूचना सं. Elect/TRD/MB/2025-26/TN-17 दिनांक : 14.01.2026 203/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# गैस गोदाम रोड पर अवैध निर्माण पर प्रशासन की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर के गैस गोदाम रोड पर अवैध निर्माण किए जाने की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी मौके पर पहुंचे और अधीनस्थ राजस्वकर्मियों को निर्माण कार्य तत्काल रुकवाने तथा अवैध हिस्से को गिराने के निर्देश दिए। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गैस गोदाम रोड स्थित काली मंदिर के पास गाटा संख्या 210 व 216 पर स्थित लगभग साढ़े दस बीघा भूमि मौलागढ़ ग्राम पंचायत की बताई जा रही है। इस भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। बताया गया कि करीब तीन दशक पूर्व नगर पालिका द्वारा यह भूमि अपने कुछ कर्मचारियों को आवंटित की गई थी, जिसके चलते स्वामित्व को लेकर कई बार विवाद उत्पन्न हुआ। पूर्व में तत्कालीन उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा नगरपालिका चन्दौसी को उक्त भूमि पर गौशाला निर्माण के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। उस समय भी कुछ नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा निर्माण कार्य कराया गया था, जिस पर राजस्व विभाग और नगर पालिका के बीच विवाद हुआ। तत्कालीन उपजिलाधिकारी ने दोनों पक्षों से स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज तलब किए थे, जिसके बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया था। रविवार को एक बार फिर कुछ लोगों द्वारा बिना अनुमति के निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया, जिसकी सूचना उपजिलाधिकारी को दी गई। सूचना मिलते ही एसडीएम आशुतोष तिवारी मौके पर पहुंचे और हल्का लेखपाल वरुण कुमार तथा दानवीर सिंह को अवैध निर्माण तत्काल रोकने के निर्देश दिए। हालांकि एसडीएम के मौके से लौटने के बाद शोभारानी द्वारा पुनः निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। इसके बाद दोबारा सूचना मिलने पर लेखपाल दानवीर सिंह एवं वरुण कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। लेखपालों ने पुलिस को बुलाकर बिना किसी स्वीकृत नक्शे एवं अनुमति के ऑन-रोड किए जा रहे निर्माण को अवैध बताते हुए संबंधित मजदूरों से दीवार गिरवा दी। फिलहाल उपजिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध निर्माण पूरी तरह रुकवा दिया गया है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका ने बताया कि उन्हें अभी प्लॉट आवंटन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त नहीं है। सभी दस्तावेजों की जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

# वार्डन व स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का पांचवां दिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एम आई टी संस्थान में आयोजित वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय सत्र के पंचम दिन प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत इतनी शक्ति हमें देना दाता प्रार्थना से हुई। श्री आर के शर्मा, डिप्टी सी एम ओ ने पहले सेशन में बचाव के तरीके को समझाया और सीपीआर का अभ्यास कराया। डॉ अनुपमा मिश्रा ने दूसरे सेशन में जतपंहम के बारे में विस्तार से समझाया और वार्डन की भूमिका पर चर्चा की। नीरज चक, उपनियंत्रक ने अतिथि वक्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। तीसरे सेशन में श्री सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक (व0वे0)



ने बचाव का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल, मास्टर ट्रेनर अखिल अग्रवाल, विवेक कुमार यादव, डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो खालिद, अशोक कुमार गुप्ता, शरीफ अहमद, वसीम अंसारी, वसीम अख्तर, डॉ शफीक अहमद आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।

## एडवोकेट यूनिटी का पहला लक्की ड्रॉ संपन्न

**चन्दौसी।** साक्षी चंदौसी एडवोकेट यूनिटी के तत्वावधान में मंगलवार को कहचरी परिसर में अधिवक्ताओं के लिए चल रहे अधिवक्ता लक्की ड्रा कूपन का प्रथम ड्रा किया गया। साक्षी सेवा समिति चंदौसी जिला संभल उत्तर प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष रंजना शर्मा द्वारा 11 अधिवक्ता लक्की ड्रा कूपन निकाले गए और लक्की ड्रा विजेता अधिवक्ताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एड0 सफिया कादिर, एड0 अजय सक्सेना, एड0 दीपा सिंह, एड0 राहुल मिश्रा, एड0 आकाश बाबू श्रोत्रिय, एड0 कमल पाल, एड0 शिप्रा शर्मा, एड0 राजेश कुमार, अमरपाल यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एड0 अनिल बाबू लोहिया ने की और संचालन अजय सक्सेना ने किया।

# ग्राम चौपाल में सुनी गईं जनता की समस्याएं

**चन्दौसी।** विकासखण्ड बनिया खेड़ा के गांव दियौरा खास एवं विचौटा काजी में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल एवं समस्या निराकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनना, उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाना रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम दियौरा खास में कुल 30 तथा ग्राम विचौटा काजी में 25 जनसमस्याएं दर्ज की गईं। प्राप्त शिकायतों एवं प्रकरणों में प्रमुख रूप से वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग (विकलांग) पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, विद्युत, जलापूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं एवं अन्य विभागीय योजनाओं से संबंधित समस्याएं शामिल रहीं। डॉ. अनामिका यादव ने ग्राम चौपाल में उपस्थित रहकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए कि सभी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की लाप. रवाही या अनावश्यक विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि गांव, गरीब, किसान, महिला, वृद्ध एवं दिव्यांग तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुँचे। ग्राम चौपाल जैसे कार्यक्रम प्रशासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करते हैं, जिससे समस्याओं का समाधान गांव स्तर पर ही संभव हो पाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्राप्त प्रकरणों का तत्काल परीक्षण कर निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण किया जाए तथा की गई कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट जिला पंचायत कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए, ताकि निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने ग्राम चौपाल के माध्यम से अपनी बात सीधे प्रशासन तक पहुँचने पर संतोष व्यक्त किया।

# चिकित्सक के नाम पर सेंटर अयोग्य व्यक्ति कर रहा था अल्ट्रासाउंड





सम्भल- यूनिकअ अल्ट्रासाउंड सेंटर के छापे में महिलाओं से जानकारी लेते एवं सेंटर पर मिली डायरी में आशा वर्कर से बात करने को नम्बर डायल करवाते नगर मजिस्ट्रैट।

- निरीक्षण में नगर मजिस्ट्रेट के हत्थे लगी डायरी
- कमीशन लेने वाले चिकित्सकों के अंकित है नाम
- 13 रोगियों के अयोग्य व्यक्ति कर चुका था अल्ट्रासाउंड
- यूनिक अल्ट्रासाउंड सेंटर सील कराकर प्राथमिक दर्ज कराने के निर्देश

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर चल रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद भी चोरी छिपे नौसिखये ऊल जलूल रिपोर्ट देकर रोगियों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। जबकि प्रशासनिक स्तर पर नौसिखियों पर शिकंजा भी लगातार कसा जा रहा है। शहर में निजि अस्पताल के सामने संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर के निरीक्षण में चिकित्सक नदारद मिला जबकि एक अयोग्य युवक अल्ट्रासाउंड करता हुआ पाया गया। नगर मजिस्ट्रेट ने नोडल अधिकारी को मौके पर बुलाकर सेंटर को सील कराया और रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को नगर मजिस्ट्रैट सुधीर कुमार सोनी ने सक्सैना हॉस्पीटल के सामने मार्केट में अवस्थित यूनिक अल्ट्रासाउण्ड एण्ड एक्स-रे सेन्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मौके पर अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर में 10 व्यक्ति उपस्थित थे। इनमें 04 पुरूष पप्पू पुत्र राजवीर निवासी चन्दनकटी मौजा थाना-कैलादेवी, यशवीर पुत्र रामपाल निवासी चन्दनकटी मौजा थाना-कैलादेवी, माजिद पुत्र मुशाहिद हुसैन निवासी ग्राम गोविन्दपुर, रेहान पुत्र सद्दाम हुसैन निवासी चौधारी सराय तहसील व जिला सम्भल एवं 06 महिलाऐं कैसर जहां पत्नी मो. इकबाल निवासी रूकन्दी सराय थाना-नखासा, खुशबू पत्नी अजय निवासी ग्राम बेला तहसील सम्भल, पूजा पत्नी मनोज निवासी ग्राम वेला तहसील-सम्भल, नेमवती पत्नी यशवीर निवासी ग्राम चन्दनकटी मौजा थाना-कैलादेवी, इफरा परवीन पत्नी फैसल निवासी दीपा सराय, सम्भल एवं लायवा पत्नी फैजल निवासी दीपा सराय, सम्भल थी। जबकि सेन्टर के रिसेप्शन से 02 रजिस्टर पाये गएं जिनमें दैनिक अल्ट्रासाउण्ड कराने वाले व्यक्तियों की जानकारी अंकित थी। इनमें 02 रजिस्टर अल्ट्रासाउण्ड हेतु एवं 01 रजिस्टर एक्स-रे हेतु मिला। अल्ट्रासाउण्ड रजिस्टर 13 अल्ट्रासाउण्ड किये गये थे।जबकि कौन रोगी किसके भेजा गया यह भी रजिस्टर में अंकत था। मरीजों से ली जा रही 600 रूपये की धनराशि भी उसमें दर्ज थी। इतना ही नहीं मरीज यदि किसी डॉक्टर के द्वारा रेफर है तो उसके आगे राशि जैसे-100, 200, 300, 350 आदि अंकित थे। जो मरीज भेजने वाले को उपहार स्वपरूप राशि दी जाती है। कम्प्यूटर का निरीक्षण करने पर डेस्कटॉप पर ही एक फोल्डर यू.एस.जी. रिपोर्ट 1 के नाम से बना हुआ था, जिसके अन्दर के फोल्डर 2026 के नाम से एवं इस फोल्डर के अन्दर दिनांक 1 से 20 तक किये गये सभी अल्ट्रासाउण्ड की रिपोर्ट वर्ड सुरक्षित थी। इसमें कुल 11 व्यक्तियों की अल्ट्रासाउण्ड रिपोर्ट तैयार की गयी थी, जबकि रजिस्टर में 13 व्यक्तियों की जानकारी अंकित थी। रजिस्टर में 13 नम्बर पर अंकित नंदिनी नामक महिला के अल्ट्रासाउण्ड का चित्र कम्प्यूटर पर रखा पाया गया। मौके पर अल्ट्रासाउंड किसके द्वारा किया गया है इसकी जानकारी करने पर कोई जवाब नहीं दिया गया। जबकि पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि माजिद पुत्र मुशाहिद हुसैन निवासी ग्राम गोविन्दपुर एवं इनके भाई साहिद हुसैन पुत्र मुशाहिद हुसैन निवासी ग्राम गोविन्दपुर तहसील सम्भल संचालित करते हैं। इसके अलावा इफरा परवीन पत्नी फैसल निवासी दीपा सराय, सम्भल एवं लायवा पत्नी फैजल निवासी दीपा सराय, सम्भल सेन्टर पर रिसेप्शन पर कार्य करती हैं। उन्होने बताया कि इस सेन्टर पर जितेन्द्र नामक व्यक्ति अल्ट्रासाउण्ड करता है। अन्य व्यक्ति अपना अल्ट्रासाउण्ड करने के लिए मौजूद मिले। सेंटर संचालक माजिद पुत्र मुशाहिद हुसैन निवासी ग्राम गोविन्दपुर ने जानकारी दी कि अल्ट्रासाउण्ड रजिस्टर्ड है और यहां डॉ. हरेन्द्र अत्री अल्ट्रासाउण्ड करने के लिए अधिकृत हैं। मगर निरीक्षण के दौरान डॉक्टर के अनुपस्थिति में उपर्युक्त 13 व्यक्तियों के अल्ट्रासाउण्ड किये गये थे। सेंटर संचालक से वैध अभिलेख मांगे गए तो सेन्टर के संचालन के सम्बन्ध में कोई वैधअभिलेख पेश नहीं किए गए। 13 अल्ट्रासाउण्ड की बाबत कोई संतोषजनक उत्तर दिया गया। नगर मजिस्ट्रेट ने डॉ. मनोज चौधारी, नोडल अधिकारी, क्वैक्स को निर्देशित किया गया कि इस अल्ट्रासाउण्ड के संबंध में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक जांचोपरांत संबंधित थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करें। जबकि अयोग्य व्यद्रि द्वारा संचालित पाये जाने के कारण तत्काल यूनिक अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर को वैध अभिलेख प्रस्तुत करने तक सील कर बंद कर दिया गया।

# अल्ट्रासाउंड सेंटर से आशा वर्कर ले रही हैं मोटा कमीशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** अवैद्य अल्ट्रासाउंड सेंटरों का संचालन कर ऊल जलूल रिपोर्ट देकर रोगियों के जीवन से खिलवाड़ करने के गोरखधंधे में न केवल भगवान का दूसरा रूप माने जाने वाले चिकित्सक शामिल हैं बल्कि आशा वर्कर भी इस खेल की चलवाने में पूरी माहिर है। अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर मरीज़ों को ले जाकर मोटा कमीशन हासिल कर रही है।

- अल्ट्रासाउंड सेंटर पर मिली डायरी ने खोला राज़

दर असल मंगलवार को नगर मजिस्ट्रेट ने सकसैना अस्पताल के सामने स्थित मार्केट में यूनिक अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापा मारा तो वहां एक दो नहीं बल्कि ऐंसे राज सामने आए जिन्हे देखकर निरीक्षण करने पहुंचे नगर मजिस्ट्रट भी सकते में पड़ गए। अब तक सेंटरों और लैबों पर जांच कराने भेजने वाले चिकित्सकों के मोटा कमीशन वसूली का खेल उजागर होने के बाद आशा वर्कर भी इस खेल की माहिर हो चुकी है। यह सामने आया। अल्ट्रा साउंड सेंटर पर निरीक्षण कर रहे नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार सोनी को एक डसायर हत्थे लग गई। डायरी के पन्ने खोले गए तो उसमें से राज भी निकलकर बाहर आने लगे। जबकि डायरी में 30-35 आशाओं के नाम ओर नम्बर दर्ज थे जो रोगियों को लाकर मोटा कमीशन वसूल रही हैं। नगर मजिस्ट्रट ने इसकी पुष्टि के लिए रोगी बनकर पहले नम्बर पर एक आशा वर्कर से फोन पर सम्पर्क साध कर उससे अल्ट्रासाउंड कराने के लिए बात की। आशा वर्कर पहले तो समझ नहीं पायी और उसने पूछ कि आप बोल कौन रहे है। नगर मजिस्ट्रेट ने रोगी बताकर पूछ कि कहां अल्ट्रासाउंड कराया जाये तो उसने यूनिक अल्ट्रासाउंड सेंटर का नाम लिया और वहां रिसेप्शन पर बैठने वाली लड़की से उसकी बात कराने को कहा। नगर मजिस्ट्रेट ने उस डायरी को अपने कब्ज़े में ले लिया है। माना जा रहा है कि अलट्रासाउंड सेंटर से मिली डायरी में अंकित आशा वर्करों के नाम मिलने पर प्रशासन गम्भीतर से लेगा और कमीशनखोर आशा वर्करों पर कार्रवाई की जायेगी।

# आखिरी रील बनाकर युवक ने दे दी जान

- ज़िन्दगी से तंग आने जैसी बात वीडियो में कर रहा मृतक
- अपनी मौत का खुद को बताया जिम्मेदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** तोहफा बेकाई का जब तुझे वहां मिलेगा... लगेगी जिंदगी हराम तुझे मेरी तरह... यह आखिरी रील बनाने वाले युवक ने कीटनाशक का सेवन कर जान दे दी। युवक ने जान देने से पहले सोशल मीडिया पर एक रील शेयर की। जिसमें वह जिंदगी के साथ किसी शख्स से तंग आने जैसी बात कह रहे हैं। हालांकि वह अपनी मौत का जिम्मेदार खुद को बता रहे हैं। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। परिवार भी युवक के इस कदम से सदमे में हैं। युवक ने ऐसा क्यों किया यह जवाब किसी के पास नहीं है।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी निवासी फिरोज (19) ने सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे कीटनाशक का सेवन किया। जब कीटनाशक ने असर किया तो वह चिल्लाने लगे। परिजन पहुंचे तो कीटनाशक का सेवन करने की जानकारी दी। परिजन मुरादाबाद के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक फिरोज के पिता नजर हुसैन ने बताया कि उनका बेटा सिलाई करता था। दो दिन पहले दिल्ली गया था और रविवार को घर लौट आया था। सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे दूसरी मंजिल के कमरे में जाकर कीटनाशक का सेवन किया। चीखने-चिल्लाने की आवाज पर पहुंचे थे। बताया कि कीटनाशक गोलियों के दो डिब्बे मिले हैं। एक डिब्बे में सात गोलियां होती हैं। बताया कि युवक आठ भाई-बहनों में सबसे छोटा था। वहीं, दूसरी ओर परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया है। पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है।

# मांगलिक कार्य हुए आरम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** खरमास होने के कारण पिछले एक माह से सभी मांगलिक कार्य थमे हुए थे। 14 जनवरी को सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर धार्मिक मान्यता के अनुसार मांगलिक कार्य फिर से शुरू हो गए हैं।
सूर्य के उत्तरायण में आने के बाद मौसम एवं बाजार खिल उठा है। जहां वसंत श्रृतु ने अपने आगमन की दस्तक दे दी है। वहीं, फरवरी एवं मार्च में होने वाली शादी सीजन ने कारोबारियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। ज्यादातर विवाह घर, कैटरिंग एवं बैंड बाजे बुक हो चुके हैं।ऐसे में शादी सीजन के लिए लोगों ने खरीदारी करना शुरू कर दी है। स्थानीय बाजारों में एक बार फिर रौनक लौट आई है। पण्डित श्याम बिहारी व सत्यम मिश्रा के अनुसार दो फरवरी को शुक्र उदय हो जाएंगे। इसके पश्चात फरवरी में नौ एवं मार्च में पांच विवाह लग्न की शुभ तिथियां हैं। इससे पहले 23 जनवरी को वसंत पंचमी है, जिसे अबूझ मुहूर्त तिथि माना जाता है, लोक मान्यता एवं परंपरा के अनुसार विवाह कार्य होंगे।

# शहर की निवासी करती है शेरपुर की ग्राम प्रधानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** शहर निवासी और पत्नी के नाम गांव के वोटर लिस्ट में शामिल कराकर ग्राम प्रधानी के मजे लेता आ रहा ग्राम प्रधान पति की कलई गाहे-बगाहे खुलती रहती है। पत्नी प्रधान और स्वयं प्रधानी के मज़े लूट रहा प्रधान पति अब गांव में पसरी गंदगी को लेकर फिर से सुर्खियो में है।

- प्रधानी के मजे लूट रहा है प्रधान पति, गांव में पसरी गंदगी दे रही बीमारियों को न्यौता

तहसील क्षेत्र के विकास खंड पंवासा की ग्राम पंचायत शेरपुर जिसकी प्रधान महिला किरन जहां है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान गांव में दिखायी नहीं देती जबकि वह अपने पति सेठ मौहम्मद अली के उप नगरी सराय तरीन में रहती है जबकि ग्राम प्रधानी का कार्य उसका पति और बेटा देखता है। गांव में न रहकर शहर में निवास करने वाली महिला ग्राम प्रधान के गांव में न आने से नालियों के साथ साथ नालियों पसर रही गन्दगी ने गाँव भर को अपनी जद में ले रखा है जिस कारण गांव में लगे गन्दगी के अम्बार ने ग्रामीणों को बीमारी का न्यौता देना शुरू कर दिया है लेकिन जिम्मेदार शेरपुर ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि उनके पति हाजी मोहम्मद अली सेठ व सब कुछ जानते हुए भी इससे बेखबर है ओर हों उभी तो क्यो नही उनको तो ग्राम शेरपुर से दूर सरायतरीन अपने निवास पर जिंदगी जो बसर करनी है। उनको ग्राम शेरपुर की समस्याओं व ग्रामीणों को हो रही परेशानी से क्या मतलब। ग्रामीणों का तो यह भी आरोप है कि महीनों बाद नालियों से निकाल कर गन्दगी को सड़क पर डाल दिया गया है लेकिन सप्ताह भर से इस गन्दगी को सड़क से नही उठाया गया है जिसके चलते ग्रामीण परेशान हैं। इतना ही नहीं इस ग्राम पंचायत की गोपनीय स्तर पर जांच करायी जाये तो वर्तमान से लेकर पूर्व में किए गए काले कारनामों के पन्ने अपने आप खुल सकते हैं।

# मल्टी स्टोरी चैम्बर में बदलेगा तहसील भवन

- बदायूं सांसद ने दी बीस लाख की धनराशि
- जेई ने किया सर्वे एस्टीमेट हो रहा तैयार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** 168 साल पुराने भवन में चल रही गुन्नौर तहसील के भवन को मल्टीस्टोरी चेंबर के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए जेई बहजोई ने सर्वे किया है और अब एस्टीमेट बनाया जा रहा है। कार्य के लिए सपा से बदायूं के सांसद बदायूं आदित्य यादव ने 20 लाख रुपये की धनराशि दी है।
बता दें कि तहसील गुन्नौर प्राचीन हिंदू राजाओं से जुड़ा रहा। पूर्वकाल में कभी ऊंचे टीले पर किला होता था। जिसे बाद में मुगलों और अंग्रेजों ने संभाला। इस क्षेत्र का नाम ईरान के 'गुन्नौर' से प्रेरित कर रखा गया है। गुन्नौर में 'मखदूम शाह विलायत' की दरगाह भी है। इसे एक ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व देती है। तहसील गुन्नौर को 1858 में अंग्रेजों ने 168 वर्ष पूर्व तहसील का दर्जा दिया था। वर्ष 1859 में गुन्नौर को टाउन एरिया का दर्जा मिला था। सपा प्रमुख स्व. मुलायम सिंह यादव, जब गुन्नौर से विधायक और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बने थे। तब उन्होंने अधिवक्ताओं के चैंबरों का निर्माण गुन्नौर तहसील में कराया था। वर्तमान में भी उसी भवन में अधिवक्ता बैठकर कार्य करते हैं। जबकि अधिवक्ताओं की संख्या बढ़ती जा रही है और भवन सीमित हैं। इस पर बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर के अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव व महासचिव सुरेश यादव ने बदायूं के सांसद आदित्य यादव को ज्ञापन देकर यहां मल्टीस्टोरी चेंबर बनाने की मांग की थी। सिविल बार एसोसिएशन गुन्नौर के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव ने बताया कि सिविल बार में 90 पंजीकृत अधिवक्ता हैं। इनके अलावा प्रलेखकगण भी बैनामा लेखन आदि कार्य कर रहे हैं। टाइपिस्ट, फिर अधिवक्ताओं के मुंशी आदि लोग तहसील गुन्नौर पर कार्य कर रहे हैं। बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव ने बताया कि मल्टीस्टोरी चेंबर्स के लिए सर्वे किया जा चुका है और एस्टीमेट बनाया जा रहा है। सपा सांसद बदायूं आदित्य यादव ने 20 लाख रुपये की मंजूरी भी दी है। इससे प्रोजेक्ट में मदद मिलेगी।

## पर्यावरण व वृक्षारोपण समिति की बैठक में चर्चा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला पर्यावरण एवं जिला वृक्षारोपण तथा जिला गंगा समिति की बैठक में स्नैक कैचर की जानकारी ली और वृक्षारोपण के जियो टैग पर चर्चा की। कलक्ट्रैट सभागार में आयोजित बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव ने बताया कि ग्राम बबैना निवासी स्नेक कैचर जाबुल जनपद में सांप पकड़ने का कार्य बहुत ही अच्छे तरीके से किया जा रहा है तथा कोई भी सांप पकड़ने से संबंधित समस्या हो तो इनका सहयोग लिया जा सकता है। जाबुल द्वारा बैठक के अंतर्गत बताया गया कि उनके द्वारा बहुत से स्थानों से सांप पकड़ने का कार्य किया गया है तथा उनको सुरक्षित तरीके से जंगलों में छोड़ा गया है।

# खेतों को उजाड़ रहे आवारा पशु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर तहसील के गांव क्षेत्रों में आवारा पशुओं से किसानों को भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। कई ग्रामीण क्षेत्रों में गोवंशीय पशु,नीलगाय और बछड़े खुलेआम घूमकर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे उनकी उपज बर्बाद हो रही है।
किसानों के अनुसार, इन ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा पशुओं को आसानी से चारा मिल जाता है, जो उनकी बढ़ती संख्या का एक मुख्य कारण है। इसके अलावा, कुछ लोग जानबूझकर आवारा पशुओं को पकड़कर इन इलाकों में छोड़ रहे हैं, जिससे उनकी तादाद तेजी से बढ़ रही है।
किसानों ने बताया कि आवारा पशु उनकी सरसों, गेहूं जैसी फसलों को बड़े पैमाने पर नष्ट कर रहे हैं। विशेष रूप से गेहूं की फसल आवारा पशुओं के लिए सबसे पसंदीदा है और वे इसे तेजी से बर्बाद कर रहे हैं। स्थानीय निवासी किसान किशनपाल,सुरेश कुमार,वेदराम सिंह सहित अन्य किसानों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि आवारा पशुओं से अपनी फसलों को बचाने के लिए उन्हें खेतों में रात-दिन पहरा देना पड़ रहा है। कई किसानों ने तो अपने खेतों और किनारों पर बाड़ (बधाई) भी लगा ली है। इस क्षेत्र में गाय और नीलगायों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि किसानों के लिए एक बड़ी समस्या बन गई है।

# अल्लाह की खास नैमत है कुरान हिफ्ज होना: कासमी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मदरसा इशातुल कुरान मे तीन बच्चों के हिफज-ए-कुरान मुकम्मल करने पर हाफिजों की गुलपोशी हुई और उन्हें इनाम देकर नवाजा गया। उप नगरी सराय तरीन स्थित मदरसा इशातुल कुरान मे बच्चों के कुरान मुकम्मल करने पर दुआ का प्रोग्राम हुआ। जलसे की शुरूआत कारी अरमान ने तिलावते कुरआन से की। नाते पाक हाफिज रुमान ने पेश की। दीनी कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए मौलाना मुफ्ती अब्दुल गफूर कासमी ने कहा कुरान मजीद को हिफ्ज करने वाले बच्चे के मां-बाप को कयामत के दिन अल्लाह उनके सर पर ताज पहनाएगा, जिसकी रोशनी सूरज से भी ज्यादा चमकदार होगी, कयामत के दिन हाफ़िज-ए-कुरान से कहा जाएगा, पढ़ते जाओ और (जन्नत में) ऊपर चढ़ते जाओ। तुम्हारा दर्जा वहीं होगा जहाँ तुम आखिरी आयत पढ़कर रुकोगे। हाफिज-ए-कुरान के मां और बाप को ऐसा लिबास पहनाया जाएगा ,जिसके मुकाबले में दुनिया की कोई हकीकत न होगी। कुरान के हाफ़िज के मां बाप कहेंगे कि हमें किस वजह से लिबास पहनाया गया है। तब उनसे कहा जाएगा कि ये तुम्हारे बच्चे के कुरान पढ़ने की वजह से है। हमारे प्यारे रसूल ने फरमाया है कि जिसने कुरान पढ़ा और उसको याद कर लिया और उसके हलाल को हलाल जाना और हराम को हराम समझा उसके घरवालों में से उन दस लोगों के बारे में अल्लाह ताला उसकी शफ़ाअत कुबूल फरमाएगा। जिन पर जहन्नुम वाजिब हो चुका थी। अल्लाह के रसूल ने फरमाया, तुम में से सबसे बेहतर वह है जो कुरआन सीखे और सिखाए।कुरान के हर हर्फ पढ़ने पर दस नेकियां मिलती हैं, हाफिज को पढ़ने में दोहरा सवाब मिलता है। जो कुरआन पढ़ता है और याद करता है, वह नेक और नेक-कार फरिश्तों के साथ होगा। हाफिजे कुरान के मरते दम तक कुरान सीने में महफूज रहता है। जो बच्चा कुरान को हिफ्ज करता है। उसको अल्लाह बेशुमार इनामों से नवाजता है। आखिर में कुरान हिफ्ज करने वाले मुहम्मद तारिक, मुहम्मद असद और मुहम्मद मुहम्मद इबाद को लोगों ने नये हाफिज बनने पर फूल-मालाएं पहनाकर मुबारकबाद दी। जलसे की निजामत मौलाना इमरान कासमी ने की। जलसे के आखिर में मुल्क में अमन-चैन और तरक्की के लिए दुआ कराई गई, इस दौरान डा. इशरत, हसीब अहमद, हाजी हारुन, हाजी बाबू, हाफिज जाकिर, मुफ्ती मुशर्रफ, कारी अरमान, कारी नाजिम, कारी रिजवान, हाफिज रुमान, हाफिज हारून, मास्टर नाजिश मियां आदि मौजूद रहे।



सम्भल- उप नगरी सराय तरीन में बच्चों के कुरान हिफ्ज करने पर जलसे में बोलते।

# गाय पालन और प्राकृतिक खेती से दोगुनी आय सम्भव

- रामा गोशाला का गोसेवा आयोग के सदस्य ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने कहा कि गाय पालन को रोजगार से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से जैविक व प्राकृतिक खेती अपनाने का आहवान करते हुए कहा कि इससे जहां जीवन निरोगी रहेगा, वहीं किसानों की आय भी बढ़ेगी।
बबराला कस्बे में सुधा गौतम के आवास पर गो सेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपायाय ने कहा कि प्रदेश सरकार एक गाय के पालन पर प्रतिदिन 50 रुपये की सहायता दे रही है। कहा कि गाय का दूध लेने के बाद उसे छोड़ देने की गलत परंपरा को त्यागना चाहिए। क्योंकि गाय के गोमूत्र और गोबर से भी आर्थिक लाभ लिया जा सकता है। सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रति एकड़ दो हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दे रही है। जिसका लाभ लेकर किसान अपनी आय दोगुणी कर सकते हैं। बताया कि गाय के पांच गव्यों से करीब 100 प्रकार के उत्पाद बनाए जा सकते हैं। रमाकांत उपाधयाय ने बजरंग दल फिरोजाबाद के अध्यक्ष कालीचरन के साथ तहसील गुन्नौर की तीन गोशालाओं रामनगर टप्पा वैश्य, रसूलपुर और बबराला की रामा गोशाला का निरीक्षण किया। रामनगर टप्पा वैश्य गोशाला में चारे की व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिली। इस मौके पर सुधा गौतम, विजय शर्मा, सुनील कुमार, सोनू यादव आदि मौजूद रहे।

# वैज्ञानिक दावे झूठे यहां चर्म रोक से मिलती है मुक्ति

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** बूढ़े बाबा के मेले का शुभारंभ हो गया। मेला 15 दिवसीय होगा। पहले ही दिन श्रृद्वालुओं ने पूजा अर्चना की। और चर्म रोगों से मुक्ति को तालाब में डुबकी लगाई। इसके बाद बच्चों ने चाट पकौड़ी खाकर मेले का आनन्द लिया तो महिलाओं ने सामानों की खरीदारी की।

असमोली स्थित बूढ़े बाबा के मेले में हजारों की संख्या में श्रृद्वालु आते है। सुबह से ही श्रृद्वालुओं ने पहुंचकर पवित्र जलाशय में डुबकी लगाते है फिर सतरंगी प्रसाद चढ़ाया जाता है। मेले का शुभारंभ भाजपा के जिला अध्यक्ष हरेंद्र उर्फ रिंकू ने पूजा अर्चना कर किया। दोपहर तक श्रृद्वालुओं का आना जाना लगा रहा। मान्यता है कि यहां तालाब में नहाने से चर्म रोग ठीक हो जाते है। इसलिए इस चमत्कारी तालाब में नहाने के लिए बड़ी संख्या में लोग आते हैं। यहां साल में दो बार बूढ़े बाबा का मेला लगता है। बूढ़े बाबा के मेले में दूर-दूर से श्रृद्वालु भारी संख्या में आते हैं। इसी दौरान रोगी खासकर जिन्हे चर्म रोग हुआ होता है, इस तालाब में स्नान करते हैं। इसी आस्था के साथ श्रृद्वालुओं ने डुबकी लगाई। इसके बाद बच्चों ने मेले में चाट पकौड़ी का आनन्द लिया। बच्चों ने झूले झूलकर व मौत का कुआं, सर्कस देखकर मेले का लुत्फ उठाया। इस अवसर मेला कमेटी के अध्यक्ष ग्राम प्रधान डोली, आदि मौजूद रहे।



असमोली- बूढ़े बाबा के मले में चर्म रोगों से मुक्ति को तालाब में स्नान करते।

## कोहरे से निजात धूप से मिली राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जहाँ लोगों को कोहरे से निजात मिली। वहीं सुबह से खिली धूप से लोगों को ठंड से राहत मिली। सुबह मौसम पूरी तरह साफ रहा। लोग सुबह से ही अपने घरों की छतों पर बैठकर धूप का मजा लेते रहे। खूब धूप खिली। इससे लोगों को ठंड से राहत मिली।
मंगलवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कस्बे और क्षेत्र में सुबह के समय निकली धूप से लोगों ने कोहरे के साथ ही सर्दी न होने से राहत की सांस ली। इससे पहले लोग सर्दी व कोहरे की बजह से काफी परेशान थे। किसान अपने खेतों में खाद-पानी के अलावा कीटनाशक दवा का छिड़काव करते रहे।

## प्रधानाचार्य की माता के निधन पर शोक

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर के रामा कन्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्य सुधा गौतम की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।
नगर के स्टेशन के पास स्थित रामा कान्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्य सुधा गौतम की माता का आज निधन हो गया। उनके निधन पर घर जाकर लोगों ने शोक व्यक्त किया। उनका अंतिम संस्कार गंगा घाट राजघाट पर किया गया। शोक व्यकत करने वालों में कमल शर्मा, हरेश बाबू शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा संजय शर्मा श्रीकृष्ण भारद्वाज एके शर्मा नारायण शर्मा सोमेश कुमार आदि रहे।

# तीर्थों के विकास को भेजे गए प्रस्ताव

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** कल्कि देव तीर्थ समिति एवं पर्यटन विभाग की बैठक में भूमि अधिग्रहण एवं सड़क निर्माण कार्य प्रस्ताव व तीर्थो को खोजने की जानकारी दी गई। अपर जिलाधिकारी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गएं।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उप जिलाधिकारी रामानुज के द्वारा भूमि अधिग्रहण एवं सड़क निर्माण कार्य के प्रस्ताव तथा तीर्थो को खोजने के विषय में अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा को अवगत कराया जिसको लेकर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित करते हुए कहा की आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अपर जिलाधिकारी ने अवगत कराते हुए कहा कि 24 कोसीय परिक्रमा के लिए प्रस्ताव शासन को भेज दिए है उन्होंने कहा कि तीर्थ के विकास के लिए प्रस्ताव प्रेषित कर दिए गए हैं जिससे सम्भल तीर्थ का विकास सम्भव हो सके। उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग को भी समय से बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी तीर्थ का सत्यापन किया जाए। उन्होंने कहा की परिक्रमा मार्ग का भी सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त समिति के सदस्यों के प्रस्तावों को विस्तार पूर्वक सुना एवं संबंधित को निस्तारण करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्यों को अवगत कराते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट बी एण्ड बी एवं होमस्टे नीति 2025 का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, तथा प्राचीन तीर्थ क्षेमनाथ के महंत बाल योगी दीनानाथ महाराज, अनंतपुरी महाराज अट्टा अतौरा, महाराज श्रृषि राज गिरी कैला देवी धाम, संजय पोली आदि मौजूद रहे।

- कल्किदेव तीर्थ समिति की बैठक ली जानकारी

खबरे छुपाता नही, छापता है।
शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल

## एक नजर

### चाय सेवा का समापन



**बिजनौर।** जनहित में जारी निशुल्क कुल्हड़ चाय सेवा का समापन वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर आज हो गया। साहित्य विहार कॉलोनी निवासी डॉ. मोहित शर्मा द्वारा पिछले कई दिनों से निरंतर जारी नि:शुल्क कुल्हड़ चाय सेवा काफी चर्चा में रही है। नि:स्वार्थ भाव से की जा रही चाय सेवा के समापन पर आज राजीव सिसौदिया पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, अंकुर गौतम नगर अध्यक्ष भाजपा सहित अनेक व्यक्ति मौजूद रहे। सर्दी के मौसम में कुल्हड़ वाली गर्म चाय आमजन को गर्माहट का एहसास कराती है। डॉ. मोहित शर्मा ने बताया कि सहयोग देने के लिए वहां उपस्थित सभी लोगों व अपनी पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पंकज शर्मा, राजीव कश्यप, राजीव शर्मा दानी, दीपक कुमार, दिनेश कुमार शर्मा, प्रो. अजय राणा, शरद शर्मा, सिद्धार्थ लंकेश, मयंक, पारस वत्स, पवन कुमार शर्मा, सुनील भारद्वाज, विजयपाल सिंह आदि का सहयोग रहा।

### रविदास कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक



**नगीना।** नगर में रविदास जयंती पर शोभायात्रा निकालने हेतु अंबेडकर पार्क में रविदास कमेटी की बैठक हुई। जिसमें जयंती को धूमधाम से मनाने और शोभायात्रा निकालने के सम्बन्ध में सभी ने अपने-अपने विचार रखे और जयंती को भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रविदास सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय कुमार, पूर्व विधायक सतीश गौतम, अवनीश मालवा, भाजपा प्रांतीय पार्षद रोहित कुमार रवि, अध्यक्ष अंबेडकर स्मारक सुगमचंद, राजकुमार सिंह, लेखराज सिंह, यशवंत सिंह, गोपाल एड, बलराम सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अवनीश कुमार, अमित कुमार, कोमल सिंह, ज्ञानी सिंह सहित रविदास समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

### डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान



**अफजलगढ़।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) मुन्ना लाल ने अपनी टीम के साथ अभियान चलाते हुए डग्गामार वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस दौरान एक स्कूल बस सहित करीब एक दर्जन छोटे-बड़े वाहनों का चालान किया गया तथा कुछ वाहनों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया गया। चैकिंग अभियान राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूतपुरी तिराहा और सेंट मैरी स्कूल के पास चलाया गया। चैकिंग अभियान कार्रवाई के दौरान लकड़ी से भरे एक ट्रैक्टर से 62,680 रुपए की वसूली की गई, जबकि एक ट्रक को सीज किया गया। इसके अलावा स्कूल बसों व अन्य वाहनों से मिलाकर करीब 1 लाख रुपये के चालान काटे गए। इस कार्रवाई से ई-रिक्शा और मैजिक चालकों में अफरा-तफरी मच गई। बिना अभिलेखों और नियमों के विपरीत वाहन चला रहे चालक अपने वाहन लेकर मौके से गायब हो गए।

### छतरीपट्टा से कोबरा सांप रेस्क्यू

**रेहड़।** थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मद अलीपुर पट्टाघाट उर्फ छतरीपट्टा निवासी विशम्भर सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह ने अपने घर में एक कोबरा सांप को घूमते हुए देखा। उन्होंने इसकी सूचना वन कर्मियों को दी। सूचना पर वन दरोगा रवि कुमार, वन रक्षक फूल सिंह, दैनिक श्रमिक गौरव कुमार, नैन सिंह और किशन मौके पर पहुंचे और और कड़ी मशक्कत कर घर के अंदर छुपे बैठे कोबरा को स्टिक की मदद से रेस्क्यू कर लिया। उल्लेखनीय है कि रविवार को वन विभाग की टीम ने गांव केहरीपुर जंगल निवासी कृष्णपाल सिंह पुत्र चेतराम के घर के सामने से भी एक कोबरा को रेस्क्यू किया था। वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने बताया कि कोबरा की लंबाई 3 - 4 फिट है और वह स्वस्थ है। कोबरा को अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के कक्ष संख्या 15 में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया है।

### नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**नगीना।** पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अवनीत मान के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में आरोपी निखिल सैनी को पकड़ा गया। घटना 10 जनवरी की है। एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर पीड़िता को बरामद कर लिया। संबंधित के बयानों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर निखिल सैनी की भूमिका सामने आई। आरोपी निखिल सैनी दिवेश सैनी का बेटा है और मिस्सरपुर थाना जवालापुर जनपद हरिद्वार उतराखण्ड का रहने वाला है। उस पर धारा 65 (1)/137 (2) व 3/4 (2) बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 16/17 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### चोरी का खुलासा, सामान बरामद

**नगीना।** थाना क्षेत्र के मौहल्ला लाल सराय स्थित एक कन्फैक्शनरी की दुकान में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मौहल्ला काजी सराय द्वितीय तार बाला बाग निवासी शारिक पुत्र सुलेमान उर्फ अच्छन के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। लाल सराय चौकी इंचार्ज सोहन सिंह पुंडीर का कहना है कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण को लेकर कोई ढिलाई नहीं की जाएगी।

### विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी

**अफजलगढ़।** भूपेन्द्र कुमार पुत्र सुरेश सिंह निवासी ग्राम माननगर, थाना अफजलगढ़ ने थाने में तहरीर देकर बताया कि शाहनवाज पुत्र हबीब अहमद एवं शाहरुख निवासी ग्राम भागीजौत ने उसे विदेश भेजने का झांसा देकर रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व आरोपियों ने उससे कुल एक लाख दस हजार रुपये लिए थे, जिसमें 60 हजार रुपये खाते के माध्यम से तथा 50 हजार रुपये नकद गवाहों के सामने दिए गए थे। साथ ही आरोपियों ने उसका पासपोर्ट भी अपने पास रख लिया था। काफी समय बीतने के बाद भी जब वीजा नहीं आया और पीड़ित ने बार-बार विदेश भेजने की बात कही तो आरोपी टालमटोल करते रहे। पीड़ित का आरोप है कि बाद में आरोपियों ने बीमारी का बहाना बनाकर पासपोर्ट तो वापस कर दिया, लेकिन रुपये लौटाने से इंकार कर दिया। करीब एक माह पूर्व जब पीड़ित ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी देते हुए गांव में न आने की चेतावनी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी व संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी।

### लाभार्थियों को सर्टिफिकेट बांटे

**नजीबाबाद।** नगर पालिका परिषद के आवास योजना के तहत भरे गए फॉर्मों में से सरकार द्वारा चयनित लाभार्थियों को चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने प्रमाण-पत्र वितरित किए।

# दो दोस्तों की हादसे में दर्दनाक मौत

## तीसरा साथी भी घायल







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद मार्ग पर स्वाहेड़ी स्थित मेडिकल कॉलेज के सामने खड़ी टाटा मैजिक से तेज रफ्तार बाइक टकरा गई। बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां दो युवकों को चिकित्सक ने मृत घोषित दिया। युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि तीसरा साथी भी घायल है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर किरतपुर के मौहल्ला किला निवासी कार्तिक (19) पुत्र प्रशांत रस्तौगी अपने दोस्त लक्षित राजपूत (18) निवासी ग्राम भगवानपुर और किरतपुर के ही मौहल्ला हलवाईयान निवासी तुषार के साथ बाइक से बिजनौर आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नजीबाबाद मार्ग पर स्वाहेड़ी स्थित मेडिकल कॉलेज के सामने खड़ी टाटा मैजिक में तेज रफ्तार बाइक टकरा गई। जिससे कार्तिक, लक्षित व तुषार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने एंबुलैंस से जिला अस्पताल पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। अस्पताल में चिकित्सक ने कार्तिक व लक्षित को मृत घोषित कर दिया। युवकों की मौत से परिजनों में को. हराम मच गया। कार्तिक व लक्षित रामा इंस्टीट्यूट में बीएससी द्वितीय वर्ष के छात्र बताए जाते है। शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम को भेज दिए है।

गौरतलब है कि इसी स्थान पर लगातार हादसे होते रहते है। चालक भी अपने वाहन सड़कों पर खड़े कर देते है। जिसकी वजह से अक्सर हादसे होते है। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कठोर कार्यवाही होनी चाहिए।

### लाठी-डंडों से युवक पर हमला

**बिजनौर।** काशीराम कालोनी निवासी अशरफ जहां ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 19 जनवरी की रात करीब आठ बजे दानिश किसी काम से उजमा के घर की ओर से गुजर रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद गुड्डू पहाड़ी, इमरान पहाड़ी, शाहरुख और खालिद उर्फ घोड़ा ने उसे देखते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। दानिश ने विरोध किया, तो आरो. पियों ने मारपीट शुरू कर दी। थोड़ी देर में उजमा और इमरान लाठी-डंडे तथा लोहे की रॉड लेकर मौके पर आ गए। आरोप है कि सभी ने मिलकर दानिश को बुरी तरह पीटा और जान से मारने की नीयत से लोहे की रॉड से सिर पर वार किया। बचाव में रॉड पैर पर लगने से उसकी दोनों हड्डियां टूट गईं और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। शोर सुनकर आसपास के लोग नबील और फरमान मौके पर पहुंचे, तब जाकर आरोपी धमकी देते हुए भागे। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एनएच के इंजीनियर का अपहरण

## वन विभाग के अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एनएच के निर्माण में लगे इंजीनियर के अपहरण एवं ट्रक चालक से मारपीट का गंभीर आरोप वन विभाग के अधिकारियों पर लगा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



प्राप्त समाचार के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नवलपुर में चल रहे एनएच-119 के निर्माण कार्य के दौरान वन विभाग के अधिकारियों पर मारपीट, गाली-गलौज और हाईवे इंजीनियर के अपहरण का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित ट्रक चालक ने थाना कोतवाली शहर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उत्तराखंड के बाजपुर निवासी कावल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह एनएच-119 के निर्माण कार्य में इंजीनियर अनूप कुमार के अधीन ट्रक चालक के रूप में काम करता है। मंगलवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे ग्राम नवलपुर में हाईवे का कार्य चल रहा था। इसी दौरान वन विभाग बिजनौर के एसडीओ ज्ञान सिंह अपने साथियों योगेंद्र सिंह, विवेक मोहन और दो सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि उक्त लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए काम बंद करा दिया और इंजीनियर अनूप कुमार व ट्रक चालक के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर बंदूक की बट और लात-घूसों से दोनों के साथ मारपीट की गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसके बाद आरोपी इंजीनियर अनूप कुमार को जबरन अपने साथ ले गए और निर्माण कार्य में लगे दो डंपर भी ले जाने का प्रयास किया। पीड़ित का कहना है कि वन विभाग के कर्मचारियों की मारपीट के दौरान वह बेहोश हो गया, जिसके बाद अन्य लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। चालक ने आशंका जताई है कि आरा. पी इंजीनियर के साथ कोई अनहोनी कर सकते हैं, क्योंकि अभी तक उनका कोई पता नहीं चल पाया है। घटना से बाद हाईवे निर्माण से जुड़े कर्मचारियों में दहशत का माहौल है।

दूसरी तरफ वन विभाग के अधिकारियों ने इस संबंध में अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बताते है कि वन विभाग के द्वारा भी अपनी तरफ से विभागीय मुकदमा लिखने की तैयारी की जा रही है। इस टकराव से नेशनल हाईवे के निर्माण में रूकावट पैदा हो सकती है।

# डीएम ने ली लम्बित रिट याचिकाओं सम्बंधी बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद/लखनऊ में लम्बित रिट याचिकाओं की अद्यावधिक स्थिति महाधिवक्ता के वेबसाईट पर अपलोड कराने तथा लम्बित रिट याचिकाओं में प्रभावी पैरवी/ शपथ पत्र दाखिल कराने के संबंध में बैठक आयोजित हुई।



जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी अपने विभाग से संबंधित माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन रिट की स्थिति जानने के लिए महा अधिवक्ता की साइट पर जाकर लॉगिन करें और रिट याचिका की सूची एवं उनकी अद्यतन स्थिति का पूरा विवरण आगामी बैठक में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा सभी रिट याचिकाओं की पूरी गंभीरता के साथ पैरवी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि माननीय न्यायालय में रिट याचिका की गंभीरता पूर्वक पैरवी न करने के फलस्वरुप प्रतिकूल आदेश पारित होने पर संबंधित विभागीय अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि मा. उच्च न्यायालय में लम्बित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति समय से महाधिवक्ता की वेबसाइट पर अपलोड कराई जाए, जिससे न्यायालयीय कार्यवाही में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभागीय अधिकारी अपने-अपने प्रकरणों में समयबद्ध एवं प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करें तथा न्यायालय द्वारा मांगे गए प्रतिशपथ पत्र निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से दाखिल किए जाएं।

उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि न्यायालयीन मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित सहित अन्य सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## नजीबाबाद में किशोर की गला काट कर हत्या



**नजीबाबाद।** राहूखेड़ी निवासी अरमान (16 वर्ष) पुत्र महबूब की आज गला काट कर हत्या कर दी गई। उसकी लाश जलालाबाद के मौहल्ला इस्लाम नगर में पंचायत घर के पास सोसायटी के सामने पड़ी मिली। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। वहां लगे कैमरे में एक संदिग्ध कार भी दिखाई दी है। जो घटनास्थल के करीब दस मिनट के बाद बाहर आई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है।

### बैंक के चुनाव के लिए नामांकन



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्राम्य बैंक लिमिटेड शाखा हल्दौर प्रतिनिधि बैंक के चुनाव में धर्मवीर सिंह पुत्र जसवीर सिंह निवासी त्रिलोकपुर उर्फ अल्हैदपुर व शीतल चौधरी पत्नी धर्मवीर सिंह द्वारा नामांकन कराया गया। जिसमें भारी संख्या में क्षेत्रवासी नामांकन में शामिल हुए। जिसमें मुख्य रूप से मुकेश कुमार बल्दिया एवं राकेश कुमार खरक ने अपनी दावेदारी छोड़ते हुए धर्मवीर सिंह त्रिलोकपुर वालों का समर्थन किया तथा साथ में जाकर नामांकन कराया तथा धर्मवीर सिंह द्वारा नामांकन में शामिल समस्त क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। नामांकन में मुख्य रूप से सुखवीर सिंह, सुरेन्द्र सिंह, घेरो वाले तथा गजेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, अंकित कुमार, ज्ञानेन्द्र सिंह एड., धमेन्द्र सिंह एड., सुनील प्रधान, सोनू, रामोवतार सिंह, आलोक त्यागी, बबलू चेयरमैन आदि शामिल हुए।

# मदरसे में छात्रों की हुई दस्तारबंदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मदरसा जामिया अरबिया रशीदिया मौहल्ला फुलवाड़ कलालान नगीना में कई छात्रों के कोर्स पूरा होने पर कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसकी सदारत मौलाना मौहम्मद सुलेमान साहब शेखुल हदीस ने की और निजामत मौलाना हिफजुर्रहमान साहब ने की।



इस मौके पर हाफिज बनने पर मौ. मुशर्रफ, मौ . दाऊद, मौ. सलमान, मौ. हैदर की दस्तारबंदी हुई व आलिम बनने पर मौ. नदीम, मौ. अख्तर, मौ. तैयबा की दस्तारबंदी हुई। इस मौके पर मेहमाने खुसूसी मौलाना सैयद अशहद रशीदी सदर जमीयत उलमा हिन्द ने बुखारी शरीफ का सबक देते हुए फरमाया कि दुनिया में हम जितने भी आमाल अच्छे करें, जिसमें रोजा, नमाज, हज, जकात के साथ-साथ हमें हलाल रोजी का इस्तेमाल करना चाहिए और हराम से बचना चाहिए, जिससे कयामत के दिन हमारे अमाल का वजन बहुत ज्यादा हो। उन्होंने कहा कि हमें आपस में प्यार मोहब्बत के साथ बिना तफरीक ए मजहब व मिल्लत एक दूसरे के काम आना चाहिए। मौलाना अशहद रशीदी ने देश और दुनिया में अमन ओ अमान के लिए दुआ कराई। डॉ. मौलाना खलीक अहमद कासमी ने तमाम आने वाले मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर मुफ्ती नबील, मुफ्ती कफील अहमद, वाहिद अंसारी, चेयरपर्सन पुत्र शहराज खलील, समाजसेवी हाजी तंजील आलम, मौलाना सुलेमान, मौलाना रईस, मौलाना मुफ्ती इलियास, मिनहाज कारी, मौलाना खलील, मौलाना वकील, कघरी कासिम, मुफ्ती शादाब, मुफ्ती ओवेस अकरम, अतीक भारती मौजूद रहे।

## एक नजर

### चोरी की शराब के साथ अरेस्ट

**बिजनौर।** स्थानीय मौहल्ला खत्रियान निवासी केशव दूबे पुत्र रत्नाकर दूबे ने आज शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि अमन पुत्र मंसूर निवासी मौहल्ला मिर्दगान को अपने दो साथियों के साथ मिलकर उनकी बार से दो पेटी शराब चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर अमन का चालान कर दिया।

### बिजनौर में फिरोज गिरफ्तार

**बिजनौर।** वादी ने 29 दिसम्बर 2025 को शहर कोतवाली में तहरीर दी थी कि अभियुक्त फिरोज उर्फ कल्लू पुत्र मजहर निवासी मौहल्ला नया मछली बाजार ने जान से मारने की नीयत से उसके भाई के ऊपर लोहे की रॉड से हमला किया। पुलिस ने गंभीर धारा में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने फिरोज को गिरफ्तार कर उससे लोहे की रॉड बरामद कर ली है। उसके खिलाफ थाना धामपुर में भी कई मुकदमे पंजीकृत है।

### हाथी के बच्चे का शव बरामद



**बढ़ापुर।** आज सुबह विजयसिंहपुर (बढ़ापुर) वन क्षेत्र में वन विभाग की टीम गस्त पर निकली हुई थी। तभी उन्हें रेंज के अंतर्गत ढकरिया बीट के कक्ष संख्या चार में हाथी के एक नर बच्चे का शव मिला पड़ा मिला है। वन क्षेत्राधिकारी रमेश सिंह ने हाथी के बच्चे का शव मिलने की सूचना उच्च अधिकारियों को दी। सूचना मिलने पर वन संरक्षक मुरादाबाद रमेश चंद्रा, डीएफओ नजीबाबाद अभिनव राज व एसडीओ अंशुमान मित्तल मौके पर पहुंचे और गहनता से शव का निरीक्षण किया। डीएफओ अभिनव राज ने बताया कि बच्चे के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं पाया है। ठंड के चलते बच्चे की मौत होना प्रतीत हो रहा है। बच्चे की उम्र लगभग तीन माह है। शव के पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सकों की टीम में डॉ.एसपी सिंह कासमपुर गढ़ी, डॉ.रजनीश नगीना व कासिम अली किरतपुर शामिल रहे। पशु चिकित्सकों की टीम ने वन संरक्षक मुरादाबाद रमेश चंद्रा की मौजूदगी में शव पोस्टमार्टम किया। वन क्षेत्राधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि बच्चे के शव के पास हाथियों की लीद पड़ी मिली थी, जिससे यह प्रतीत होता है कि बीती रात हाथियों का झुंड शव के पास ही मौजूद रहा होगा। बच्चे को मृत जानकार झुंड शव को छोड़कर चला गया।

### आरबीडी में चित्रकला प्रतियोगिता



**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. मंजू चौधरी के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा चित्रकला विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा क्लब की समन्वयक श्रीमती शिखा मालवीय के निर्देशन में छात्राओं ने सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों को चित्रकला के माध्यम से प्रस्तुत किया। उन्होंने जेबरा क्रॉसिंग, सड़क सुरक्षा से संबंधित स्लोगन, हेलमेट पहनना तथा सीट बेल्ट पहनना, शराब पीकर गाड़ी न चलाना आदि विषयों पर सुंदर पोस्टर बनाए। छात्राओं का उत्साहवर्धन करने के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शारदा द्विवेदी, डॉ. तस्लीम फातिमा, डॉ. मीनू सिरोही, श्रीमती पूजा कुमार, कुमारी शताक्षी, गृह विज्ञान विभाग की लैब असिस्टेंट श्रीमती इंदु शर्मा आदि ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### भाकियू की पंचायत आज

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की जनपद स्तरीय मासिक पंचायत नजीबाबाद डीएफओ कार्यालय पर आज होगी। किसानों व पदाधिकारियों को सुबह 11 बजे डीएफओ कार्यालय नजीबाबाद पर पहुंचने के लिए कहा गया है।

### झालू में पुलिस की विशेष चैकिंग



**झालू।** कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा व्यापक चैकिंग अभियान चलाया गया। अभियान चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कुलदीप कुमार के नेतृत्व में बस स्टैंड तिराहे पर संचालित किया गया। जहां पुलिस ने आने-जाने वाले वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच की। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों को रोक. कर उनके कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा पत्र, हेलमेट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। इसके साथ ही सड़क से गुजर रहे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की गई, ताकि किसी भी आपराधिक गतिविधि की समय रहते पहचान कर उसे रोका जा सके। उप निरीक्षक कुलदीप कुमार ने बताया कि नगर क्षेत्र में चोरी, वाहन चोरी, असामाजिक गतिविधियों एवं अन्य संदिग्ध घटनाओं की रोकथाम के लिए यह चैकिंग अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना और असामाजिक तत्वों में भय का वातावरण उत्पन्न करना है। चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस की सख्ती को देखकर जहां आम नागरिकों ने राहत की सांस ली। बिना कागजात अथवा नियमों का उल्लंघन करने वालों में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील भी की। इस अवसर पर देवेंद्र कुमार, आकाश चौधरी, शुभम राठी सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

### मौहम्मद फैजान ब्लॉक उपाध्यक्ष बने

**नजीबाबाद।** भारतीय किसान यूनियन प्रधान के ब्लॉक अध्यक्ष मौहम्मद आमिल अंसारी ने मौहल्ला रम्पुरा निवासी मौहम्मद फैजान को ब्लॉक उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त करते हुए उन्हें मनोनयन पत्र भेंट किया। उनसे आशा व्यक्त की गई है कि वह संगठन की मजबूती के लिए काम करेंगे। इस मौके पर भाकियू प्रधान के जिला प्रभारी शमशाद गुर्जर, जिला मंत्री शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# वाहन की चपेट में आकर गुलदार के शावक की मौत



शाह टाइम्स संवाददाता

**अफजलगढ़।** अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गुलदार के शावक की मौत हो गई। कालागढ़ मार्ग पर ग्राम रसूलपुर आबाद के मोरझेड़ी के समीप मंगलवार को एक गुलदार का शावक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और शावक के शव को कब्जे में ले लिया।

आशंका जताई जा रही है कि गुलदार का शावक अपने परिवार के साथ क्षेत्र में विचरण कर रहा था, इसी दौरान यह दुर्घटना घटित हुई। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी।

उप प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि मृत शावक नर है और उसकी उम्र लगभग सात वर्ष बताई जा रही है। शावक का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद बुधवार को शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# यातायात नियमों का पालन करें : यादव

## सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा




शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई आरजेपी आर्य इंटर कॉलेज के विशेष शिविर के चौथे दिन सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि सचिन कुमार कृषि विभाग रहे। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार यादव ने किया।

इस अवसर पर सचिन कुमार ने स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा के बारे में बताया कि आपको कभी भी लापरवाही या अज्ञानता वश मोटर वाहन नहीं चलना चाहिए, क्योंकि सड़क पर आपको ही खतरा नहीं है बल्कि और भी लोग जो चल रहे हैं आपके कारण दूसरों को भी खतरा हो सकता है।

इसलिए जब तक आप पूरी तरह से यातायात के नियमों से वाकिफ न हो तब तक आप वाहन न चलाएं। यातायात के जो नियम बताए गए हैं, वह आपके जीवन की रक्षा के लिए बनाए गए हैं। जब तक आपका लाइसेंस नहीं बन जाता है, आपकी गाड़ी फिटनेस नहीं रहती है तब तक उसे सड़क पर ना चलाएं। सड़क आपसे बातें करती हैं क्या कभी आपने इस बात को महसूस किया है, क्योंकि सड़क के किनारे अथवा सड़क पर बने हुए यातायात के चिन्ह आपसे बातें करते हैं जिन्होंने इसको नजरअंदाज किया वह कभी ना कभी यातायात सड़क दुर्घटना का शिकार जरूर होगां इसलिए सड़क पर अथवा किनारे बने हुए यातायात चिन्ह को अपनी संज्ञान में लाएं और सावधानी से सड़क पर वाहन चलाएं।

उन्होंने कहा कि आपका जीवन अमूल्य है। अपने जीवन की कीमत को समझें, जब आप वाहन लेकर घर से निकलते हैं तो आपके सगे संबंधी, रिश्तेदार, पत्नी, बच्चे, मां पिता आपका इंतजार करते हैं। अगर आप की लापरवाही, तेज वाहन चलाने से, नशे की हालत में वाहन ड्राइव करने से कोई जाने अनजाने में घटना हो जाती है तो आपक परिवार को दुख सहना पड़ता है। इसलिए आप यातायात के नियमों का पालन करें। दूसरों को प्रेरित करते रहें। यही हम आज आपसे आशा विश्वास करते हैं, तभी आपके शिविर में मेरा आना सार्थक होगा। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बहुत से ऐसे बच्चे हैं जो बिना ड्राइविंग लाइसेंस या हेलमेट की परवाह किए विद्यालय खुद से वाहन लाने का प्रयास करते हैं। बच्चों के माध्यम से समाज को संदेश देते हुए कहा कि अपने बच्चों को वाहन तब तक ना दें जब तक वाहन चलाने के योग्य न हो जाए।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क पर हम यातायात के नियमों का पालन कर अपने जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं। इसलिए हमें सुरक्षित जीवन के लिए यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी चंद्रहास सिंह, आदर्श कुमार, मौहम्मद शोएब, कुलदीप कुमार, देवराज सिंह, मौहम्मद रफीक, रचित कुमार, बादल कुमार, तबस्सुम आदि उपस्थित रहे।

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लें अधिकारी: जिलाधिकारी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए यदि आवश्यक हो तो स्थलीय निरीक्षण करें तथा मौके पर ही शिकायतकर्ता के साथ वार्ता की जाए और उसके फोटोग्राफ भी शिकायत निस्तारण की आख्या के साथ संग्लन किया जाना सुनिश्चित करें ताकि निस्तारण की गुणवत्ता प्रमाणित हो सके।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रही थीं। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर पंचायत राज एवं एआरटीओ विभाग शिकायत के स्थलीय निरीक्षण न करने तथा असंतोषजनक फीडबैक प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त विभागीय शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिस स्तर से भी शिकायत के निस्तारण की गुणवत्ता प्रभावित होती है, उस अधिकारी के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि यदि शिकायत के निस्तारण के लिए आवश्यकता के बावजूद स्थलीय निरीक्षण नहीं किया जाता तो संबंधित अधिकारी विरुद्ध भी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए के इसी के साथ शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी अनिवार्य रूप से प्राप्त करें और यदि किसी शिकायत का निस्तारण संभव न हो और शिकायत मांग पर आधारित हो तो शिकायत को मांग की श्रेणी में रखकर उसके निस्तारण की कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी शिकायत डिफॉल्ट श्रेणी में नहीं आनी चाहिए। सभी शिकायतों का निस्तारण समयपूर्वक करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आमजन की शिकायतों की पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के लिए बहुत ज्यादा गंभीर और संवेदनशील है। अत: सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण को पूर्ण गंभीरता के साथ लें और किसी भी तरह से निगेटिव अथवा संतोषजनक फीडबैक प्राप्त न होने पाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शरद पाल सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत रहा नगर



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 429वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत भव्य आयोजन संपन्न हुआ। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में नगरवासियों एवं क्षत्रिय समाज के सैकड़ों लोगों ने आरएसएम तिराहे पर स्थित महाराणा प्रताप स्मृति स्थल पर उनकी भव्य प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। उपस्थित जनसमूह ने 'वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप अमर रहें' के उद्घोष के साथ भारत माता के वीर सपूत को नमन किया। पूरा वातावरण देशभक्ति, त्याग और शौर्य की भावना से गूंज उठा। क्षत्रिय नगर स्थित न्यू स्टाइल कोचिंग में महाराणा प्रताप को समर्पित एक भव्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में नगर के प्रतिष्ठित कवियों एवं साहित्यकारों ने अपनी ओजस्वी रचनाओं के माध्यम से महाराणा प्रताप के अद्वितीय पराक्रम, स्वाभिमान और राष्ट्रनिष्ठा का सजीव चित्रण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ धामपुर के संरक्षक डॉ. एन. पी. सिंह ने की, जबकि संचालन अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने किया। काव्य गोष्ठी में डॉ. अनिल शर्मा 'अनिल', राजकुमार वर्मा एवं डॉ. एस.एस. राजपूत ने वीर रस से परिपूर्ण कविताओं के माध्यम से महाराणा प्रताप जी को काव्यांजलि अर्पित की। उनकी रचनाओं पर उपस्थित श्रोतागण बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट से कवियों का उत्साहवर्धन करते रहे। इस अवसर पर डी.एस. चौहान ने अपनी पंक्तियों- 'गवाह इसी बात की पावन हल्दीघाटी है, खून दिया है, पर दी नहीं देश की माटी है।' के माध्यम से महाराणा प्रताप के बलिदान और स्वाभिमान को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में डॉ. रवेंद्र सिंह, श्याम सिंह चौहान, डॉ. आर.के. चौहान, धनंजय सिंह, भूपेंद्र सिंह चौहान, कुंवर आशीष राजपूत, ठाकुर रविकांत, पंकज चौहान, संतोष राजपूत, अरुण कुमार, शिशुपाल सिंह, सुनील कुमार 'सनी' भोजवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन महाराणा प्रताप जी के आदर्शों पर चलने, राष्ट्र सेवा और समाज सेवा के संकल्प के साथ किया गया।

# आम लोगों की थाली से दूर मीट

## लगातार दाम बढ़ने से उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी



शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** मीट के दामों में हो रही लगातार मनमानी बढ़ोतरी ने आम जनता की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मीट खाने वालों को जोर का झटका लगा है, क्योंकि शहर की अलग-अलग दुकानों पर अलग-अलग रेट वसूले जा रहे हैं। कहीं 320 रुपये प्रति किलो तो कहीं 340 रुपये प्रति किलो तक मीट बेचा जा रहा है। बीते दो वर्षों में बड़े के मीट के मामले में दामों में करीब 90 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी कर दी गई है, जिससे उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मीट दुकानदार बिना किसी निर्धारित रेट लिस्ट के मनमाने दाम वसूल रहे हैं। एक ही इलाके में स्थित दुकानों पर भी 30 से 40 रुपये प्रति किलो तक का अंतर देखने को मिल रहा है। इससे साफ जाहिर होता है कि न तो कोई प्रभावी निगरानी है और न ही प्रशासन की ओर से कोई सख्ती। ग्राहकों का आरोप है कि दाम पूछने पर दुकानदार कभी महंगाई का हवाला देते हैं तो कभी सप्लाई कम होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। कई दुकानों पर रेट लिस्ट तक नहीं लगाई गई है, जिससे ग्राहकों को पहले से कीमत की जानकारी नहीं मिल पाती।

जानकारी के अनुसार साल 2024 के अंत तक बडे का मीट दाम 250 रुपये प्रति किलो था। जनवरी 2025 में इसे बढ़ाकर 280 रुपये प्रति किलो कर दिया गया, वहीं 2025 के अंत तक कीमत 300 रुपये प्रति किलो पहुंच गई। हद तो तब हो गई जब 2026 लगते ही 320 किया तथा अब दुकानदारों ने एक बार फिर मनमानी दिखाते हुए बढ़ोतरी कर मीट 340 रुपये प्रति किलो कर दिया।

नगर निवासी नासिर अहमद, शमीम अहमद, बिलाल अहमद, नसीम अहमद, फरीद अहमद, फैसल, तासीर, नदीम अहमद आदि ने मीट के दामों में हुई बढ़ोतरी पर कड़ा आक्रोश जताया। उनका कहना है कि बडे के मीट का कारोबार एक ही बिरादरी के हाथों में होने के कारण दुकानदार मनमाने तरीके से हर महीने दाम बढ़ा देते हैं। महंगाई के इस दौर में गरीब और मध्यम वर्ग जैसे-तैसे परिवार का पालन-पोषण कर रहा है, ऐसे में अचानक दाम बढ़ाना ग्राहकों के साथ अन्याय है। कुछ लोगों ने इसकी शिकायत ऊपर करने की बात भी कही है।

सभासद नासिर पधान ने कहा कि मीट विक्रेता हर माह दाम बढ़ाकर अपनी मनमानी कर रहे हैं, जिस पर रोक लगनी चाहिए। अन्य खाद्य पदार्थों की तरह मीट के दाम भी निर्धारित होने चाहिए, ताकि गरीबों पर अनावश्यक बोझ न पड़े। वहीं समाजसेवी काजी शमीम ने भी लगातार बढ़ते मीट के दामों पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि मीट सप्लायर जब पांच या दस रुपये दाम बढ़ाते हैं, तो दुकानदार एक साथ 20 रुपये या उससे अधिक बढ़ा देते हैं। हर महीने कीमतों में हो रही वृद्धि गंभीर विषय है, जिस पर लगाम लगाने की सख्त जरूरत है।

नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मीट के दाम तय किए जाएं, रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से लगवाई जाए और मनमानी वसूली करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# नाजिम मलिक जिला मंत्री मनोनीत



शाह टाइम्स संवाददाता

**शेरकोट।** अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इमरान अहमद सलमानी की संस्तुति पर नगर शेरकोट के मौहल्ला कास्यथान निवासी नाजिम मलिक को जनपद बिजनौर का जिला मंत्री मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन की सूचना मिलते ही संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

नवमनोनीत जिला मंत्री नाजिम मलिक ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वह संगठन की रीति-नीति एवं उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए पसमांदा समाज के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक उत्थान के लिए पूरी ईमानदारी और सक्रियता से काम करेंगे। उन्होंने संगठन को जनपद स्तर पर और अधिक मजबूत करने, अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने तथा समाज की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नाजिम मलिक को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की उनके नेतृत्व में संगठन जिले में नई ऊंचाइयों को छुएगा।

कार्यक्रम के दौरान आजाद खान, शाहरुख, साहिल, मौहम्मद राजा, अली शकील अल्वी, अरमान कुरैशी सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हर घर स्वदेशी की अगुवाई कर रहे अरुण कुमार वर्मा



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्योहारा नगर में हर घर स्वदेशी अभियान की भव्य शुरुआत की गई। अभियान की अगुवाई भाजपा के वरिष्ठ नेता अरुण कुमार वर्मा ने की देशभक्ति, स्वदेशी और आर्थिक आत्मनिर्भरता के संदेश के साथ शुरू हुए इस जनसंपर्क अभियान को नगरवासियों का व्यापक समर्थन मिला और यह अभियान देखते ही देखते एक जनआंदोलन का रूप लेने लगा।

भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि स्वदेशी कोई विकल्प नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की अनिवार्य आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को सफल बनाने के लिए हर नागरिक को अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों को अपनाना होगा। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और स्थानीय कारीगर छोटे व्यापारी तथा उद्यमी सशक्त बनते हैं। अभियान के तहत नगर के विभिन्न वार्डों, बाजारों और मौहल्लों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि आने वाले दिनों में स्योहारा विधानसभा क्षेत्र में स्वदेशी जागरूकता रैलियां संगोष्ठियां और व्यापारिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य हर घर तक स्वदेशी का संदेश पहुंचाना और भारत को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

# आर्य समाज में ज्ञानोदय पत्रिका का विमोचन

## रेडक्रास सोसायटी ने छात्राओं को जर्सियां वितरित की





शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** आर्य समाज के सभागार में 'ज्ञानोदय ब्रह्म दिग्दर्शिका' के विमोचन एवं जर्सी वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ज्ञानोदय ब्रह्म दिग्दर्शिका के संपादक डॉ. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' द्वारा इस पुस्तिका में ज्ञानप्रद, रोचक और सामाजिक लेखों का समावेश किया गया है। जिससे समाज के हर छोटे-बड़े व्यक्ति को मार्गदर्शन प्राप्त होगा। विशेष रूप से भावी पीढ़ी के लिए अपने सामाजिक जीवन के स्तर को ऊंचा उठाने और संस्कारवान बनाने की शिक्षा मिलना सुनिश्चित है। मैं आशा करता हूं कि भविष्य में यह पुस्तक जनपद ही नहीं प्रदेश और देश में अपने नाम के अनुरूप पथ प्रदर्शक का काम करेगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार चौबे ने कहा कि ज्ञानप्रद पुस्तकों का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। पुस्तकों का अध्ययन हमें जीवन कला की शिक्षा देता है। अपने पूर्वजों, राष्ट्र एवं समाज के प्रति हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के डायरेक्टर एवं पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. सुबोध चंद्र शर्मा तथा योगेंद्र योगी ने ज्ञानोदय पत्रिका की सफलता के लिए संपादक डॉ. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। डॉ. सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' एवं डॉ. रंजना के संयुक्त संचालन में आयोजित कार्यक्रम को पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद राठी, योगेंद्र योगी, दिनेश चंद्र शास्त्री, आर्य प्रतिनिधि सभा के जिला सह प्रशासक मा ब्रह्मपाल सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में जिला रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से आर्य वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं को जर्सियां वितरित की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मीरा रानी, ब्रजेश्वरी देवी, सुषमा पटेल, दिव्या पांडे, प्रबंधक विजेंद्र सिंह आर्य, आलोक भारद्वाज, विभूतिकांत शर्मा, चंद्रमणि, अवनीश गौड़, दीपेंद्र त्यागी, नवीन गर्ग, रजनीश राजपूत, सभासद राजव. ीर सिंह एडवोकेट, महेश चंद शर्मा, सविता शर्मा, नरेश शर्मा, गिरीश चंद्र गौड़, अशोक कुमार, डी के कौशिक, ब्रह्मपाल सिंह, अमन सिंह व रामप्रीत ठाकुर आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कार-बाइक की टक्कर में दो घायल



**नूरपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव हसुपुरा के पास आज सुबह एक सड़क दुर्घटना में कार और मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में कार चालक मौहम्मद अली निवासी देवबंद जनपद मुजफ्फरनगर और बाइक सवार निजामुद्दीन निवासी चांगीपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौहम्मद अली अपनी कार से मुरादाबाद स्थित टीएमयू अस्पताल दवाई लेने जा रहे थे। राहगीरों ने पहुंचकर दोनों घायलों को वाहन से बाहर निकालकर उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि दोनों घायलों की हालत फिलहाल गंभीर बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस द्वारा क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना के बाद क्षेत्रवासियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

### सिविल बार एसोसिएशन की शोक सभा

**चांदपुर।** सिविल बार एसोसिएशन द्वारा एक शोक सभा अध्यक्ष शमशाद अहमद एडवोकेट की अध्यक्षता एवं महासचिव हरिश्वर सिंह एडवोकेट के संचालन में संपन्न हुई। जिसमें जनपद न्यायाधीश बिजनौर के लिपिक कुलदीप कुमार का आज अचानक हुए दुखद निधन पर गहरा दुख एवं संवेदना व्यक्त की गई और 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु एवं उनके शोकाकुल परिवार के प्रति इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक सभा में निर्णय लिया गया कि आज शोक स्वरूप सभी अधिवक्तागण कार्यों से विरत रहेंगे। शोकसभा में सुनील वर्मा एडवोकेट, रियाज आलम एडवोकेट, छत्रपाल सिंह एडवोकेट, तुलाराम सिंह एडवोकेट, नौशाद अली एडवोकेट, सिराजुद्दीन एडवोकेट, मनोज कुमार एडवोकेट, आनंद सिंह एडवोकेट, बलदेव सिंह एडवोकेट, विशाल सिंह एडवोकेट, पुनीत कुमार शर्मा एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

### मजलिस एवं जुलूस का आयोजन



**हल्दौर।** गांव छजुपुरा सादात में हजरत मौहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों के मदीना से कर्बला तक के ऐतिहासिक सफर की याद में इमामबाड़ा में मजलिस एवं जुलूस का आयोजन किया गया। मजलिस में मौलाना मेंहदी अब्बास जैदी ने खिताब करते हुए इमाम हुसैन की कुर्बानी और उनके महान उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौलाना मेंहदी अब्बास जैदी ने कहा कि इस्लामी माह रजब की 28 तारीख का यह वही ऐतिहासिक दिन है, जब हजरत इमाम हुसैन ने अपने नाना हजरत मौहम्मद साहब के दीन को बचाने के लिए अपने परिजनों और साथियों के साथ मदीने से कर्बला की ओर सफर शुरू किया था। उन्होंने बताया कि दो मोहर्रम को कर्बला पहुंचकर इमाम हुसैन ने अपने और अपने साथियों की कुर्बानी देकर इस्लाम को कयामत तक के लिए सुरक्षित कर दिया। इस वाकये को याद कर मजलिस में मौजूद अकीदतमंदों की आंखें नम हो गईं। मजलिस में मौहम्मद रजा, नायाब हैदर और मौहम्मद अब्बास ने मरसिया खानी पेश की, जबकि सालिम जैदी ने पेशखानी की। मजलिस के उपरांत इमामबाड़ा से जुलूस निकाला गया, जिसमें जुलजुनाह, ऊंटों पर अमारी, अलम और काले झंडे शामिल रहे। जुलूस में पुरुषों के साथ महिलाओं और बच्चों ने भी बड़ी संख्या में शिरकत कर जियारत की। जुलूस इमामबाड़ा से शुरू होकर दरगाहे फातेमा जैहरा, मजार दादा नूरी शहजादे और मजार दादा सैद कमाल होते हुए पुन: इमामबाड़ा पहुंचकर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। जुलूस के दौरान मोहम्मद रजा, रौशन अब्बास और सालिम जैदी ने नोहा खानी की।

### फादरसन में ओलंपियाड परीक्षा



**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में आज ओलंपियाड परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक सोच, बौद्धिक क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को विकसित करना था। विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ इस परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा शांत, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसी परीक्षाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ओलंपियाड परीक्षा विद्यार्थियों के लिए एक उपयोगी, प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक अनुभव रही।

### जागरूकता रैली निकाली




**नहटौर।** एचएमआई इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा निकाली गई रैली का शुभारंभ अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में स्वच्छता संदेश लिखी तख्तियां और बैनर लेकर चल रहे थे। रैली नगर पालिका कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों से निकाली गई। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने 'स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत', 'गंदगी भगाओ-देश बचाओ' और 'सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ' आदि नारे लगाए तथा अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने, डस्टबिन का प्रयोग करने और पॉलीथीन का त्याग करने की अपील की। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी ओम गिरी, पालिकाकर्मी विशेष उपाध्याय, रमेश चन्द्र शर्मा, शाहजेब आलम, हर्ष जैन, कपिल शर्मा, सलीम अहमद, अतुल कुमार, अमित चौधरी, विनोद कुमार, मौ.अकरम, गजेंद्र सिंह तथा एच.एम.आई. इंटर कॉलेज के शिक्षक और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# अवैध कॉलोनियों पर बीडीए की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण ने शहर में अनधिकृत निर्माण और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए दो दिनों में अलग-अलग इलाकों में बड़े पैमाने पर ध्वस्तीकरण किया है। यह अभियान प्राधिकरण की उस नीति का हिस्सा है, जिसके तहत बिना स्वीकृति किए गए निर्माणों पर सख्त रुख अपनाया जा रहा है।

बारादरी थाना क्षेत्र के ग्राम हरूनगला में लगभग 6000 वर्गमीटर भूमि पर विकसित की जा रही एक अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। अधिकारियों के अनुसार, यह कॉलोनी बिना किसी वैधानिक अनुमति या स्वीकृत



ले-आउट के बनाई जा रही थी। कार्रवाई के दौरान आंतरिक सड़कें, नालियां और साइट कार्यालय को हटा दिया गया।

इसके अगले दिन मंगलवार को प्रवर्तन दल ने किला थाना क्षेत्र के अंतर्गत किला छावनी इलाके में लगभग 10 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही एक अन्य अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की। बीडीए के मुताबिक, यहां भी बिना प्राधिकरण की मंजूरी के प्लॉटिंग, सड़क और बाउंड्री वॉल का निर्माण किया गया था, जिसे बुलडोजर की मदद से गिरा दिया गया। इन कार्रवाइयों को बीडीए उपाध्यक्ष माणिकनंडन के नेतृत्व में चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान का हिस्सा बताया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि प्राधिकरण अब अवैध निर्माणों को लेकर किसी भी तरह की ढील नहीं बरतेगा और नियमों के उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

बीडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 के तहत किसी भी निर्माण से पहले मानचित्र और ले-आउट की स्वीकृति अनिवार्य है। इसके बावजूद शहर के बाहरी इलाकों में बिना अनुमति कॉलोनियां विकसित करने के प्रयास सामने आ रहे हैं।

# ड्यूटी पर जा रहे मिल कर्मी को तमंचा दिखाकर धमकाया, पर्स छीना, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के अंतर्गत नायरा पेट्रोल पंप के पास तीन अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने सरेराह एक परिवार को निशाना बनाया।

बदमाशों ने पहले चुपके से महिला का पर्स चोरी करने का प्रयास किया और पकड़े जाने पर तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए पर्स लेकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामपुर जनपद के थाना मिलक निवासी रनवीर सिंह पुत्र राजेंद्र कुमार किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा में कार्यरत हैं। रविवार शाम करीब सात बजे वह अपनी पत्नी और बेटे के साथ सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से ड्यूटी पर आ रहे थे। जैसे ही वे नायरा पेट्रोल पंप के पीछे पहुंचे, तभी पीछे से स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक पहुंचे और उन्हें ओवरटेक कर वारदात को अंजाम दिया।

पीड़ित के अनुसार बदमाशों ने उसकी पत्नी के हाथ से पर्स चुपके से निकालने का प्रयास किया। पत्नी की नजर पड़ते ही बाइक पर पीछे बैठे युवक ने कमर में लगे तमंचे की ओर हाथ ले जाते हुए धमकी दी कि पर्स दे दो, नहीं तो गोली मार दूंगा। धमकी से भयभीत परिवार के सामने बदमाश पर्स लेकर मौके से फरार हो गए। छीने गए पर्स में रियलमी कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन, छह हजार रुपये नकद तथा सोने-चांदी के आभूषण थे। काफी तलाश के बाद जब बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा तो पीड़ित ने कोतवाली देवरनियां पहुंचकर तहरीर दी।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया है। घटनास्थल व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

> पीड़ित की तहरीर पर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस टीम पूरी तत्परता से मामले की जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।
>
> **आशुतोष द्विवेदी**
> **कोतवाली प्रभारी देवरनियां**

## एक नजर

## चरस के साथ दो तस्करों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने 139 ग्राम अवैध चरस, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा और एक मोटरसाइकिल के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।



सोमवार की रात थाना पुलिस संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ठिरिया मोड़ पर दो व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ अवैध चरस लेकर खड़े हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान छविराम पुत्र छेदालाल और भूरे सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी मोहर सिंह गोटिया, थाना सिरौली के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से 139 ग्राम चरस, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा और हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल बरामद की गई।पुलिस ने तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर दोनों आरोपियों न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर, उपनिरीक्षक पंकज कुमार, अरुण कुमार, हेड कांस्टेबल अनुज मलिक और कांस्टेबल अंकुर सिरोही शामिल रहे।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में भारत सरकार द्वारा संचालित यातायात सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा क्लब के तत्वावधान में जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एस. के. सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात अनुशासन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रयोग तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम से संबंधित महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। कार्यक्रम का संचालन सड़क सुरक्षा के नोडल अधिकारी डॉ. मोहम्मद आतिफ खान द्वारा किया गया।इस अवसर पर रैली निकालकर आमजन को यातायात नियमों का पालन करने, सड़क दुर्घटनाओं से बचाव तथा आपात स्थिति में घायलों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतिभागियों ने जागरूकता संबंधी नारों के माध्यम से लोगों का ध्यान आकर्षित किया।कार्यक्रम में प्रोफेसर विजय बहादुर बिष्ट, डॉ. शिव प्रताप सिंह प्रभारी, रोवर एवं रेंजर्स, वीरेंद्र शर्मा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# मीरगंज कोतवाली में जिले का पहला ई-मालखाने का शुभारंभ

- एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने किया उद्घाटन
- जब्त संपत्तियों का होगा डिजिटल प्रबंधन
- हर वस्तु पर लगाया जाएगा क्यू आर कोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** डिजिटल क्रांति की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मीरगंज पुलिस ने जनपद का पहला अत्याधुनिक ई-मालखाना शुरू किया है। इसका उद्घाटन एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने मीरगंज कोतवाली के नवनिर्मित भवन में किया। ई-मालखाना प्रणाली का उद्देश्य पुलिस द्वारा जब्त की गई संपत्तियों और सबूतों के रख-रखाव को पूरी तरह डिजिटल, सुरक्षित और पारदर्शी बनाना है।इस अवसर पर एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने



बताया कि ई-मालखाना व्यवस्था लागू होने से विवेचना अधिकारियों को केस से जुड़ी जब्त संपत्तियों का पूरा विवरण तुरंत उपलब्ध हो सकेगा। इससे न केवल जांच प्रक्रिया में तेजी आएगी, बल्कि पारदर्शिता भी सुनिश्चित होगी। यह प्रणाली जनसेवा को अधिक प्रभावी और सशक्त बनाएगी।

एसपी दक्षिणी ने बताया कि मालखाने में रखी गई प्रत्येक जब्त वस्तु पर एक यूनिक क्यू आर कोड लगाया गया है। पुलिस के अधिकृत टैबलेट से इस कोड को स्कैन करते ही संबंधित संपत्ति की संपूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है, जिसमें वह किस मुकदमे से जुड़ी है और किस रैक में सुरक्षित रखी गई है।उन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से यह भी दिखाया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर केस प्रॉपर्टी को कुछ ही सेकेंड में सर्च किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पहले जब्त संपत्तियों की कोडिंग व्यवस्था न होने के कारण उन्हें ढूंढने और ट्रायल के दौरान न्यायालय में प्रस्तुत करने में काफी समय लगता था, लेकिन ई-मालखाना से यह प्रक्रिया अब सरल और तेज हो गई है।

अएसपी दक्षिणी ने बताया कि इस पहल की सफलता के बाद जल्द ही जनपद के अन्य थानों में भी ई-मालखाना प्रणाली लागू की जाएगी। इसका उद्देश्य केस प्रॉपर्टी का सुव्यवस्थित और शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करना है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में भी तेजी लाई जा सके।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान सीओ अजय कुमार, इंस्पेक्टर संजय तोमर, चौकी प्रभारी पंकज कुमार गौतम, दीपक मलिक, जतिन सक्सेना, सचिन शर्मा सहित पुलिस के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों को विधायक और एसडीएम ने बांटे कंबल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** जिलाधिकारी के निर्देश में मंगलवार को ग्राम मिर्जापुर में प्रशासनिक कैंप का आयोजन कर गरीब एवं असहाय लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर स्थानीय विधायक डी. सी. वर्मा, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, उप जिलाधिकारी आलोक कुमार ने प्रशासनिक कैंप के दौरान कुल 200 गरीब व असहाय लोगों को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किए गए। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने मौके पर ही लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विधायक डीसी वर्मा ने कहा कि शासन-प्रशासन गरीब और जरूरतमंद वर्ग की सहायता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और आगे भी इस तरह के जनकल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर चलाए जाएंगे। वहीं उप जिलाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि ठंड के मौसम को देखते हुए प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इस मौके पर तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपालगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## प्रेम जाल में फंसाकार नाबालिग को पफंसा ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक नाबालिग लड़की को युवक अपने प्रेमजाल में फंसाकार बहला-फुसलाकर भगा ले गया। लड़की के न मिलने पर उसके पिता ने थाने में नामजद तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर के मोहल्ला लोधीपुर निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि दिनांक 15.01.26 को रामलीला गेट के पास से पेन्ट का कार्य करने के बाद शाम को घर पहुंचा, तब पता चला कि उसकी 15 वर्ष की नाबालिग लड़की घर पर नहीं थी। जानकारी करने पर पता चला कि उसकी नाबालिग लड़की को अनुराग निवासी मोहल्ला कानूनगोयान कस्बा व थाना बहेड़ी बरेली शाम के समय अपने साथ भगा कर ले गया। तलाश करने का बाद लड़की का पिता थाने पहुंच गया, और मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने अनुराग उम्र करीब 20 वर्ष पुत्र नामालूम निवासी मोहल्ला कानूनगोयन कस्बा व थाना बहेड़ी के विरुद्ध धारा 87, 137 (2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज जर लिया है।

# उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद पर होरी लाल गंगवार निर्विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक शाखा मीरगंज के अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को ब्लॉक सभागार में नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। भाजपा के होरी लाल गंगवार ने बैंक शाखा प्रतिनिधि के रूप में अपना नामांकन दाखिल कराया। अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र नामांकन होने के कारण उनका निर्विरोध चुना जाना तय हो गया है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा 22 जनवरी को उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा जाएगा।

नामांकन के दौरान विधायक डॉ. डीसी वर्मा, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, मीरगंज के चुनाव प्रभारी अभय सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। होरी लाल गंगवार ने युवा नेता रमेश कुर्मी के साथ निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपा।निर्विरोध चयन तय होने पर समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर डॉ. महीपाल गंगवार, नरेंद्र गंगवार, राजू भारती, गजेंद्र गंगवार, राहत हुसैन, राम भरोसे लाल वर्मा, भानु प्रताप सिंह गंगवार, जितेंद्र गंगवार सहित अन्य लोगों ने होरी लाल गंगवार का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया।

# हजरत मौला शाह उर्फ दादा मियां की दरगाह पर आखिरी कुल की रस्म अदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** मोहल्ला शेखुपुर स्थित हजरत मौला शाह उर्फ दादा मियां की दरगाह पर तीन रोजा 112वें उर्स के मौके पर आखिरी कुल की रस्म अकीदत और एहतराम के साथ अदा की गई।

इस अवसर पर दरगाह पर मुल्क में अमन, सलामती और भाईचारे के लिए खघस दुआएं की गईं। उर्स के समापन पर चादरपोशी की गई और अकीदतमंदों ने बड़ी तादाद में हाजिरी देकर मन्नतें मांगीं। कार्यक्रम की सरपरस्ती असीम मियां ने की। सज्जादगान वसीर मियां शरीफ मियां की मौजूदगी में सदारत शाहिद रजा ने की, जबकि निजामत शम्स तवरेज नूरी ने संभाली। रूहानी महफिल में मो. अली गौहर, अमन



इकबाल, सुभान रजा, मौलाना कारी तसलीम, हजरत अदनान रजा, मौलाना मुखघ्तार कघदरी और मौलाना नईम रजा शादी समेत कई अजीज हजरात ने अपने-अपने कलाम पेश किए।

इस मौके पर सैय्यद आसिम मियां ने कहा कि उर्स जैसे रूहानी मौके इंसान के दिलों में मोहब्बत, एकता और इंसानियत की भावना को मजबूत करते हैं। ऐसी रूहानी महफिलें दिल को सुकून देती हैं और समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देती हैं।

पूरे आयोजन के दौरान माहौल सुकून, शांति और सौहार्द से भरपूर रहा। आखिरी कुल की रस्म के बाद दरगाह परिसर में सामूहिक दुआ कर कार्यक्रम का समापन किया गया। बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर रूहानी फैज हासिल किया।

## भाजपा नगर अध्यक्ष ने किया खिचड़ी भोज का आयोजन, समरसता का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** भारतीय जनता पार्टी बहेड़ी के नव नियुक्त नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के अध्यक्ष मनोनीत होने के उपलक्ष्य में अपने प्रतिष्ठान साईं सुधा वाटिका में खिचड़ी भोज का आयोजन किया। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रति. निधि, कार्यकर्ता और गणमान्य लोग शामिल हुए।



इस मौके पर नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कहा कि खिचड़ी मकर संक्रांति का पर्व समरसता और एकता का प्रतीक है। भारतीय जनता पार्टी एक परिवार की तरह है और इस परिवार को एकता के सूत्र में बांधे रखना प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के प्रतिनिधि रवि मल्होत्रा, एमएलसी बहोरान लाल मौर्य, ब्लॉक प्रमुख अमरेंद्र सिंह गोल्डी, ब्लॉक महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वाति कुमार, प्रमुख शेरगढ़ भूपेंद्र कुर्मी, भाजपा नेता जयेंद्र पाल सिंह, डॉ. सुरेंद्र गंगवार, सुनील गंगवार, आसेराम गंगवार, मेजर सिंह, सरदार सतनाम सिंह, मंडल अध्यक्ष हरीश कश्यप, सतपाल शर्मा, प्रवीण अग्रवाल, महेश शर्मा, निशीथ कुमार, सुरेंद्र सिंह एडवोकेट, ललित शर्मा, मनोज जोहरी, कुलबीर सिंह, संजीव मित्तल, कमल चौधरी, आनंद गौतम, गंगाराम मौर्य, कुंवर सेन मौर्य, इंद्रजीत सिंह बग्गा, कमलजीत सिंह बग्गा, परविंदर गंगवार, ओमप्रकाश गंगवार, दिनकर गुप्ता, रमेश सिंह, सभासद सलीम चंदा, मोहम्मद जाकिर, मोहम्मद हसन, नसीम अहमद, सेनेटरी इंस्पेक्टर अहमद हसन, जेई जितेंद्र गंगवार, प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने खिचड़ी भोज का आनंद लिया और नगर अध्यक्ष को शुभकामनाएं दीं। आयोजन सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को निर्वाचित किए जाने पर सेंथल में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय नितिन नवीन को निर्वाचित किए जाने पर सैंथल में खुशी की लहर दौड़ गई है। भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री नितिश उपाध्याय एडवोकेट एवं भाजपा युवा नेता विनय चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई खिलाकर अपना हर्ष व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नितिश उपाध्याय एडवोकेट ने कहा कि श्री नितिन नवीन जी का लंबा संगठनात्मक अनुभव, उनकी कर्मठता और पार्टी के विचारों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके नेतृत्व में भाजपा न केवल सशक्त होगा, बल्कि संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। युवा नेता विनय चौधरी ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व का यह निर्णय संगठन को और अधिक ऊर्जावान बनाएगा। इस मौके पर मुकेश शर्मा, हरपाल मौर्य, राहुल गुप्ता मगन जैदी राजू हिंदुस्तानी हसन मियां याकूब जैदी असगर अली महिपाल गंगवार मुकेश सागर अर्जुन सिंह मुहद्दिश मेंहदी अजय मौर्य कासिफ अली बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय पदाधिकारी मौजूद रहे।



# लाखों की लागत से हो रहे नाला निर्माण की शिकायत पर एसडीएम ने निर्माण रोके जाने के वीडीओ दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नजदीकी गांव रिछोला किफायतुल्ला में बनाए जा रहे नाला निर्माण में घटिया सामिग्री लगाए जाने की शिकायत पर एस डी एम उदित पवार ने खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य को निर्माण कार्य रोके जाने के निर्देश दिए हैं। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम में नेशनल हाईवे किनारे ग्राम निधि से नाला निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें घटिया सामिग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है इसकी शिकायत ग्राम के लोगों ने एस डी एम उदित पवार से की , जिस पर उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी महेश चंद शाक्य को निर्माण कार्य तत्काल रोके जाने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष को भी घटिया सामिग्री से वन रहे नाला निर्माण की शिकायत की जिस पर उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को इसकी जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। जब ग्राम सचिव मुक. ेश रस्तोगी से वात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी इस नाले का स्टीमेंट नहीं बना है, अवर अभियंता निर्माण कार्य शुरू कराए जाने की अनुमति दे देते हैं। उन्होंने बताया कि जे ई के स्टीमेंट के वाद ही इसका धन आवंटित किया जाएगा। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार ने कहा कि इसकी जांच के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी को दिए गए हैं। जांच में घटिया सामिग्री का इस्तेमाल होना पाया जाता है तो भुगतान नहीं होगा।

# भूमि विकास बैंक के शाखा प्रतिनिधि चुनाव में नहीं मिला नामांकन पत्र, सपाइयों ने काटा हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** भूमि विकास बैंक (एलडीबी) के शाखा प्रतिनिधि चुनाव में सपा उम्मीदवार को नहीं मिला नामांकन पत्र, एआरओ नामांकन पत्र लेकर ब्लॉक से गायव हो गए। नामांकन पत्र नहीं मिलने से आक्रोशित सपाइयों ने जमकर हंगामा काटा।

आज मंगलवार को भूमि विकास बैंक (एलडीबी) के प्रतिनिधि के नामांकन पत्र दाखिल होना था। ब्लॉक सभागार में यह नामांकन प्रक्रिया होनी थी जिसके लिए सहायक चुनाव अधिकारी (एआरओ) रचित कुमार ग्राम सचिव के साथ ही डॉक्टर विपिन तोमर पशु चिकित्सा अधिकारी को (आरओ) बनाया गया था। नामांकन प्रक्रिया 10 बजे से तीन बजे तक चलनी थी। दोनों ही चुनाव अधिकारी



ब्लॉक सभागार में बैठे रहे। दोपहर करीब एक बजे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी हरीश गंगवार को साथ लेकर नामांकन पत्र खरीदने के लिए ब्लॉक कार्यालय पहुंचे, जव उन्होंने नामांकन पत्र मांगा तो आरओ ने बताया कि अभी अभी किसी का फोन आया और एआरओ उठकर चले गए हैं अभी आ जाएंगे। उनकी बात सुनकर सपाई काफी देर तक उनका इंतजार करते रहे लेकिन वह सारे समय तक ब्लॉक कार्यालय नहीं पहुंचे, जिस पर सपाइयों का आक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने जमकर हंगामा काटा। इस दौरान आर ओ का सपाइयों ने घेराव कर डाला। आखिर में सपा उम्मीदवार की ओर से उन्हें एक शिकायती पत्र सौंपा, जिसमें सपा उम्मीदवार हरीश गंगवार को चुनाव से बाहर किए जाने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की गई है। इस दौरान सपा के विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंग. वार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार, प्रत्याशी हरीश गंगवार, युवा नेता मुन्ना गंग. वार, पूर्व प्रधान वीरपाल गंगवार, द्वारिका प्रसाद, पप्पू गंगवार आदि शामिल रहे।

इस दौरान विधान सभा अध्यक्ष और पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए इसे लोकतंत्र की हत्या बताया। कहा सरकार सपा की मजबूती से डरी हुई है जिसकी वजह से वह चुनाव कराना नहीं चाहती है।

> **पांच साल पहले हुई थी लाठीचार्ज**
>
> पांच साल पहले हुए एल डी बी के इस चुनाव में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रवींद्र सिंह राठौर और सपा के ओमेंद्र गंगवार के बीच सीधा मुकाबला था और चुनाव मण्डी समिति परिसर में हो रहा था और दोपहर वाद पुलिस ने लाइन पर लगे मतदाताओं और उनके समर्थकों पर लाठी चार्ज कर सभी का खदेड़ दिया था। इतना ही नहीं सपा के प्रत्याशी को भी परिसर से बाहर कर दिया था और कुछ देर बाद भाजपा प्रत्याशी श्री राठौर को विजई घोषित किया दिया गया था। पांच साल बाद आज मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल होने थे लेकिन इस बार सपा प्रत्याशी को नामांकन पत्र ही नहीं मिल सका, और बेचारे सपाइयों को बिना नामांकन पत्र दाखिल किए ही बैरंग लौटना पड़ा। इसको लेकर सपा और उनके समर्थकों में भारी नाराजगी दिखाई दे रही है। आरओ डॉक्टर विपिन तोमर ने बताया कि मात्र एक ही नामांकन पत्र भाजपा प्रत्याशी रवींद्र सिंह राठौर का दाखिल हुआ है, जिनके निर्विरोध चुने जाने की घोषणा नाम वापसी के दिन 22 जनवरी को की जाएगी।

## निर्वाचन कार्य में लापरवाही पर सींच पर्यवेक्षक/सुपरवाइजर निलंबित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 125-बरेली कैंट के अंतर्गत निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण कार्यों में लापरवाही बरतने पर प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। सींच पर्यवेक्षक रूहेलखण्ड मनोज कुमार सिंह, जिन्हें विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सुपरवाइजर का दायित्व सौंपा गया था, को निलंबित कर दिया गया है।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आयोजित विशेष बूथ कैम्प के दौरान दिनांक 18 व 19 जनवरी 2026 को फार्म-6 की प्रगति के संबंध में पूछे जाने पर संबंधित सुपरवाइजर द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। साथ ही अपने अधीनस्थ बीएलओ पर पर्यवेक्षण भी अत्यंत निराशाजनक पाया गया। प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट हुआ कि संबंधित अधिकारी द्वारा निर्वाचन जैसे संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण कार्य में अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और गंभीरता से नहीं किया गया। इस संबंध में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की आख्या एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की संस्तुति के क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने कार्रवाई करते हुए मनोज कुमार सिंह को निलंबित कर दिया।

जिलाधिकारी ने मामले में विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग का आयोजन इस वर्ष किया जाएगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** देश की राजधानी में प्रथम दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) का आयोजन इस वर्ष किया जाएगा। भारत की दो पूर्व वॉलीबॉल खिलाड़ियों नीति रावत और जसोदा गुलिया ने डीपीवीएल की बुनियाद रखी है। मंगलवार को दिल्ली और देश के जाने माने पूर्व और वर्तमान खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों की मौजूदगी में दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग कराए जाने की घोषणा की गई। पहले खिलाडी और अब पिछले अनेक दशकों से खेल अधिकारी के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले दिल्ली में वॉलीबॉल के स्तंभ कुलदीप वत्स ने नीति और जसोदा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) अनूठी पहल है और इसे सफल बनाने में दिल्ली वॉलीबॉल एसोसिएशन कोई कसर नहीं छोड़ेगी।नीति और जसोदा दिल्ली वॉलीबॉल के लिए सुनहरा सपना लेकर आई हैं।

### दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी चुनी

**वडोदरा, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रेमियर लीग में मंगलवार को मुम्बई इंडियंस के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गें. दबाजी करने का फैसला किया।

दिल्ली की कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स ने टॉस जीतने के बाद कहा कि अंडर लाइट्स गेंद स्किड करेगी और ओस आने की संभावना है। दिल्ली कैपिटल्स में एक बदलाव है, मिन्नू मणि की जगह दिया यादव को जगह दी गई है। रॉड्रिग्स ने कहा कि दिया भले ही 16 वर्ष की हैं लेकिन वह बड़े शॉट्स खेल सकती हैं। मुंबई की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि पहले गेंदबाज़ी करने का बेहतर विकल्प होता। एमआई में चार बदलाव हैं, वैष्णवी शर्मा आज डेब्यू कर रही हैं। कमालिनी की जगह राहिला फ़िरदौस खेल रही हैं।

# टी-20 सीरीज में होगा भारत का कड़ा इम्तिहान




## न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज का पहला हाई-वोल्टेज मैच नागपुर में आज, सीरीज से पहले ब्रेसवेल की फिटनेस पर संशय

**नागपुर, वार्ता।** क्रिकेट फैंस एक हाई-वोल्टेज मुकाबले के लिए तैयार हैं, क्योंकि बुधवार को यहां विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पांच मैचों की सीरीज के पहले मैच में भारत की टी-20 टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा।

सभी के मन में एक ही सवाल है। क्या मेहमान कीवी टीम भरी हुई भीड़ के सामने घरेलू पसंदीदा टीम को परेशान कर सकती है? भारत इस मुकाबले में अजेय मोमेंटम के साथ उतरेगा। एशिया कप में बिना हारे और ऑस्ट्रेलिया (2-1) और साउथ अफ्रीका (3-1) पर सीरीज जीतने के बाद, मौजूदा टी-20 वर्ल्ड चैंपियन अपनी धरती पर कॉन्फिडेंट हैं। अभिषेक शर्मा, जो धमाकेदार शुरुआत के लिए जाने जाते हैं, से भारत की लीड करने की उम्मीद है, जबकि जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह मजबूत बॉलिंग अटैक की कमान संभालेंगे। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या जैसे मिडिल -ऑर्डर के दिग्गज भारतीय टीम को गहराई देते हैं, जिससे यह एक अच्छी पावरहाउस बन जाती है। लेकिन न्यूज़ीलैंड कोई आसान टीम नहीं है। वेस्टइंडीज पर अपने घर में 3-1 से सीरीज जीतने से उत्साहित, मेहमान टीम डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनर और टिम रॉबिन्सन जैसे मैच-विनर खिलाड़ियों के साथ आई है, जो सभी मैच का रुख बदल सकते हैं। उनके मिडिल-ऑर्डर की गहराई, साथ ही काइल जैमीसन और जैकब डफी जैसे बैलेंस्ड बॉलिंग अटैक का मतलब है कि भारत को दबदबा बनाए रखने के लिए अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करना होगा। नागपुर की पिच से एक बैलेंस्ड मुकाबला होने की उम्मीद है, जिसमें पहली इनिंग का स्कोर औसतन 156 के आसपास रहेगा। शाम को ओस पड़ने से पीछा करने वाली टीम को फायदा हो सकता है, जिससे टॉस एक अहम पल बन जाएगा। एनालिस्ट का अनुमान है कि 170-180 के बीच का स्कोर एक रोमांचक मुकाबले का माहौल तैयार करेगा, जो शायद आखिरी ओवरों तक चलेगा।

भारत का टी-20 का रथ पूरी रफ्तार से चल रहा है और न्यूज़ीलैंड इसे रोकने के लिए बेताब है, फैंस एक जबरदस्त क्रिकेट की रात की उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें हर बाउंड्री, विकेट और कैच चर्चा का विषय बन जाएगा। नागपुर में पहला टी-20 मैच सिर्फ़ एक मैच से कहीं ज्यादा है-यह मोमेंटम, स्ट्रैटेजी और नर्वसनेस की लड़ाई है। टॉस जीतने वाले कप्तान के ओस वाले हालात का फ़ायदा उठाने के लिए पहले बॉलिंग करने की उम्मीद है। इंडिया जीतने का फेवरेट है, लेकिन न्यूज़ीलैंड की चुनौती एक कांटे की टक्कर पक्का करती है जो आखिर तक जा सकती है। यह शुरुआती मुक. ाबला सीजन की सबसे रोमांचक टी-20 सीरीज में से एक के लिए माहौल बनाने का वादा करता है, जिसमें इंडिया की फ़ायरपावर और न्यूज़ीलैंड की मजबूती के बीच स्ट्रैटेजी और स्किल की लड़ाई होगी। वहीं माइकल ब्रेसवेल का भारत के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में खेलना संदिग्ध लग रहा है। नागपुर में पहले मुक़ाबले से ठीक पहले न्यूज़ीलैंड टीम के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। रविवार को इंदौर में खेले गए आखिरी वनडे में फ़ील्डिंग के दौरान उनकी बाईं पिंडली की मांसपेशी खिच गई थी। हालांकि, न्यूज़ीलैंड क्रिकेट को उम्मीद है कि उनकी यह चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। भारत को वनडे सीरीज़ में 2-1 से शिकस्त देने वाली न्यूज़ीलैंड टीम की कप्तानी करने वाले ब्रेसवेल को लेकर बोर्ड ने कहा कि आने वाले दिनों में उनका इलाज और निगरानी की जाएगी।

इसके बाद ही इस दौरे में उनकी आगे की भागीदारी पर फ़ैसला लिया जाएगा। इस बीच मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने बताया कि ब्रेसवेल अपनी टीम के साथ नागपुर पहुंच चुके हैं। इस बीच नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के तेज गेंदबाज ऑलराउंडर क्रिस्टियन क्लार्क को सीरीज के पहले तीन टी-20 मैचों के लिए टीम में शामिल किया गया है। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर का आगाज़ करने वाले क्लार्क ने कुल सात विकेट चटकाए। इस दौरान उन्होंने दो बार तीन-तीन विकेट लेने का कारनामा किया। गेंदबाज़ी के अलावा उन्होंने निचले क्रम में बल्ले से भी अहम योगदान दिया, जो न्यूज़ीलैंड की जीत में काफ़ी मददगार साबित हुआ। वॉल्टर ने खिलाड़ियों के आने-जाने पर बात करते हुए कहा कि इस वक्त टीम में खिलाड़ियों की आवाजाही काफ़ी ज्यादा है।

कुछ खिलाड़ी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं, तो कुछ सीधे फेंचाइजी क्रिकेट से हमारे साथ जुड़ रहे हैं। वहीं, बाक़ी खिलाड़ी भारत के खिलाफ वनडे सीरीज और सुपर स्मैश खेलकर आ रहे हैं। हमारी कोशिश यही है कि सीरीज के पहले तीन मैचों के लिए तेज गेंदबाज़ी में हमारे पास पुख्ता विकल्प मौजूद रहें। क्रिस्टियन के लिए भारत के अपने पहले दौरे में टीम के साथ थोड़ा और वक्त बिताने का यह बेहतरीन मौक़ा है।

# सायना नेहवाल ने संन्यास लिया

- **ओलंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल ने घुटने की पुरानी कंडीशन की वजह से कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट से अपने रिटायरमेंट की पुष्टि की**



**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक मेडलिस्ट साइना नेहवाल, जो भारत की सबसे काबिल बैडमिंटन प्लेयर्स में से एक हैं, ने घुटने की पुरानी कंडिशन की वजह से लगभग दो साल तक बाहर रहने के बाद कॉम्पिटिटिव स्पोर्ट से अपने रिटायरमेंट की पुष्टि की है।

लंदन 2012 ओलंपिक ब्रॉन्ज़ मेडलिस्ट ने आखिरी बार 2023 में सिगापुर ओपन में कॉम्पिटिटिव मैच खेला था, लेकिन सोमवार को सुभोजित घोष के होस्ट किए गए पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने अपने फैसले की ऑफिशियल घोषणा की। सायना ने कहा कि वह कुछ समय पहले ही स्पोर्ट से दूर हो गई थीं और उन्हें तुरंत पब्लिक अनाउंसमेंट करने की जरूरत महसूस नहीं हुई। सायना ने कहा कि मैंने दो साल पहले खेलना बंद कर दिया था। मुझे असल में लगा कि मैं अपनी शर्तों पर स्पोर्ट में आई और अपनी शर्तों पर ही छोड़ी, इसलिए इसकी घोषणा करने की कोई जरूरत नहीं थी। पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 ने बताया कि यह फैसला उनके घुटनों में कार्टिलेज के गंभीर डिजनरेशन की वजह से लिया गया था, जिससे लगातार हाई-इंटेंसिटी ट्रेनिग करना नामुम्. कन हो गया था। सायना ने अपने माता-पिता और कोच के साथ हुई बातचीत का ज़िक्र करते हुए कहा कि तुम्हारा कार्टिलेज पूरी तरह से खराब हो गया है, और तुम्हें आर्थराइटिस है। मैंने बस उनसे कहा, 'अब शायद मैं यह और नहीं कर पाऊंगी, यह मुश्किल है। सायना ने बताया कि उसका शरीर अब एलीट बैडमिटन की फिजिकल जरूरतों को नहीं झेल सकता। उसने आगे कहा कि आप दुनिया में बेस्ट बनने के लिए आठ से नौ घंटे ट्रेनिग करते हैं। अब मेरा घुटना एक या दो घंटे में ही जवाब दे रहा था। उसमें सूजन आ गई थी, और उसके बाद ज़ोर लगाना बहुत मुश्किल हो गया था। इसलिए मुझे लगा कि बस बहुत हो गया। मैं अब और ज़ोर नहीं लगा सकती। सायना नेहवाल को इंडियन बैडमिटन की एक ट्रेलब्लेजर माना जाता है। वह लंदन 2012 ओलंपिक्स में विमेंस सिगल्स ब्रॉन्ज़ मेडल जीतकर मशहूर हुईं, और ओलंपिक मेडल जीतने वाली पहली इंडियन बैडमिटन प्लेयर

# भारत में खेलने को लेकर रुख में कोई बदलाव नहीं


- **बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने फिर संकेत दिया, अटकलों को नकारा**



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने मंगलवार को फिर से संकेत दिया कि आईसीसी टी20 विश्व कप भारत में खेलने के मामले में वे अपना रुख बदलने के लिए तैयार नहीं हैं।

आसिफ ने इस अटकल को भी खारिज कर दिया कि अगर बांग्लादेश सुरक्षा चिताओं का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इनकार करता है और आईसीसी से अपने मैच सह-मेजबान श्रीलंका में शिफ्ट करने के लिए कहता है, तो स्कॉटलैंड उनकी जगह ले सकता है। वीकेंड में, बीसीबी ने इस गतिरोध को लेकर ढाका में आईसीसी अधिकारियों के साथ बातचीत की, लेकिन कोई समझौता नहीं हुआ क्योंकि बीसीबी ने आईसीसी से जगह बदलने का अनुरोध किया था, जब बीसीसीआई ने दोनों देशों के बीच मौजूदा राजनीतिक तनाव के बीच आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज करने का निर्देश दिया था। यह समझा जाता है कि आईसीसी ने मामले को सुलझाने के लिए 21 जनवरी की समय सीमा तय की है, क्योंकि उनके पास समय कम है। अगर उन्हें बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को लेना है, जो विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं करने वाली सबसे ऊंची रैंक वाली टीम है, तो उन्हें तैयारी के लिए कम से कम 15 दिन देने होंगे। आसिफ ने मंगलवार को पत्रकारों से कहा कि मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि हमारी जगह (आगामी टी20 विश्व कप में) स्कॉटलैंड को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर आईसीसी भारतीय क्रिकेट बोर्ड के दबाव में झुकता है और अनुचित शर्तें लगाकर हम पर दबाव डालने की कोशिश करता है, तो हम उन शर्तों को स्वीकार नहीं करेंगे।

# सिनर का दूसरे राउंड में प्रवेश



- **गैस्टन के दूसरे सेट के दौरान बीमारी के चलते मैच छोड़ दिए जाने के कारण जैनिक सिनर अगले राउंड में पहुंचे**

**मेलबर्न, वार्ता।** जानिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में पहुंच गए, जब ह्यूगो गैस्टन ने दूसरे सेट के दौरान बीमारी के कारण मैच छोड़ दिया।

दो बार के डिफेंडिग चैंपियन, सिनर, मैच पर पूरी तरह से कंट्रोल में थे, 6-2, 6-1 से आगे चल रहे थे, जब फ्रेंच खिलाड़ी - जिसने पहले सेट के बाद डॉक्टर को बुलाया था - रॉड लेवर एरिना के अंदर खेलना जारी नहीं रख सके। सिनर ने कहा कि मैंने देखा कि वह बहुत तेज़ गति से सर्व नहीं कर रहा था, खासकर दूसरे सेट में, लेकिन आप इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहते, जो अब गैस्टन के साथ अपनी लेक्सस हेड2हेड सीरीज़ में 3-0 से आगे हैं। वह इतना टैलेंटेड खिलाड़ी है, इसलिए मुझे पता था कि मुझे बहुत ऊंचे लेवल पर खेलना होगा, जितना हो सके आक्रामक होने की कोशिश करनी होगी, जो मैंने किया। इसलिए मैं बहुत खुश हूं, यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। सिनर ओपन एरा में लगातार तीन ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले दूसरे खिलाड़ी बनने का लक्ष्य बना रहे हैं, नोवाक जोको. विच के 2011-13 और 2019-21 के खिताब जीतने के बाद। अगले राउंड में उनका मुक. ाबला लकी लूज़र डिनो प्रिज्मिक या ऑस्ट्रेलियाई वाइल्ड कार्ड जेम्स डकवर्थ से होगा।

मैच के छठे गेम में, सिनर ने एक शानदार ड्रॉप शॉट लगाया और ब्रेक पॉइंट हासिल किया, जिससे गैस्टन गेंद तक पहुंचने की बेताब कोशिश में गिर गए। सिनर ने नेट पर अपने विरोधी का हालचाल पूछा, हालांकि गैस्टन को कोई चोट नहीं लगी थी, और बाद में लिया गया मेडिकल टाइमआउट गिरने से संबंधित नहीं लग रहा था।

### कमलिनी WPL के बाकी मैचों से बाहर



**वडोदरा, वार्ता।** जी कमलिनी टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गई हैं। मुंबई इंडियंस (एमआई) ने डब्ल्यूपीएल के बाकी मैचों के लिए जी कमलिनी की जगह वैष्णवी शर्मा को चुना है। एमआई की विकेटकीपर-बल्लेबाज जी कमलिनी ने इस सीजन में 5 मैच खेले थे, जिसके बाद चोट के कारण उन्हें सीजन से बाहर होना पड़ा। वैष्णवी शर्मा 30 लाख रुपये में एमआई में शामिल होंगी। यह बाएं हाथ की स्पिनर, जो 2025 में भारत की अंडर19 महिला टी-20 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थीं, ने भारत के लिए 5 टी-20 मैच खेले हैं और 5 विकेट लिए हैं।

# अनुभवी झांग शुआई पहले दौर में बाहर

**मेलबर्न, वार्ता।** चीनी अनुभवी खिलाड़ी झांग शुआई मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के महिला सिगल्स के पहले राउंड में वाइल्डकार्ड टेला प्रेस्टन से तीन सेट में हार गईं जबकि वांग शिन्यू ने क्वालिफायर एंहेलिना कलिनीना पर सीधे सेटों में जीत हासिल करके ऑस्ट्रेलियन ओपन में चीन की सबसे ऊंची रैंक वाली खिलाड़ी के तौर पर अपनी जगह पक्की कर ली। चीनी क्वालिफायर वू यिबिग ने पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में जगह बना ली है। प्रेस्टन ने किया एरिना में एक घंटे और 33 मिनट में 6-3, 2-6, 6-3 से जीत हासिल करते हुए 26 विनर्स लगाए। 20 साल की प्रेस्टन ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। मैंने बहुत कड़ी मेहनत की है, यह बहुत अच्छा है, जिन्होंने इस महीने ब्रिस्बेन में झांग से मिली पिछली हार का बदला लिया। प्रेस्टन, जो ग्रैंड स्लैम में अपनी पहली मेन-ड्रॉ जीत की तलाश में थीं, ने आक्रामक शुरुआत की और



- **चीनी खिलाड़ी झांग युआई पहले राउंड में वाइल्डकार्ड टेला प्रेस्टन से तीन सेट में हार गई**

पहला सेट जीतने के लिए 12 विनर्स लगाए। 36 साल की झांग ने प्रेस्टन की सर्विस पर दबाव डालकर मैच को बराबर किया। दुनिया में 161वें नंबर पर मौजूद प्रेस्टन ने तीसरे सेट के पहले गेम में ब्रेक लेकर वापसी की और जीत हासिल की। वह अब चेक गणराज्य की 13वीं सीड लिडा नोस्कोवा से खेलेंगी। दुनिया में 46वें नंबर पर रैंक वाली वांग ने एक घंटे और 33 मिनट में 6-3, 6-3 से पहले राउंड का मैच जीता, जिसमें उन्होंने 10 ऐस लगाए। वांग दूसरे राउंड में पूर्व फेंच ओपन चैंपियन एलेना ओस्टापेंको या रेबेक्का मकोवा से खेलेंगी। 24 साल की यह खिलाड़ी अभी तक किसी ग्रैंड स्लैम में चौथे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाई है। वांग इस महीने की शुरुआत में अपने करियर के दूसरे फाइनल में पहुंचने के बाद मेलबर्न पहुंचीं, जहां वह ऑकलैंड में एलिना स्वितोलिना से हार गई थीं। उन्होंने मजबूत सर्विस और 11 विनर्स के साथ पहला सेट अपने कंट्रोल में रखा। कलिनीना, जो 2023 में करियर की सबसे ऊंची 25वीं रैंकिंग पर पहुंची थीं, ने दूसरे सेट में शुरुआती टक्कर दी, जबकि वांग ने अपनी बाईं बांह पर पट्टी बांधी हुई थी। इसके बाद वांग ने लगातार पांच गेम जीतकर मैच खत्म कर दिया। इस बीच चीनी क्वालिफायर वू यिबिग ने इटली के लुका नारडी को हराकर पहली बार दूसरे राउंड में जगह बनाई। वू ने लगभग तीन घंटे में 7-5, 4-6, 6-4, 6-2 से जीत हासिल करते हुए 45 विनर्स लगाए। 26 साल के वू का अगला मुकाबला एलियट स्पिज़री से होगा, जिन्होंने 28वीं सीड जोआओ फोन्सेका को हराया था। वू ने मेन ड्रॉ में पहुंचने के लिए तीन क्वालिफाइंग मैच जीते, यह 2023 के बाद किसी ग्रैंड स्लैम मेन ड्रॉ में उनकी पहली उपस्थिति है। दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट

# वीनस विलियम्स और एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा डबल्स से बाहर



**मेलबर्न, वार्ता।** वीनस विलियम्स और एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के विमेंस डबल्स कॉम्पिटिशन से पहले राउंड में हारकर बाहर हो गईं। इस जोड़ी को फ्रांस की एल्सा जैक्वेमोट और कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो ने एक करीबी मुक. ाबले में 7-6 (3), 6-4 से हराया। शुरुआती सेट में दोनों टीमों के बीच एक-दूसरे पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसके बाद जैक्वेमोट और अरांगो ने टाईब्रेक जीतकर बढ़त बना ली। इसी मोमेंटम को बनाए रखते हुए, फ्रेंको-कोलंबियाई जोड़ी ने दूसरे सेट में कंट्रोल हासिल किया और विलियम्स और एलेक्जेंड्रोवा के जबरदस्त फाइटबैक के बावजूद, मैच जीतकर अगले राउंड में पहुंच गईं।

# यूपी डोमिनेटर्स ने दिल्ली दंगल वॉरियर्स को चौंकाया

**नोएडा, वार्ता।** यूपी डोमिनेटर्स ने 4-1 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 5-4 से हराकर प्रो रेसलिग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 के मैच 7 में शानदार जीत दर्ज की। नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली ने अनास्तासिया अल्पीएवा और कप्तान सुजीत कलकल के दमदार प्रदर्शन की बदौलत मजबूत शुरुआत की, लेकिन अंडर 20 वर्ल्ड चैंपियन तपस्या गहलावत, कप्तान निशा दहिया और अंतिम मुकाबले में दो बार की वर्ल्ड चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघल की शानदार कुश्ती ने मुक. ाबले का रुख पूरी तरह पलट दिया। तपस्या गहलावत को शानदार वापसी की शुरुआत करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि दिल्ली दंगल वॉरियर्स की अनस्तासिया अल्पीएवा को उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए फाइटर ऑफ द मैच सम्मान मिला। पोस्ट मैच प्रेस कांफ्रेंस में यूपी डोमिनेटर्स की कप्तान निशा दहिया ने कहा कि आज का मुकाबला काफी कठिन था क्योंकि मेरी प्रतिद्वंद्वी 62 किग्रा वर्ग की हालिया राष्ट्रीय चैंपियन हैं। मुकाबला बेहद करीबी रहा और मैंने अपना 100 प्रतिशत दिया। मुझे लगता है कि मैं अपनी गलतियों पर काम करके और बेहतर प्रदर्शन कर सकती हूं। छोटी-मोटी चोटें इस खेल का हिस्सा हैं। टीम के तौर पर हम आने वाले मैचों में अपनी गलतियों को सुधारने और अपनी रणनीति पर टिके रहने पर ध्यान देंगे। दिल्ली दंगल वॉरियर्स के कप्तान सुजीत कलकल ने कहा कि भले ही नतीजा हमारे पक्ष में नहीं रहा, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर यह मेरे लिए अच्छा दिन रहा और मैं सबसे ज्यादा अंक जुटाने में सफल रहा। मेरे प्रतिद्वंद्वी भारत के सर्वश्रेष्ठ पहलवानों में से एक थे, इसलिए जीत-हार खेल का हिस्सा है। अब हमारा पूरा ध्यान 27 तारीख को मुंबई के खिलाफ होने वाले मुक. ाबले पर है, जहां हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे। दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने 86 किग्रा पुरुष वर्ग में शुरुआती बढ़त बनाई, जहां वफाईपौर हादी बख्तियार ने प्रभावी पार टेरे कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए मायखाइलोव वासिल को 7-4 से हराया। पहले पीरियड में बनाई गई बढ़त को उन्होंने अंत तक बनाए रखा। 76 किग्रा महिला वर्ग में अनस्तासिया अल्पीएवा ने शुरुआती टैकडाउन गंवाने के बाद शानदार वापसी की और ओजो डामोला हन्ना को 11-2 से मात दी। मुकाबले के अंतिम चरण में उनके टैकडाउन और टर्न ने निर्णायक भूमिका निभाई। 74 किग्रा पुरुष वर्ग में दिल्ली की लय बरकरार रही, जहां अजरबैजान के तुरान बायरामोव ने धैर्यपूर्ण और अनुशासित कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए अभिमन्यु मंडवाल को 3-0 से हराया और दिल्ली को 3-0 की बढ़त दिलाई। यूपी को पहला अंक 57 किग्रा महिला वर्ग में तपस्या गहलावत के जरिए मिला। अंडर 20 वर्ल्ड चैंपियन तपस्या ने संयमित प्रदर्शन करते हुए 8-2 से जीत दर्ज की और टीम को मुकाबले में वापस लाईं। 65 किग्रा पुरुष वर्ग में दिल्ली के कप्तान और अंडर 23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत कलकल ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विशाल काली रामन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराते हुए दिल्ली की बढ़त 4-1 कर दी। मैच का टर्निंग पॉइंट 57 किग्रा पुरुष वर्ग में आया, जहां राहुल देशवाल ने शुरुआती पुश-आउट के बाद जोरदार वापसी करते हुए शुभम कौशिक को 8-5 से हराया और यूपी की उम्मीदें जिंदा रखीं। हेवीवेट मुकाबले में जसपूरन सिंह ने केंद्र पर नियंत्रण बनाए रखते हुए रोनक को 3-1 से हराया और अंतर को एक अंक तक कम कर दिया। इसके बाद 62 किग्रा महिला वर्ग में कप्तान निशा दहिया ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंजली को 9-5 से

# रसूली-जादरान के दम पर अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को हराया

- **शानदार बल्लेबाजी और शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने वेस्टइंडीज को 38 रनों से हराया**

**दुबई, वार्ता।** इब्राहिम जादरान (नाबाद 87) और दरवेश रसूली (84) के शानदार अर्द्धशतकों और उसके बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने दुबई में पहले टी20 में वेस्टइंडीज को 38 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करते हुए, अफगान ने 181/3 का बड़ा स्कोर बनाया, जिसके बाद उनके गेंदबाजों ने नियमित विकेट लेकर विडीज के लक्ष्य का पीछा करने में बाधा डाली। अफगानिस्तान शुरुआती दौर में ही मुश्किल में पड़ गया जब रहमानुल्लाह गुरबाज पहली ही गेंद पर एक तेज सिगल लेने की कोशिश में रन-आउट हो गए। जबकि इब्राहिम जादरान ने अच्छी शुरुआत की, पहले ओवर में हेडन सील्स की गेंद पर एक चौका और दूसरे ओवर में मैथ्यू फोर्डे की गेंद पर दो और चौके लगाए, लेकिन जब सील्स ने तीसरे ओवर में सिद्दीकुल्लाह अटल को आउट किया तो अफगानिस्तान का स्कोर 19/2 हो गया। हालांकि, जब दरवेश रसूली क्रीज पर इब्राहिम के साथ जुड़े, तो उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

उन्होंने कुछ खराब गेंदबाजी का फायदा उठाया और पावरप्ले के अंत तक अफगानिस्तान को 53/2 तक पहुंचाया। आठवां ओवर छक्के के साथ शुरू हुआ और खत्म हुआ, जिससे दोनों ने अपनी 50 रन की साझेदारी पूरी की। हमला जारी रहा और वेस्टइंडीज के पास कोई जवाब नहीं था। इब्राहिम और रसूली दोनों ने लगातार ओवरों में अर्द्धशतक बनाए और पारी आगे बढ़ने के साथ-साथ उन्हें किस्मत का भी साथ मिला। वेस्टइंडीज ने एक ओवर के अंदर कुल तीन कैच छोड़े और 162 रन की साझेदारी को खत्म करने में कामयाब रहा।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 21 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कोर्ट का सख्त रुख

आवारा कुत्तों को लेकर इस समय देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रही है। जस्टिस विक्रमनाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मंगलवार को भी इस पर सुनवाई की है। बेंच चाहती थी कि यह सुनवाई आज ही पूरी हो जाए, लेकिन अब अगली सुनवाई 28 जनवरी को होगी। सुनवाई के दौरान आवारा कुत्तों के पक्ष और विपक्ष में दलीलें देखने में आई। लेकिन सुप्रीम कोर्ट की बेंच आवारा कुत्तों को लेकर बेहद स्पष्ट दिखाई दी और उसने यही संकेत दिया कि तमाम दलीलें अपनी जगह, लेकिन इंसानों के जीवन से किसी तरह का कोई समझौता नहीं हो सकता। सुप्रीम कोर्ट पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी को लेकर काफी खफा दिखाई दिया और उसने उनके वकील राजूराम चंद्रन से कह डाला कि आपकी मुवक्किल बिना सोचे-समझे अदालत पर टिप्पणियां कर रही हैं और वह इस हद तक पहुंच गई हैं जहां वह अदालत की अवमानना के दायरे में आ जाती हैं। अदालत का यह भी कहना था कि इसके बावजूद अदालत अपनी उदारता के चलते उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई शुरू नहीं कर रही है। जस्टिस संदीप मेहता ने तो सवाल भी उठा दिया कि जब मेनका गांधी केंद्रीय मंत्री थी, तब उन्होंने कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का बजटीय प्रावधान तय किया। इस पर वकील रामचंद्रन ने कहा कि बजट नीति का विषय है और वह अजमल कसाब जैसी मामलों में भी पैरवी कर चुकी हैं। उनके यह कहने पर जस्टिस विक्रमनाथ ने सख्त लहजे में कह डाला कि अजमल कसाब ने अदालत की अवमानना नहीं की थी, लेकिन आपकी मुवक्किल ने की थी। एडवोकेट चारू माथुर ने भी कहा कि राज्यों की चूक साफ दिखाई देती है। तो वहीं सिद्धार्थ दवे का कहना था कि संविधान हमें सभी जीवों के प्रति करूणा रखने का निर्देश देता है और मनुष्य पशु के टकराव से जुड़े मामले में अब तक अदालत बड़े पैमाने पर वन्य जीवों की रक्षा करती आई है। बेंच ने बाद में आदेश दिया कि व्यक्तियों और एनजीओ की तरफ से दलीलें पूरी हो गई हैं और मामला 28 जनवरी को दोपहर 2 बजे लिस्ट किया जाए। उस दिन अदालत एमिकस क्यूरी, एनएचआरसी के वकील और सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की दलीलें सुनेगी। अदालत ने यह भी साफ किया कि अब तक जो उसने अपनी तरफ से आवारा कुत्तों को लेकर टिप्पणी की है, उसको हलके में न लिया जाए। यह कोई मजाक नहीं है, बल्कि बेहद गंभीर मामला है। कोर्ट का साफ कहना था कि आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी तय की जा सकती है। कोर्ट ने यह कहकर साफ किया कि पिछली सुनवाई की हमारी टिप्पणी को मजाक समझना गलत होगा और कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा।

## साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा



महाभ्रष्ट राज में प्रयागराज माघ मेले के नाम पर पचासों हजार रुपये की बड़ी रकम कमीशन के रूप में गटकने का नया खेल शुरू हो गया है, माघ मेला महाभ्रष्टाचार की कमीशनखोरी में भाजपाई गुट की मिलीभगत के कारण साधु-संतों को सम्मान नहीं मिल पा रहा है और मेले की अव्यवस्था पर बोलने वालों को निशाना बनाया जा रहा है, शासन-प्रशासन कमीशनखोरी के इस गोरखधंधे को बचाने के लिए आपत्तिजनक, अपमानजनक और हिसक दुर्व्यवहार कर रहा है, भाजपा को कमिश्नर की जगह कमीशनर नाम की नई पोस्ट बना देनी चाहिए, मेलाक्षेत्र के संजय का धृतराष्ट्र कौन है, जिसे प्रत्यक्ष घटनाक्रम दिखाया -सुनाया जा रहा था।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# ई डीएनए की मदद से हवा में बिखरे जीवन की पहचान

कल्पना कीजिए कि आप किसी जंगल या शहर की सड़क पर चल रहे हैं और आपको दूर-दूर तक किसी जीव या इंसान का नामोनिशान तक न दिखे, फिर भी वैज्ञानिक यह बता दें कि वहां से कौन-कौन से जीव गुजरे चुके हैं, कौन से वायरस मौजूद थे और यह भी बता दें कि वहां से गुजरने वाले लोग किस मूल के हैं और यदि यह कहा जाए कि यह कोई कोरी कल्पना नहीं, बल्कि हकीकत है तो? यह संभव हुआ है पर्यावरणीय डीएनए (ई-डीएनए) का विश्लेषण करने की एक नई तकनीक नैनोपोर सिक्वेंसिंग से। शोधकर्ताओं ने इसका इस्तेमाल किसी क्षेत्र में मौजूद जैव-विविधता की तस्वीर पेश करने में किया है।


गौरतलब है कि हर सजीव, चाहे वह इंसान हो, जानवर हों या वनस्पतियां, अपने आसपास के वातावरण में त्वचा की झिल्ली, लार, बाल या को. शिकाओं जैसे बहुत बारीक कण छोड़ते रहते हैं, जिनमें उनका डीएनए होता है। वैज्ञानिक इन कणों को मिट्टी, पानी या हवा से इकट्ठा कर यह पता लगा सकते हैं कि वहां कौन-कौन से जीव मौजूद हैं या थे। इस तरह प्राप्त डीएनए को पर्यावरणीय डीएनए या ई-डीएनए कहते हैं। पहले वैज्ञानिक मेटाबारकोडिंग नामक तकनीक से ई-डीएनए का अध्ययन करते थे। इससे यह पता चलता था कि किस तरह के जीव वहां थे, लेकिन यह तरीका धीमा, महंगा और सीमित जानकारी वाला था। फिर आई शॉटगन सिक्वेंसिंग तकनीक। इसमें किसी खास डीएनए को ढूंढने की बजाय नमूने के सम्पूर्ण डीएनए के छोटे-छोटे टुकड़ों का अनुक्रमण किया जाता है और उन्हें किसी पजल की तरह कंप्यूटर की मदद से जोड़कर पहचान की जाती है।

अब, एक नई तकनीक (नैनोपोर सिक्वेंसिंग) विकसित की गई है। इसकी मदद से वैज्ञानिक एक बार में डीएनए की लंबी श्रंखला पढ़ सकते हैं। इससे नतीजे और भी सटीक मिलते हैं और तो और यह तकनीक न सिर्फ तेज और सस्ती है, बल्कि इतनी कॉम्पैक्ट है कि इसे लैपटॉप से जोड़ा जा सकता है। इस तकनीक को आजमाने के लिए वैज्ञानिकों ने अप्रैल 2023 में फ्लोरिडा के वॉशिंगटन ओक्स गार्डन्स स्टेट पार्क में हवा के नमूने इकट्ठा किए। उन नमूनो में डीएनए का विश्लेषण करके बताया कि वहां एक जंगली बिल्ली (बॉबकैट), एक जहरीला सांप, चमगादड़, मच्छर, एक पक्षी (ऑस्प्रे), और अफ्रीकी, यूरा. पीय और एशियाई मूल के इंसान मौजूद थे। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने वहां इनमें से कोई जीव नहीं देखा था।

इसी तरह का एक अध्ययन आयरलैंड की राजधानी डबलिन की हवा के नमूने लेकर भी किया गया। यहां वैज्ञानिकों को इंसानों की ज्यादा विविध जेनेटिक जानकारी मिली। उन्हें 221 प्रकार के इंसानी वायरस और बैक्टीरिया के डीएनए मिले जो फ्लोरिडा के मुकाबले 7 गुना अधिक थे। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह तकनीक जंगलों और शहरों में जैव विविधता की निगरानी करने में काफी उपयोगी है। इसके अलावा, बाहरी और संकटग्रस्त प्रजातियों पर नजर रखने, बीमारियां फैलाने वाले वायरस या बैक्टीरिया की पहचान करने और बिना संपर्क के इंसानी उपस्थिति तथा वंश का अध्ययन करने में भी मददगार होगी। इससे किसी भी जगह पर मौजूद जीवन की एक पूरी तस्वीर सिर्फ हवा के विश्लेषण से मिल सकती है, लेकिन इसके साथ एक चिंता भी है। यदि वैज्ञानिक हवा से इंसानी डीएनए पहचान सकते हैं, तो इसका इस्तेमाल किसी व्यक्ति पर नजर रखने के लिए भी किया जा सकता है। हालांकि अब तक के अध्ययनों में सिर्फ सामान्य वंश की जानकारी मिली है, किसी व्यक्ति विशेष की नहीं। लेकिन भविष्य में यह तकनीक इतनी विकसित हो सकती है कि व्यक्ति विशेष की जानकारी भी दे सके। कानून विशेषज्ञ नताली राम का कहना है कि सरकारें या निजी कंपनियां इस तकनीक का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर निगरानी के लिए कर सकती हैं। एक प्राइवेट कंपनी तो ऐसे छोटे ई-डीएनए स्कैनर बना रही है जो चुपचाप किसी कमरे में वायरस या इंसानी डीएनए की निगरानी कर सकता है।

हालांकि, यह तकनीक है तो बहुत रोमांचक, लेकिन अभी इस पर कफी काम किया जाना बाकी है। उदाहरण के तौर पर, वैज्ञानिकों को फ्लोरिडा के समुद्री पानी में काऊपॉक्स वायरस के डीएनए के अंश मिले हैं, जबकि वहां ऐसा वायरस पाया ही नहीं जाता है। इससे यह सवाल उठता है कि कहीं इतने छोटे डीएनए अंश झूठी या भ्रामक जानकारी तो नहीं दे रहे? वैज्ञानिकों को ऐसे नतीजों को बहुत सोच-समझकर देखना चाहिए, क्योंकि सिर्फ डीएनए का मौजूद होना यह नहीं साबित करता कि वह जीव वास्तव में वहीं है या वह सक्रिय है।

**-स्रोत फीचर्स**



## बच्चों की सेहत पर जीर्ण रोग का नकारात्मक प्रभाव

मेक अमेरिका हेल्दी अगैन (महा - MAHA) आयोग ने हाल ही में अमरीकी बच्चों की सेहत को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में अमरीकी बच्चों में तेजी से बढ़ते जीर्ण रोगों पर चिंता व्यक्त की गई है। आयोग ने कहा है कि अमेरिका में बच्चों की सेहत पर सर्वाधिक असर अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खानपान, हवा, पानी व भोजन के जरिए रसायनों से संपर्क, सुस्त जीवन शैली, मोबाइल-लैपटॉप स्क्रीन पर बिताए गए समय और चिकित्सकीय हस्तक्षेप के अतिरेक का हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वास्थ्य सम्बंधी अधिकांश शोध फिलहाल कॉर्पोरेट प्रभाव में किया जा रहा है जिसे बदलने की जरूरत है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 2020 की आहार सम्बंधी सलाहकार समिति में 95 प्रतिशत सदस्यों के कॉर्पोरेट विश्व के साथ वित्तीय सम्बंध थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1970 के दशक के बाद बचपन में मोटापे की स्थिति में तीन गुना वृद्धि हुई है और आज साढ़े तीन लाख से ज्यादा बच्चे मधुमेह से पीड़ित हैं। तंत्रिका विकास सम्बंधी विकार बढ़ रहे हैं और हर 31 में से 1 बच्चा ऑटिज्म से प्रभावित है। वर्ष 2022 में हर 4 में से 1 किशोर लड़की में अवसाद की घटना हुई थी। आश्चर्यजनक खुलासा यह किया गया है कि फिलहाल किशोरों में मृत्यु का दूसरा सबसे बड़ा कारण खुदकुशी है। रिपोर्ट बताती है कि एलर्जी, आत्म-प्रतिरक्षा रोग वगैरह भी तेजी से बढ़े हैं। और तो और, रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि कम से कम 40 प्रतिशत अमरीकी बच्चे किसी-न-किसी एक जीर्ण तकलीफ से ग्रस्त हैं। देखा जाए तो शायद रिपोर्ट के कई निष्कर्ष गलत नहीं हैं, लेकिन विशेषज्ञों ने इसे लेकर कई सवाल भी उठाए हैं। मजेदार बात यह है कि महा रिपोर्ट महज 3 माह में तैयार कर ली गई है और यही आलोचना का प्रमुख बिंदु बना है। कई विशेषज्ञों का मत है कि रिपोर्ट एआई (कृत्रिम बुद्धि) द्वारा तैयार करवाई गई है। इसे लेकर कई अन्य प्रमाण भी प्रस्तुत किए गए हैं। बहरहाल, रिपोर्ट को लेकर अन्य दिक्कतें भी सामने आई हैं। जैसे एक संस्था नॉटअस द्वारा विश्लेषण पर पता चला कि इसमें कई ऐसे अध्ययनों का हवाला दिया गया है जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं है। कई मामलों में शोधकर्ताओं के नाम गलत दिए गए हैं, पूरा संदर्भ नहीं दिया गया है। कई शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि उनके जिस शोध पत्र का हवाला दिया गया है, वह अस्तित्व में ही नहीं है। कई मामलों में अध्ययनों के निष्कर्षों को गलत प्रस्तुत किया गया है। जैसे आईकान स्कूल ऑफ मेडिसिन की मरिआना फिगेरो के पर्चे को इस बात के प्रमाण के रूप में उद्धरित किया गया है कि स्क्रीन पर बिताया गया समय बच्चों की नींद में गड़बड़ी पैदा करता है, हालांकि यह अध्ययन कॉलेज के छात्रों पर किया गया था और इसमें नींद का मापन शामिल नहीं था। विशेषज्ञों का मत है कि ट्रम्प सरकार एक ओर तो विज्ञान में सर्वोच्च मानक स्थापित करने की बात कर रही है, वहीं ऐसे फर्जी संदर्भों, गलतबयानी वाली रिपोर्ट के आधार पर भविष्य की योजना बनाने की बात कर रही है।

# यहां हर कदम पर बिखरा पड़ा है सौंदर्य

**सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं और स्वर्ग जैसी जगह का अनुभव करना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।**



जम्मू और कश्मीर राज्य के गंदरबल जिले में स्थित सोनमर्ग जिसका अर्थ है सोने की घाटी एक सुरम्य पर्यटन स्थल है, जो प्राकृतिक सौंदर्य, शांत वातावरण और रोमांचक गति. विधियों का अनूठा संगम प्रस्तुत करता है। समुद्र तल से लगभग 2,800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह जगह गर्मियों के मौसम में हरे-भरे घास के मैदानों और जाड़ों में बर्फीले चादरों से ढकी होती है।

**प्राकृतिक सौंदर्य की अद्‌भुत झलक**

सोनमर्ग चारों ओर से बर्फ से ढकी ऊंची-ऊंची चोटियों, देवदार और चीड़ के घने जंगलों तथा कलकल बहती नदियों से घिरा हुआ है। यहां की सबसे प्रसिद्ध नदी है सिंध नदी, जो बर्फीले ग्लेशियरों से निकलती है और यहां के जीवन को जीवन्त बनाती है।

**प्रमुख आकर्षण स्थल**

1. **ठाजीवास ग्लेशियर**- यह सोनमर्ग से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित है और यहां का सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल है। पर्यटक यहां घोड़ों पर सवारी करके जाते हैं और बर्फ में खेलते हैं। गर्मियों में भी यहां बर्फ देखने को मिलती है।

2. **जोजिला पास**- यह दर्रा नगर को लेह-लद्दाख से जोड़ता है। साहसिक पर्यटकों के लिए यह स्थान बेहद रोमांचक है। यह रास्ता ऊंचा, घुमावदार और रोमांच से भरपूर होता है।

3. **बालटाल**- यह अमरनाथ यात्रा का प्रमुख पड़ाव है। सोनमर्ग से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित यह जगह अमरनाथ गुफा तक ट्रेकिंग के लिए जानी जाती है।

**रोमांच और गतिविधियां**

**ट्रेकिंग**- सोनमर्ग से कई खूबसूरत ट्रेक शुरू होते हैं, जैसे गंगाबल झील ट्रेक, किशनसर और विषनसर झील ट्रेक आदि।

**फिशिंग**- सिंध नदी ट्राउट मछली पकड़ने के लिए प्रसिद्ध है।

**कैम्पिंग**- घास के मैदानों में टेंट लगाकर रात बिताने का अनुभव बेहद खास होता है।

**प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग**

सोनमर्ग उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो भीड़भाड़ से दूर, शांतिपूर्ण वातावरण में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेना चाहते हैं। फूलों से ढके मैदान, नीले आसमान के नीचे बर्फ से चमकते पहाड़ और पंछियों की मधुर चहचहाहट यह सब किसी चित्रपटल जैसा लगता है।

**कैसे पहुंचें**- हवाई मार्ग- निकटतम हवाई अड्डा नगर (लगभग 80 किमी) है।

**सड़क मार्ग**- नगर से सोनमर्ग तक का सफर टैक्सी या बस से आसानी से किया जा सकता है। यात्रा के दौरान मनोहारी .श्य मन मोह लेते हैं।

**यात्रा का उपयुक्त समय**- मई से सितंबर तक का समय सोनमर्ग घूमने के लिए सबसे अच्छा होता है। सर्दियों में भारी बर्फबारी के कारण रास्ते बंद हो सकते हैं, पर बर्फ प्रेमियों के लिए यह भी एक अनोखा अनुभव हो सकता है।

सोनमर्ग प्रकृति की गोद में बसा ऐसा पर्यटन स्थल है, जहां हर कदम पर सौंदर्य बिखरा है। चाहे आप रोमांच की तलाश में हों या शांति की, सोनमर्ग आपके हर सपने को साकार करता है। अगर आप वादियों के संगीत को सुनना चाहते हैं, तो सोनमर्ग आपके इंतजार में है।

**...साभार प्रभा**

# अधिकतर जीवों के जीवन में अंधकार लाती आर्टिफिशियल लाइटस


इस बात के पर्याप्त प्रमाण हैं कि भारत और दुनिया भर में पक्षियों की प्रजातियां और पक्षियों की संख्या तेजी से कम हो रही है। मानव गतिविधि जनित जलवायु परिवर्तन के अलावा, प्रदूषण, कीटनाशकों का उपयोग, सिमटते प्राकृतवास और शिकार इनकी विलुप्ति का कारण है। और अब इस बारे में भी जागरूकता काफी बढ़ रही है कि रात के समय किया जाने वाला कृत्रिम उजाला पक्षियों की कई प्रजातियों का बड़ा हत्यारा है।

साइंटिफिक अमेरिकन में प्रकाशित अपने एक लेख में नॉर्थ कैरोलिना के जोशुआ सोकोल ने इस नाटकीय प्रभाव का वर्णन किया है। 2001 में हुए 9/11 हमले की याद में न्यूयॉर्क शहर में दो गगनचुंबी प्रकाश स्तम्भ, ट्रायब्यूट इन लाइट, स्थापित किए गए हैं और पक्षियों की आबादी पर इनका प्रभाव पड़ रहा है। 11 सितंबर की रात में जब यह दो प्रकाश स्तम्भ ऊपर आकाश तक जगमगाते हैं तो यह फुदकी warbler, समुद्री पक्षी seabird, कस्तूर thrush जैसे हजारों प्रवासी पक्षियों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इसके साथ ही शाहीन बाज peregrine falcons जैसे शिकारी पक्षी प्रवासी पक्षियों के इस भ्रम का फायदा उठाने और उन्हें चट करने को तत्पर होते हैं।

लेख के अनुसार, 20 मिनट के भीतर ट्रायब्यूट इन लाइट प्रकाश स्तम्भ के आधे किलोमीटर के दायरे में करीब 16,000 पक्षी इकट्ठे हो जाते हैं, साल में एक बार होने वाला यह आयोजन दस लाख से अधिक पक्षियों को एक जगह इकट्ठा कर देता है और जब चिंतित पर्यवेक्षक देखते हैं कि इसके चलते वहां बहुत सारे पक्षी जमा हो रहे हैं, तो आयोजक रोशनी कम कर देते हैं और अब, यहां मौसम विज्ञानियों द्वारा कुल वर्षा का अनुमान लगाने के लिए उपयोग की जाने वाली एक रडार-आधारित प्रणाली स्थापित है जिसका उपयोग 11 सितम्बर को पक्षियों की गिनती करने के लिए भी किया जाता है। साथ ही, पूरे साल के दौरान पूरे महाद्वीप में प्रवासी पक्षियों की आवाजाही का अनुमान लगाने के लिए भी। लेख के अनुसार, 11 सितम्बर का अध्ययन बताता है कि रात में शहरों की जगमगाती रोशनी का प्रवासी पक्षियों के उड़ान पथ पर क्या प्रभाव हो सकता है। समय के साथ ट्रायब्यूट इन लाइट की रोशनी से भटककर मंडराते हुए पक्षियों की ऊर्जा (शरीर की चर्बी) चुक जाती है, जिस कारण वे शिकारियों के आसान लक्ष्य बन जाते हैं और सबसे बुरी बात यह है कि वे पास की इमारतों की खिड़कियों से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं या मर सकते हैं। लेख कहता है कि यह अच्छी बात है कि यह अध्ययन जारी हैं, क्योंकि पक्षियों की घटती संख्या चिंताजनक है। अकेले उत्तरी अमेरिका में, 1970 के बाद से 2019 तक पक्षियों की संख्या में 3 अरब से अधिक की कमी आई है। भारत की बात करें तो वेदर चैनल Weather Channel नामक एक पोर्टल की रिपोर्ट है कि भारत की 867 पक्षी प्रजातियों में से 80 प्रतिशत प्रजातियों की संख्या में तेजी से गिरावट आई है और इनमें से 101 प्रजातियों पर विलुप्ति का खतरा मंडरा रहा है। यह नतीजे देशभर के 15,500 पक्षी निरीक्षकों द्वारा किए गए एक करोड़ से अधिक अवलोकनों के आधार पर दिए गए हैं। दुनियाभर में पक्षियों की कम होती संख्या और विविधता का गंभीर प्रभाव खाद्य सुरक्षा पर पड़ रहा है। पक्षियों से हमें मिलने वाला पहला लाभ (या यू कहें कि सेवा) है कीट नियंत्रण। अनुमान है कि पक्षीगण एक साल में तकरीबन 40-50 करोड़ टन कीट खा जाते हैं। शिकारियों के कुनबे में भी पक्षी महत्वपूर्ण हैं, वे शिकार कर चूहों जैसे कुतरने वाले जीवों की आबादी को नियंत्रित रखते हैं, लेकिन पक्षियों के लिए खेती में उपयोग किए जाने वाले कीटनाशकों का असर बाकी किसी भी कारक से अधिक नुकसानदायक होगा। कृषि के इतर भी पक्षी पौधों और शाकाहारियों, शिकार और शिकारियों का संतुलन बनाए रखते हैं, जिससे दलदल और घास के मैदान पनपते हैं और यह दलदल और घास के मैदान वे प्राकृतिक एजेंट हैं जो कार्बन भंडारण करते हैं, जलवायु को स्थिर रखते हैं, ऑक्सीजन देते हैं और प्रदूषकों को पोषक तत्वों में बदलते हैं। यदि पक्षी न होते तो इनमें से कई पारिस्थितिक तंत्र अस्तित्व में ही नहीं होते और हालांकि हम तितलियों और मधुमक्खियों को सबसे महत्वपूर्ण परागणकर्ता मानते हैं, लेकिन कई ऐसे पौधे हैं जिनका परागण पक्षियों द्वारा होता है। जिन फूलों में गंध नहीं होती और हमारे द्वारा भोजन या औषधि के रूप में उपयोग किए जाने वाले 5 प्रतिशत पौधों का परागण पक्षियों द्वारा होता है। इसके अलावा पक्षियों की बीज फैलाने में भी भूमिका होती है। जब पक्षी एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं, तो उनके द्वारा खाए गए बीज भी उनके साथ वहां पहुंच जाते हैं, जो मल त्याग से बाहर निकल वहां फैल जाते हैं। पक्षी नष्ट हो चुके पारिस्थितिकी तंत्र को फिर से जिलाते हैं (बीजों के माध्यम से), पौधों को समुद्र के पार भी ले जाते हैं और वहां के भूदृश्य को बदल सकते हैं। न्यूजीलैंड के एक करोड़ हैक्टर में फैले जंगल में से 70 प्रतिशत जंगल पक्षियों द्वारा फैलाए गए बीजों से उगा है।

दुनिया भर में संरक्षण के लिए काम करने वाली संस्था एनडेन्जर्ड स्पीशीज इंटरनेशनल का कहना है कि कुछ पक्षियों को मुख्य (कीस्टोन) प्रजाति माना जाता है क्योंकि पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी उपस्थिति (या अनुपस्थिति) अन्य प्रजातियों को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करती है। उदाहरण के लिए, कठफोड़वा पेड़ों में कोटर बनाते हैं जिनका उपयोग बाद में कई अन्य प्रजातियों द्वारा किया जाता है। डोडो के विलुप्त होने के बाद यह पता चला कि एक पेड़, जिसके फल डोडो का प्रमुख भोजन थे, के बीज डोडो के पाचन तंत्र से गुजरे बिना अंकुरित होने में असमर्थ थे . डोडो का पाचन तंत्र बीज के आवरण को गला देता था और अंकुरण को संभव बनाता था। पक्षी जो दूसरी भूमिका निभाते हैं वह है सफाई का काम। यह तो हम जानते हैं कि गिद्ध एक घंटे के भीतर मृत जानवर तक पहुंच जाते हैं और फिर उसके पूरे शरीर और सभी अवशेषों का निपटान कर देते हैं। यही कार्य यदि जंगली कुत्तों या चूहों पर छोड़ दिया जाए तो शव या अवशेष के निपटान में कई दिन लग सकते हैं, जिससे सड़न और बीमारी फैल सकती है। बर्डलाइफ इंटरनेशनल पोर्टल का अनुमान है कि भारत में गिद्धों की संख्या में गिरावट के कारण जंगली कुत्तों की आबादी 55 लाख तक बढ़ गई है, जिसके कारण रेबीज के मामले बढ़ गए हैं और 47,300 लोगों की मौत हो गई है। पारिस्थितिकी को बनाए रखने में इतनी सारी भूमिकाएं होने के साथ ही पक्षी इस तरह अनुकूलित हैं कि वे लंबा प्रवास कर अपने माकूल स्थानों पर जाते हैं। इस तरह, ठंडे उत्तरी ध्रुव के अरबों पक्षी सर्दियों के लिए दक्षिण की ओर प्रवास करते हैं और फिर मौसम बदलने पर वापस घर की ओर उड़ जाते हैं और हालांकि इस प्रवासन की अपनी कीमत और मृत्यु की आशंका होती है, लेकिन यह पैटर्न प्रजनन मौसम में फिट बैठता है और संख्या बरकरार रहती है, लेकिन रात के समय पक्षियों के उड़ान पथ पर चमकीली रोशनियां और जगमगाते शहर पक्षियों के दिशाज्ञान को प्रभावित करते हैं और भ्रम पैदा करते हैं। इसके चलते ऊर्जा की बर्बादी होती है, भिड़ंत होती है और समूह टूटता है और शिकारियों के मजे होते हैं। रात के समय दूर के शहर से आने वाली रोशनी भी आकाशगंगा की रोशनी का भ्रम दे सकती है और पक्षियों के दिशा बोध को बिगाड़ सकती है। पक्षियों में चमकदार रोशनी के प्रति जो रहस्यमई आकर्षण होता है, वह पक्षियों को तेज रोशनी वाली खिड़की के शीशों की ओर जाने को उकसाता है। यह कोई हालिया घटना नहीं है। वर्ष 1880 में, साइंटफिक अमेरिकन ने अपने एक लेख में बताया था कि रात की रोशनी में पक्षी उलझ जाते थे। लाइटहाउस के प्रकाश का पक्षियों पर प्रभाव जानने के उद्देश्य से हुए एक अध्ययन में सामने आया था कि इससे दस लाख से अधिक पक्षी प्रभावित हुए और इसके चलते ढेरों पक्षी मारे गए। न्यूयॉर्क में ट्रायब्यूट इन लाइट का अनुभव नाटकीय रूप से उस क्षति की विकरालता को सामने लाता है जो रात की प्रकाश व्यवस्था से पक्षियों की आबादी को होती है। साइंटिफिक अमेरिकन का एक लेख बताता है कि अब रात के समय अत्यधिक तीव्र प्रकाश वाले क्षेत्रों के मानचित्र बनाने के लिए उपग्रह इमेजिंग का, और पक्षियों व उनकी संख्या को ट्रैक करने के लिए रडार का उपयोग नियमित रूप से किया जाता है। इस तरह, अमेरिका में उन शहरों की पहचान की जा रही है जिनकी रोशनी का स्तर प्रवासी पक्षियों को प्रभावित करने की सबसे अधिक संभावना रखता है। इसके अलावा बर्डकास्ट नामक एक कार्यक्रम महाद्वीप-स्तर पर मौसम और रडार डैटा को एक साथ रखता है और मशीन लर्निंग का उपयोग करके ठीक उन रातों का पूर्वानुमान लगाता है जब लाखों प्रवासी पक्षी अमेरिकी शहरों के ऊपर से उड़ेंगे। यह जानकारी पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूक समूहों को उनके उड़ान पथ में पड़ने वाले शहरों से प्रकाश तीव्रता नियंत्रित करने वगैरह की पैरवी करने में सक्षम बनाती है। उनके ए प्रयास प्रभावी भी रहे हैं न्यूयॉर्क शहर ने एक अध्यादेश पारित किया है जिसके तहत प्रवासन के मौसम में इमारतों को रोशनी बंद करनी होती है।

**-साभार**



बीकानेर। ठंडी और धुंध भरी सर्दियों की सुबह ऊंट गाड़ी पर सवार व्यक्ति।

## दीर्घावधि से नियोजित गतिविधियों के लिए नोराड के विमान ग्रीनलैंड पहुंचेंगे

**ओटावा।** उत्तर अमेरिका एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (नोराड) ने सोमवार को कहा कि उसके विमान जल्द ही ग्रीनलैंड के पिटुफिक स्पेस बेस पहुंचेंगे। यह तैनाती 'दीर्घावधि से नियोजित नोराड गतिविधियों' की एक शृंखला का हिस्सा है। नोराड ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर जानकारी दी है कि ये विमान अमेरिका और कनाडा के महाद्वीपीय अड्डों से संचालित होने वाले अन्य संसाधनों के साथ जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि ये गतिविधियां अमेरिका, कनाडा और डेनमार्क साम्राज्य के बीच 'स्थाई रक्षा सहयोग' को और मजबूती प्रदान करती हैं।

## हूती अदालत ने जासूसी के आरोप मौत की सजा को रखा बरकरार

**सना।** हूती समूह द्वारा संचालित राजधानी सना स्थित एक अदालत ने सोमवार को जासूसी के आरोप में दोषी ठहराए गए नौ यमनियों की मौत की सजा को बरकरार रखा। हूती-संचालित अल-मसीरा टीवी ने यह जानकारी दी। चैनल ने बताया कि अदालत ने नौ आरोपियों के खिलाफ मूल फैसले को बरकरार रखा है, जिन पर हूती समूह अमेरिका, इजरायल और सऊदी अरब सहित विदेशी देशों के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया गया है। चैनल ने यह भी बताया कि इनमें से आठ आरोपी हिरासत में हैं और एक फरार है। रिपोर्ट के अनुसार, अदालत ने एक व्यापक जासूसी मामले में सजा को पलट दिया या कम कर दिया, लेकिन इन नौ आरोपियों की मौत की सजा को अपरिवर्तित रखा।

# पाक बनने का मकसद पूरा होने वाला है: आसिम मुनीर

## आर्मी चीफ का दावा: इस्लामी देशों के बीच पाक का खास दर्जा, इसकी अहमियत अब और बढ़ेगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने दावा किया कि इस्लाम के नाम पर बने पाकिस्तान का असली मकसद पूरा होने वाला है। उन्होंने ये बात रविवार को लाहौर में पाकिस्तानी अखबार द न्यूज इंटरनेशनल से कही। आसिम मुनीर यहां पूर्व पीएम शहबाज शरीफ के नाती जुनैद सफदर के वलीमा (रिसेप्शन) में शामिल होने आए थे।

इसमें प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, नवाज शरीफ, मरियम नवाज, कई सीनियर नेता, मंत्री और सैन्य अधिकारी मौजूद थे। इस बातचीत में आसिम मुनीर ने कहा कि अल्लाह ने पाकिस्तान को एक ऐतिहासिक मौका दिया है, ताकि वो अपने बनने का मकसद हासिल कर सके और देश तेजी से उसी तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर बना था और आज उसे इस्लामिक देशों के बीच एक खास दर्जा हासिल है। अब इसकी अहमियत और ज्यादा बढ़ेगी। आसिम मुनीर रविवार को नवाज शरीफ के नाती जुनैद सफदर के रिसेप्शन में शामिल होने लाहौर पहुंचे थे। आसिम मुनीर ने दावा किया कि दुनिया में पाकिस्तान की स्थिति

■ दुनिया में पाकिस्तान की स्थिति और उसकी आर्थिक हालत में काफी सुधार हुआ है: मुनीर



और उसकी आर्थिक हालत में काफी सुधार हुआ है। जब उनसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिल रही पहचान को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा कि अगर उन्हें व्यक्तिगत रूप से कोई सराहना मिल रही है, तो वह भी अल्लाह की मेहरबानी है। उन्होंने कहा कि असल में यह पाकिस्तान को मिली पहचान है, किसी एक इंसान को नहीं। उनके इस बयान को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से हुई मुलाकातों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आसिम मुनीर और शहबाज शरीफ ने ट्रम्प को पाकिस्तान में दुर्लभ खनिजों और कच्चे तेल के रिसोर्स का भरोसा भी दिलाया, जिनकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। आसिम मुनीर ने अप्रैल 2025 में इस्लामाबाद में हुए ओवरसीज पाकिस्तानियों के सम्मेलन में कहा था कि टू नेशन थ्योरी ही पाकिस्तान की बुनियाद है। उन्होंने कहा था कि मुसलमानों और हिंदुओं के बीच बुनियादी फर्क है और दोनों एक नहीं, बल्कि अलग-अलग राष्ट्र हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान की नींव कलमा पर टिकी है और इस सोच को आगे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना जरूरी है। आसिम मुनीर अपने भाषणों में इस्लामिक विचारधारा, टू नेशन थ्योरी और भारत के खिलाफ बयानबाजी पर जोर देते रहे हैं। जनरल मुनीर ने पिछले साल अप्रैल में इस्लामाबाद में पहले ओवरसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में कश्मीर और टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया था। आसिम मुनीर अपने पहले के सेना प्रमुखों से काफी अलग माने जाते हैं। पहले के ज्यादातर सेना प्रमुख पश्चिमी सैन्य संस्थानों में प्रशिक्षित पेशेवर सैनिक थे, जो धर्म और राजनीति से दूरी बनाए रखते थे।

# यूएस में ट्रम्प के खिलाफ बगावत के सुर तेज

## कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजाम की यूरोप को सलाह: ट्रम्प की टैरिफ पर धमकियों का सख्ती से करें सामना




■ ग्रीनलैंड विवाद में ट्रम्प के रुख के खिलाफ यूरोप को मजबूत प्रतिक्रिया देने को कहा है

■ डोनाल्ड ट्रम्प संकेत भी दे चुके हैं कि अमेरिका वहां अपनी भूमिका बढ़ाना चाहता है

**कैलिफोर्निया।** दुनियाभर में इन दिनों कई देशों के खिलाफ अमेरिक के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आक्रमक रवैया चिंता का विषय बनता जा रहा है। चाहे वो, वेनेजुएला पर कार्रवाई कर वहां के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी हो, ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात, या फिर उनके इस काम में साथ ना देने वाले देशों के खिलाफ भर-भर के टैरिफ लगाने की धमकी।

इन सभी कारणों से ट्रम्प ने वैश्विक राजनीति में हलचल तेज कर दी है। हालांकि अब ऐसा लग रहा है कि ट्रम्प के खिलाफ खुद उनके घर अमेरिका में ही बगावत शुरू हो गया है। इसका बड़ा कारण यह है कि टैरिफ धमकियों के खिलाफ अब कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूजाम ने ट्रम्प को दो टूक चेतावनी देते हुए यूरोपियन देशों को अहम संदेश दिया है। गैविन न्यूजाम ने यूरोपीय देशों से कहा है कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों के सामने कमजोर नहीं दिखना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से ग्रीनलैंड विवाद में ट्रम्प के रुख के खिलाफ यूरोप को मजबूत प्रतिक्रिया देने को कहा है। बता दें कि कैलिफोर्निया के गवर्नर का यह बयान स्विट्जरलैंड के दावोस में चल रहे वर्ल्ड इकोनामिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के दौरान आया। जहां अमेरिका की आंतरिक राजनीति और वैश्विक व्यापार तनाव भी खुलकर सामने आ गए। न्यूजाम ने चेतावनी दी कि अगर यूरोपीय नेता ट्रम्प के टैरिफ और व्यापार दबाव के खिलाफ दृढ़ न होकर पीछे हटेंगे तो यह उनके पक्ष में नहीं होगा। इस दौरान न्यूजाम ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों को लेकर यूरोप की प्रतिक्रिया पर कड़ी नाराजगी भी जताई। उनका कहना था कि ट्रम्प ग्रीनलैंड मुद्दे पर यूरोप पर दबाव बना रहे हैं। टैरिफ (आयात शुल्क) की धमकी देकर देशों को झुकाना चाहते हैं। ऐसे में यूरोप को डरकर पीछे नहीं हटना चाहिए। बता दें कि ग्रीनलैंड डेनमार्क का हिस्सा है, जो कि आर्कटिक क्षेत्र में स्थित है। देखा जाए तो ग्रीनलैंड रणनीतिक और सुरक्षा के लिहाज से बेहद अहम माना जाता है। ऐसे में ट्रम्प पहले भी ग्रीनलैंड को लेकर सख्त बयान दे चुके हैं। संकेत भी दे चुके हैं कि अमेरिका वहां अपनी भूमिका बढ़ाना चाहता है। इसी मुद्दे पर ट्रम्प ने टैरिफ की धमकी देकर यूरोप पर दबाव बनाया। खासकर उन देशों पर, जो उनके रुख से सहमत नहीं हैं। इसी बीच यूरोपीय संघ की शीर्ष अधिकारी ने भी ट्रम्प को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड को लेकर टैरिफ की धमकी देना चिंताजनक है। इससे यह सवाल उठता है कि क्या ट्रम्प पर भरोसा किया जा सकता है? ऐसे में यूरोपीय संघ का मानना है कि व्यापारिक दबाव का इस्तेमाल राजनीतिक फैसलों के लिए करना गलत है। इससे अमेरिका और यूरोप के रिश्तों में दरार बढ़ सकती है। गौरतलब है कि अमेरिका के भीतर से ही ट्रम्प की नीतियों पर सवाल उठ रहे हैं। कैलिफोर्निया जैसे बड़े राज्य के गवर्नर ने खुलकर विरोध किया। इसको लेकर यूरोप पर दबाव की राजनीति अब वैश्विक मंच पर विवाद बन चुकी है। ग्रीनलैंड मुद्दा सिर्फ ज़मीन का नहीं, भू-राजनीति और ताकत की लड़ाई बन गया है।

### बढ़े टैरिफ के बीच नए साझेदारों की तलाश में पोलैंड

**नई दिल्ली।** पोलैंड के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की ने कहा है कि बढ़ते वैश्विक टैरिफ के चलते पोलैंड नए व्यापारिक साझेदारों की तलाश कर रहा है और इस दिशा में भारत ने सहयोग के लिए तत्परता दिखाई है।

भारत दौरे के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने मुक्त और नियम-आधारित वैश्विक व्यापार की जरूरत पर जोर दिया। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सिकोरस्की ने कहा जब दुनिया के कुछ हिस्सों से हमें बढ़े हुए टैरिफ का सामना करना पड़ता है, तब हम नए व्यापारिक साझेदार तलाशते हैं। भारत ने हमारे साथ जुड़ने की इच्छा दिखाई है। हमें दुनिया को यह दिखाना होगा कि आज भी कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जो मुक्त व्यापार में विश्वास रखते हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अमेरिका और यूरोपीय संघ के बीच

■ उप-प्रधानमंत्री बोले: भारत से सहयोग को तैयार

हुए एक व्यापार समझौते के तहत अधिकांश यूरोपीय संघ उत्पादों पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया गया था। पोलैंड, जो यूरोपीय संघ का सदस्य है, इस फैसले से प्रभावित हुआ है।

ऐसे में भारत जैसे उभरते बाजार पोलैंड के लिए अहम साझेदार बनकर सामने आ रहे हैं। सिकोरस्की ने भारत और यूरोपीय संघ के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता को लेकर भी सकारात्मक रुख जताया। उन्होंने कहा कि भारत और ईयू के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि कुछ उद्योग संवेदनशील जरूर हैं, लेकिन भारत और यूरोपीय संघ के कृषि क्षेत्र काफी हद तक एक-दूसरे के अनुकूल हैं।

## मंत्री मरियम औरंगजेब का बदला रूप देखकर लोग हैरान

**लाहौर।** पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी पीएमएल-एन की सीनियर नेता मरियम औरंगजेब इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। वजह है लाहौर में हुई शादी में उनका बदला हुआ लुक। यह शादी पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के नाती और मरियम नवाज के बेटे जुनैद सफदर की थी। मरियम औरंगजेब यहां मेहमान के तौर पर शामिल हुई थीं। जुनैद सफदर की शादी शंजे अली रोहैल से लाहौर में धूमधाम से हुई थी। हालांकि, शादी से ज्यादा चर्चा मरियम औरंगजेब की तस्वीरों को लेकर हुई। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में मरियम औरंगजेब पहले के मुकाबले ज्यादा स्लिम, शार्प फेस फीचर्स और बदले हुए लुक में नजर आईं। कई यूजर्स ने उनके ग्लो और फिटनेस की तारीफ की। कई लोगों उनके लुक में आए बदलाव को लेकर सवाल भी उठाए। यूजर्स ने यह अटकलें भी लगाईं कि मरियम औरंगजेब ने कास्मेटिक सर्जरी करवाई हो सकती है। कास्मेटिक सर्जरी एक मेडिकल प्रक्रिया होती है, जिसमें किसी व्यक्ति के चेहरे या शरीर की बनावट और दिखावट को बेहतर या बदलने के लिए इलाज किया जाता है। इसका मकसद बीमारी का इलाज नहीं, बल्कि लुक में बदलाव या सुधार करना होता है।

# ट्रम्प हिंद महासागर के द्वीप को लेकर ब्रिटेन से नाराज

■ कहा: डिएगो गार्सिया आइलैंड मारिशस को देना बेवकूफी, यहां हमारा अहम मिलिट्री बेस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया आइलैंड को लेकर ब्रिटेन पर नाराजगी जताई है। उन्होंने मंगलवार को ट्रुथ सोशल पर कहा कि ब्रिटेन यह द्वीप मारीशस को देने की योजना बना रहा है, जबकि यहां अमेरिका का एक बेहद अहम मिलिट्री बेस है। इस द्वीप को बिना किसी वजह के देना हैरान करने वाला और गलत फैसला है। ट्रम्प ने कहा कि-हैरानी की बात है कि हमारा शानदार नाटो सहयोगी ब्रिटेन इस समय डिएगो गार्सिया द्वीप मारीशस को सौंपने की योजना बना रहा है। वो भी बिना किसी कारण के। इसमें कोई शक नहीं है कि चीन और रूस ने इस घोर कमजोरी को भांप लिया है।

उन्होंने आगे लिखा कि ये देश सिर्फ ताकत को समझते हैं और इसी वजह से उनकी लीडरशिप में अमेरिका को एक साल में पहले से कहीं ज्यादा सम्मान मिला है। ट्रम्प ने कहा कि इतना अहम इलाका सौंपना बहुत बड़ी बेवकूफी है। यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों में से एक है, जिसके चलते अमेरिका के लिए ग्रीनलैंड हासिल करना जरूरी हो जाता है। ट्रम्प जिस डिएगो गार्सिया आइलैंड की बात कर रहे हैं दरअसल वो चागोस आइलैंड का हिस्सा है। चागोस आइलैंड हिंद महासागर में मौजूद आइलैंडों का एक समूह है। यह ब्रिटेन से करीब 9334 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व और मारीशस से लगभग 2012 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है। साल 1814 में नेपोलियन की हार के बाद पेरिस संधि के तहत चागोस आइलैंड और मारीशस ब्रिटेन के कब्जे में आए थे।

1965 में इन आइलैंडों को 'ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र' बनाया गया और मारीशस से अलग कर दिया गया। मारीशस को 1968 में आजादी मिली थी। उस समय यह तय हुआ था कि जब ये आइलैंड ब्रिटेन की रक्षा के लिए जरूरी नहीं रहेंगे, तब इन्हें मारीशस को लौटा दिया जाएगा। सबसे बड़े आइलैंड डिएगो गार्सिया पर ब्रिटेन और अमेरिका का संयुक्त सैन्य अड्डा बनाया गया। वहां रहने वाले लोगों को मारीशस और सेशेल्स में बसाया गया और कुछ लोगों को 2002 में ब्रिटेन लाया गया। मारीशस 1980 के दशक से इन आइलैंड्स पर अपना अधिकार मांगता रहा है और उसने यह मामला अंतर्राष्ट्रीय अदालतों में उठाया।

# किम जोंग ने मंच से डिप्टी पीएम को किया बर्खास्त

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने डिप्टी पीएम यांग सुंग-हो को बर्खास्त कर दिया है। कोरियाई न्यूज एजेंसी केसीएनए के मुताबिक किम जोंग उन योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स में सोमवार को इंडस्ट्रियल प्रोजेक्ट के पहले चरण के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। किम ने अपने संबोधन के दौरान यांग सोंग-हो को हटाने का आदेश दिया।

किम ने डिप्टी पीएम को फटकार भी लगाई। किम ने मंच से ही डिप्टी पीएम से कहा कि बहुत देर होने से पहले, अपने पैरों पर खुद यहां से चले जाओ। किम ने कहा कि यांग बड़ी जिम्मेदारियां संभालने के लायक नहीं हैं। किम ने कहा कि एक बकरी गाड़ी नहीं खींच सकती। यह हमारे कैडर अपाइंटमेंट सिस्टम में हुई एक गलती थी। आखिरकार, गाड़ी बैल खींचता है, बकरी नहीं। उत्तर



■ कहा: बैल गाड़ी खींच सकती है, बकरी नहीं, तुम्हें जिम्मेदारी देना मेरी गलती थी

कोरियाई नेता किम जोंग-उन अपनी टीम के साथ 'योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स' पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कामकाज का जायजा लिया। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन अपनी टीम के साथ 'योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स' पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कामकाज का जायजा लिया। किम जोंग उन ने कहा कि उन्होंने यांग को योंगसोंग मशीन काम्प्लेक्स के पहले चरण के आधुनिकीकरण में हुई गंभीर गलतियों को सुधारने के लिए कई बार मौका दिया था। इसके बावजूद काम में कोई सुधार नहीं हुआ। किम ने यह भी स्पष्ट किया कि यांग को पद से हटाना जरूरी था, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि उन्हें 'पार्टी-विरोधी' माना जाए। किम के मुताबिक, यांग ने पार्टी की केंद्रीय समिति को ऐसे सुझाव दिए जो न तो व्यावहारिक थे और न ही सच्चाई पर आधारित थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यांग ने अपने फायदे के लिए पार्टी को गुमराह करने की कोशिश की, यहां तक कि पिछले महीने हुई पार्टी की अहम बैठक में भी। उन्होंने बताया कि इन सबके बावजूद उन्होंने यांग को एक और मौका दिया।

## घायल सैनिकों को नहीं बचा पा रहा यूक्रेन


**मॉस्को।** यूक्रेन की सेना रूस के खिलाफ चल रहे युद्ध में अपने घायल सैनिकों को समय पर बचाने में असफल हो रही है, जिसकी वजह से कई सैनिक बिना इलाज के मर रहे हैं। रूस के कब्जे में मौजूद यूक्रेन के युद्धबंदी एलेक्जेंडर सोतनिवोक ने रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी वीडियो में यह दावा किया है। सोतनिवोक ने सोमवार को जारी एक वीडियो में कहा कि घायलों को लड़ाई वाले क्षेत्रों से निकालने में एक बड़ी समस्या आ रही है। अगर कोई सैनिक घायलों को ले जाने वाले ट्रक तक नहीं पहुंच पा रहा, तो उसका मरना तय है। यूक्रेनी सेना घायलों को तभी निकाल रही है, जब वह एक खास जगह पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिमित्रोव की ओर पांच-दिन की यात्रा के दौरान उन्होंने कई मृतकों को देखा।

# नार्वे के पीएम बोले: नोबेल पुरस्कार से हमारा लेना-देना नहीं

## ट्रम्प ने गाहर स्टोर को नोबेल नहीं मिलने को लेकर एक शिकायती चिट्ठी लिखी थी

**वाशिंगटन।** नार्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोर ने ट्रम्प का लेटर मिलने की पुष्टि की। इसके बाद बयान जारी कर उन्होंने साफ किया कि नोबेल शांति पुरस्कार नार्वे सरकार नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र नोबेल कमेटी देती है। सरकार का इससे कोई लेना-देना नहीं है।

दरअसल, ट्रम्प ने गाहर स्टोर को नोबेल नहीं मिलने को लेकर एक शिकायती चिट्ठी लिखी थी। इसमें उन्होंने ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाने की बात कही थी। ट्रम्प ने सोमवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वो अब नोबेल के बारे में नहीं सोचते। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि अगर किसी को लगता है कि नार्वे नोबेल प्राइज को कंट्रोल नहीं करता है, तो यह मजाक है। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि नार्वे क्या कहा रहा है। मैं बस लोगों की जिंदगी बचाने के बारे में सोचता हूं। मुझे लगता है मैंने लाखों लोगों की जान बचाई है। वहीं गाहर स्टोर ने ग्रीनलैंड पर ट्रम्प के दावे को लेकर कहा कि यह डेनमार्क के राज्य का



■ ट्रम्प ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वो अब नोबेल के बारे में नहीं सोचते

हिस्सा है और नार्वे डेनमार्क का पूरा समर्थन करता है। साथ ही, उन्होंने कहा कि नाटो को आर्कटिक क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता मजबूत करने के लिए जिम्मेदारी से कदम उठाने चाहिए। ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प ने कहा कि डेनमार्क इसकी रक्षा नहीं कर सकता। हम इसके बारे में काफी लोगों से बात कर रहे हैं। ग्रीनलैंड हमारे लिए काफी जरूरी है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए बताया कि उन्होंने नाटो के महासचिव मार्क रुट से ग्रीनलैंड को लेकर बातचीत की है। उन्होंने बताया कि मैंने स्विट्जरलैंड के दावोस में विभिन्न पक्षों की बैठक के लिए सहमति दी है। मैंने सभी को बताया, ग्रीनलैंड राष्ट्रीय और विश्व सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। अब पीछे हटने का कोई रास्ता नहीं है, इस बात से सभी सहमत हैं। डेनमार्क उस जमीन (ग्रीनलैंड) को रूस या चीन से बचा नहीं सकता। फिर सवाल यह है कि उनका उस पर मालिकाना हक आखिर क्यों है? ऐसा कोई लिखित दस्तावेज नहीं है। बस इतना है कि सैकड़ों साल पहले वहां उनकी एक नाव पहुंची थी, लेकिन हमारी नावें भी वहां पहुंची थीं। ट्रम्प ने आगे लिखा कि नाटो की स्थापना के बाद से उन्होंने किसी से भी ज्यादा नाटो के लिए काम किया है। अब नाटो को भी अमेरिका के लिए कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया तब तक सुरक्षित नहीं है, जब तक ग्रीनलैंड पर अमेरिका का पूरा कब्जा नहीं हो जाता।

# अमेरिका में 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकराईं

## बर्फीले तूफान की वजह से हादसा, 30 से ज्यादा ट्रक फंसे

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन राज्य में बर्फीले तूफान की वजह से बड़ा सड़क हादसा हुआ है। सोमवार को एक इंटरस्टेट हाईवे पर 100 से ज्यादा गाड़ियां आपस में टकरा गईं। कई गाड़ियां सड़क से फिसल गईं। 30 से ज्यादा सेमी-ट्रेलर ट्रक फंसे हुए हैं। हादसे के बाद पुलिस को हाईवे के दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद करना पड़ा।

यह दुर्घटना मिशिगन के ग्रैंड रैपिड्स शहर के दक्षिण-पश्चिम में इंटरस्टेट 196 पर हुई। मिशिगन स्टेट पुलिस के मुताबिक, हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन अब तक किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने बताया कि फंसे हुए वाहनों को हटाने के लिए राहत और बचाव



■ हादसे के बाद पुलिस को हाईवे के दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद करना पड़ा

कार्य शुरू कर दिया गया। लोगों ने बताया कि बर्फीली हवा के चलते आगे चल रही गाड़ियां भी मुश्किल से दिख रही थीं। एक पिकअप ड्राइवर ने बताया कहा कि वह 20 से 25 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गाड़ी चला रहे थे और किसी तरह अपना वाहन ट्रक रोक पाए। उन्होंने कहा पीछे से लगातार टकराने की आवाजें आ रही थीं। आगे तो दिख रहा था, लेकिन पीछे क्या हो रहा है, यह साफ नजर नहीं आ रहा था। हालात काफी डरावने थे। मिशिगन के ओटावा काउंटी शेरिफ आफिस ने बताया कि इलाके में कई जगह दुर्घटनाएं हुईं और कई ट्रक जैकनाइफ हो गए। कई कारें सड़क से फिसलकर बाहर चली गईं। फंसे हुए यात्रियों को बसों के जरिए हडसनविल हाई स्कूल ले जाया गया, जहां वे मदद के लिए काल कर सके या अपने घर जाने की व्यवस्था कर सके। अधिकारियों का कहना है कि सफाई और वाहनों को हटाने का काम पूरा होने तक सड़क कई घंटों तक बंद रह सकती है। प्रशासन ने चेतावनी दी कि क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने और जमी हुई सड़क का ट्रीटमेंट करने में कई घंटे लग सकते हैं, इस दौरान इंटरस्टेट-196 बंद रहेगी। अमेरिका के कई राज्य इन दिनों बर्फीले तूफान का सामना कर रहे हैं। नेशनल वेदर सर्विस ने चेतावनी जारी की है कि उत्तरी मिनेसोटा से लेकर विस्कान्सिन, इंडियाना, ओहायो, पेंसिल्वेनिया और न्यूयार्क तक बेहद ठंडा मौसम या बर्फीले तूफान की स्थिति बन सकती है। मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक नार्थ-सेंट्रल फ्लोरिडा और साउथईस्ट जार्जिया में तापमान जीरो डिग्री तक गिर सकता है।

## चिली में भयावह आग: कुछ क्षेत्रों में 'आपदा की स्थिति' घोषित

**सैंटियागो।** चिली ने दक्षिणी नुब्ले और बायोबियो क्षेत्रों में विनाशकारी आग लगने के कारण 'आपदा की स्थिति' घोषित की है। इन क्षेत्रों में जंगल की भीषण आग लगातार तीसरे दिन भी जारी है, जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो चुकी है और पूरे के पूरे कस्बे तबाह हो गए हैं। इस आपदा के कारण हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर भागने पर मजबूर होना पड़ा है। राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने इस भीषण आपदा की गंभीरता को देखते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इस फैसले की घोषणा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि लगातार जारी भीषण आग को देखते हुए, मैंने इन दोनों क्षेत्रों में 'आपदा की स्थिति' घोषित करने का निर्णय लिया है।

